# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 20 जून 2025



13 शुभ मन से नए युग का आगाज आज...





विचार पेज

06 युद्ध खत्म कराने का संकल्प न ले सके



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### दो विमानों की करानी पड़ी आपात लैंडिंग



**नई दिल्ली।** दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई 2006 तकनीकी खराबी के कारण गुरुवार सुबह वापस दिल्ली लौट आई। फ्लाइट में क्रू मेंबर्स सहित 180 लोग सवार थे। इसके अलावा स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी 2696 भी उड़ान भरने के 10 मिनट बाद वापस लौट गई। ये फ्लाइट हैदराबाद से तिरुपति जा रही थी। फ्लाइट में कुल 80 यात्री सवार थे।

### विमान में कोई खराबी नहीं थी: सीईओ



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का अच्छी तरह से रखरखाव किया गया था। विमान की आखिरी बार गहन जांच जून 2023 में की गई थी और अगली जांच दिसंबर 2025 में होनी थी। इसके दोनों इंजनों की जांच मार्च और अप्रैल 25 में की गई थी।

### लाड़ली बहनों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की बड़ी घोषणा

# दीवाली से लाड़लियों को 1500 रु. 2028 तक 3 हजार प्रतिमाह करेंगे

### डॉ. यादव ने कहा कि अगले माह रक्षाबंधन पर्व पर लाड़ली बहनों को शगुन के रूप में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी




### वर-वधू का 'सिकल सेल जेनेटिक कार्ड' भी मिलाएं : सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▸▸भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को घोषणा की कि लाड़ली बहना योजना के तहत इस साल की दीवाली से हर माह 15 सौ रुपए की राशि हर माह दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह भाजपा का संकल्प है। इसे डंके की चोट पर पूरा किया जाएगा। योजना की राशि को 2028 तक बढ़ा कर 3 हजार रुपए प्रति माह कर दिया जाएगा।

डॉ. यादव विश्व सिकल सेल दिवस पर बड़वानी के ग्राम तलून में आयोजित कार्यक्रम को इंदौर कलेक्टोरेट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व पर लाड़ली बहनों को शगुन के रूप में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि दी जाएगी। डॉ. यादव ने खरगोन जिले में नए मेडिकल कॉलेज खोलने की भी घोषणा की। इससे संपूर्ण निमाड़ अंचल को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रदेश की जनता ▸▸ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री ने खरगोन में की मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा

सिकल सेल उन्मूलन, सबके साथ, प्रयास से होगा : राज्यपाल पटेल

### मौसम खराब होने के कारण सीएम डॉ. यादव नहीं पहुंच सके बड़वानी



*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रदेश की जनता के नाम संदेश और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों पर आधारित अभिनंदन-पत्र का उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा वाचन किया गया*

### मौसम खराब होने के कारण नहीं उड़ सका हेलीकाप्टर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने बड़वानी के ग्राम तलून जाना था। अचानक मौसम खराब होने के कारण मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर इंदौर से नहीं उड़ पाया। लिहाजा, मुख्यमंत्री इंदौर कलेक्टोरेट पहुंचे और यहीं से बड़वानी के कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ▸▸ शेष पेज 4 पर

### इस बीमारी का पता जितनी जल्दी चलेगा उतना ही इसे नियंत्रण में रख सकेंगे : सीएम

डॉ. यादव ने कहा कि हमारे समाज में शादी से पहले कुंडली मिलान की परंपरा है। अब समय आ गया है कि कुंडली के साथ हम वर-वधू का 'सिकल सेल जेनेटिक कार्ड' भी मिलाएं। इस बीमारी का पता जितनी जल्दी चल जाए इसे नियंत्रण में रखने और रोगी को स्वस्थ रखने की संभावना उतनी ही अधिक होती है। प्रदेश का जनजातीय समाज बड़ी संख्या में इस बीमारी से प्रभावित है। वर्ष 2047 तक ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सिकल सेल उन्मूलन में सबकी भागीदारी जरूरी : राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल के संपूर्ण उन्मूलन के लिए हम सबकी सक्रिय सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। सबके विश्वास, साथ और प्रयासों से ही रोग का उन्मूलन होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में जनजाति कल्याण का स्वर्ण युग चल रहा है। सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत प्रदेश सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। राज्यपाल ने सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों के लिए राज्य सरकार की पूरी टीम को बधाई दी। राज्यपाल पटेल ने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए जागरूकता सर्वाधिक आवश्यक है। गर्भावस्था में मां और बच्चे की सिकल सेल जांच और जन्म के 72 घंटों में नवजात की जांच किया जाना जरूरी है। राज्यपाल ने सिकल सेल से पीड़ित रोगी और वाहकों से भी अपील की है कि वे नियमित व्यायाम, पौष्टिक आहार और चिकित्सक की सलाह अनुसार दवाइयां लें। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर सिकल सेल एमीनिया के प्रति जागरुकता अभियान चलाया है। नवजात शिशुओं की जांच के लिए एम्स भोपाल में सिकल सेल जांच यूनिट शुरू की गई है।

### सरकार ने जारी किए पदोन्नति के नए नियम

# अब हर डीपीसी में होगा आरक्षित वर्ग का अफसर



एससी-एसटी वर्ग को मिलेगा 16-20 फीसदी आरक्षण

गजट नोटिफिकेशन के साथ तत्काल प्रभाव से नियम लागू

विशेष प्रतिनिधि ▸▸भोपाल

राज्य मंत्रिमंडल द्वारा लोकसेवा पदोन्नति नियम-2025 के अनुमोदन के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरुवार को पदोन्नति के नए नियम जारी कर दिए।

इससे अधिकारियों-कर्मचारियों की पदोन्नति पर सरकार की रुची का पता चलता है। नियमों में कहा गया है कि सीधी भर्ती के पदों में एससी-एसटी वर्ग को 16 और 20 फीसदी आरक्षण दिए जाने का प्रावधान है। इसलिए, सरकार प्रमोशन में भी इन्हें इसी आधार पर आगे बढ़ने का मौका देने के लिए प्रतिबद्ध है। गजट नोटिफिकेशन के साथ ही सरकार के ये नियम तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

### विभागीय समितियां लेंगी संवर्ग का फैसला

पदोन्नति के लिए हर विभाग की अलग समिति बनेगी। समिति के अध्यक्ष विभाग के सचिव और विभागाध्यक्ष सचिव होंगे। समिति में उपसचिव या उससे अधिक ऊंचे पद का साप्रवि का एक अफसर भी शामिल होगा। तीनों सदस्यों में से कोई एक सदस्य एससी वर्ग का नहीं होने पर एससी वर्ग का एक सेकंड क्लास अधिकारी अनिवार्य रूप से समिति में शामिल किया जाएगा। इसी प्रकार पहले तीन सदस्यों में से कोई सदस्य एसटी वर्ग का न होने पर द्वितीय श्रेणी का एसटी वर्ग का एक अधिकारी भी समिति में शामिल होगा। पदोन्नति से भरे जाने वाले हर संवर्ग (कैडर) के पदों को अलग से तय किया जाएगा। इसके लिए समिति द्वारा फैसला लिया जाएगा।


### 2028 तक के लिए ही बनेगी कमेटी

विभागीय समिति द्वारा किसी मामले में यदि अलग फैसला लिया जाता है तो ऐसे मामले में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी बनेगी, जिसमें विभाग के सचिव और सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव शामिल होंगे। बनाए गए नियमों में कहा गया है कि जो कमेटी बनाई जाएगी वह साल 2024 से 2028 तक की विभागीय पदोन्नति समिति के लिए ही लागू मानी जाएगी। पांच साल के बाद इस कमेटी को फिर नए सिरे से बदला जा सकेगा। ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी


पतंजलि®

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें

योगमय भारत : स्वामी रामदेव जी का आह्वान



आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी जी के नेतृत्व में योगव्रती और स्वदेशीव्रती बनकर एक स्वस्थ, समृद्ध, समर्थ, संगठित और परम वैभवशाली भारत का निर्माण करें।

पतंजलि के माध्यम से पिछले तीन दशकों में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी ने विश्व के 200 देशों में 200 करोड़ से अधिक लोगों को रोगमुक्ति, नशामुक्ति और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग दिखाया है। इससे न केवल लाखों करोड़ रुपये की बचत हुई, अपितु एक आध्यात्मिक, सनातन जीवन पद्धति की नींव भी रखी गई।



"जागरण के देवता"

देश के शीर्षस्थ संत सहित करोड़ों लोग स्वामी जी महाराज को ''जागरण के देवता'' के रूप में देखते हैं जिन्होंने देश भर में 25 लाख किलोमीटर की यात्रा करके दस करोड़ से अधिक लोगों को योग का प्रशिक्षण देकर, एक करोड़ निःस्वार्थ एवं निष्काम सेवा करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार किए। पतंजलि के वे प्रशिक्षित योगी भाई-बहन देश के हर गांव, शहर, गली और मोहल्ले में एक लाख से अधिक योग शिविरों एवं नियमित योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। सुबह जल्दी उठकर योग करने की यह क्रांति भारत को नई दिशा दे रही है।

विश्व के सबसे बड़े योग गुरू

योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज से सीधा जुड़कर योग सीखें

आस्था LIVE — प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 व रात 8:00 बजे | INDIA TV — रोज सुबह 7:56 बजे

**निःस्वार्थ भाव से मानव कल्याण का अभियान** आज पूरे देश भर में पतंजलि के 10,000 से अधिक केंद्रों और 2,500 योग्य एवं प्रशिक्षित वैद्यों के माध्यम से योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के क्षेत्र में बहुत बड़ी सेवा चल रही है। यदि इस सेवा का मूल्यांकन करें तो राष्ट्रसेवा में यह एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का योगदान है। पतंजलि का प्रत्येक प्रकल्प भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है।

**स्वदेशी से समृद्धि: अर्थ से परमार्थ** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी यह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। **"Prosperity for Charity"**: पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

**भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा मैकाले की शिक्षा पद्धति से मुक्ति** 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और **BSB** के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभायें।

**स्वास्थ्य क्रांति: निरोगी भारत** चरक, सुश्रुत, धन्वंतरी और पतंजलि जैसे महर्षियों के ज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ पतंजलि वेलनेस, योगग्राम और निरामयम् जैसे विश्वस्तरीय इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां करोड़ों लोग निरोगी और स्वस्थ हो रहे हैं। स्वामी जी का आह्वान है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं योग करे और दस लोगों को योग कराएं। यदि 1% जागरूक लोग भी सुबह योग करें एवं योगमय सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं, तो भारत का हेल्थ बजट शून्य हो सकता है।


**शोध और समाधान: विज्ञान और परंपरा का संगम** पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड पतंजलि मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को ठीक कर रही हैं। 5,000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जर्नल्स में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है।

**योग धर्म अब युगधर्म बने: सनातन ही समाधान है** आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता हैं। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। आइए, योगधर्म मूलक सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं।

**पंच महाक्रान्तियों का शंखनाद** शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने एवं आर्थिक व आध्यात्मिक भारत बनाने के लिए पतंजलि एक लाख से अधिक गौ माता की सेवा कर रहा है और गौवंश को बचाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना पर कार्यरत है।

पतंजलि के शुद्ध एवं सात्विक प्रोडक्ट्स अपनाइए,
अपने बच्चों व परिवार को मिलावट के ज़हर से बचाइए।




श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
उच्च शिक्षा
की राह अब हुई
आसान
एजुकेशन लोन पर मिल रहा
ऋण ब्याज अनुदान
मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण
ब्याज अनुदान योजना
(अधिक जानकारी के लिए
https://industries.cg.gov.in पर विजिट करें)
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

भोपाल
शुक्रवार, 20 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-9/10
वर्ष : 12, अंक : 80
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## दो दिन में पूरा प्रदेश कवर कर लेगा मानसून, आज भी एक दर्जन जिलों में तेज से मध्यम बारिश का अलर्ट

# बादलों से घिरी रही राजधानी: शाम को चली सुकून देने वाली हवा: करोंद, बैरागढ़ और कोलार क्षेत्र में हुई हल्की बारिश

भोपाल सहित पूरे प्रदेश में नम हवाओं से पारा तेजी से गिरकर सामान्य से औसतन 5 डिग्री तक नीचे पहुंचा


दोपहर 2:30 बजे, जेल पहाड़ी का दृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में मानसून ऑनसेट के बाद कुछ जिलों में बारिश की रफ्तार बढ़ी है। गुरुवार को सुबह से शाम तक इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, राजगढ़ और हरदा सहित कई जिलों में तेज से मध्यम बारिश हुई। भोपाल के बाहरी हिस्सों बैरागढ़, कोलार, करोंद आदि क्षेत्रों में बौछारें पड़ीं। राजधानी के अंदर धूल उड़ती रही। दिन भर छाए घने बादलों ने देर रात शहर में हल्की बारिश की। इंदौर, महू सहित मालवा क्षेत्र में तेज बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर आ गए। नीमच में उफनती पुलिया पार ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आज इन जिलों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार को अलीराजपुर, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, सागर जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, धार, इंदौर, उज्जैन, देवास, शाजापुर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़े पृष्ठ 3 भी

## जस्टिस वर्मा के कैश कांड पर कमेटी की रिपोर्ट

# जस्टिस वर्मा को फंसाने का दावा खारिज उनके घर के स्टोर रूम में 'कैश' मिला था

सीसीटीवी डेटा गायब होने का दावा खारिज

### जस्टिस वर्मा पर महाभियोग की तलवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कैश कांड में दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस वर्मा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर कैश मिलने के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी ने एक रिपोर्ट पेश की है।

कमेटी में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की जज अनु शिवरामन शामिल थीं। कमेटी ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ गंभीर निष्कर्ष निकाले हैं। कमेटी ने उनके इस दावे को भी खारिज कर दिया है कि यह सब उन्हें फंसाने के लिए किया गया था। रिपोर्ट ▶▶ शेष पेज 4 पर

### रिपोर्ट की खास बातें

- **इलेक्ट्रॉनिक सबूतों से पुष्टि:** चंडीगढ़ की केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा प्रमाणित वीडियो रिकॉर्डिंग और तस्वीरों ने गवाहों के बयानों की पुष्टि की है। जस्टिस वर्मा ने मौके पर लिए गए वीडियो का खंडन नहीं किया है।
- **कर्मचारियों की वफादारी:** कमेटी ने पाया कि जस्टिस वर्मा के कर्मचारी उनके खिलाफ गवाही नहीं देंगे क्योंकि वे उनके प्रति वफादार हैं, जबकि स्वतंत्र गवाहों के बयान जस्टिस वर्मा के खिलाफ जाते हैं। जस्टिस वर्मा का सीसीटीवी डेटा खोने का दावा खारिज कर दिया गया। कमेटी ने कहा कि उनके पास डेटा सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त समय था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।
- **बेटी का बयान:** कमेटी ने जस्टिस वर्मा की बेटी, दीया वर्मा के गलत बयानों पर सवाल उठाया, जिन्होंने वीडियो और जली हुई नकदी के बारे में गलत जानकारी दी और बाद में अपने बयान से पलटने की कोशिश की।
- **स्टोररूम तक पहुंची कमेटी:** कमेटी ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि स्टोररूम सभी के लिए खुला था और किसी ने नकदी फंसाने के लिए रखी थी। स्टोर रूम तक पहुंच केवल जस्टिस वर्मा या उनके परिवार के सदस्यों के पास थी।
- **घटना की रिपोर्ट नहीं की, ट्रांसफर स्वीकार किया:** जस्टिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### गरोठ एसडीएम कार्यालय में रिश्वत लेते बाबू गिरफ्तार



**गरोठ।** उज्जैन लोकायुक्त पुलिस ने गरोठ एसडीएम कार्यालय में एक बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम कार्यालय के बाबू पंकेश योगी को 5000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। मामला 18 जून को सामने आया। साठखेड़ा गांव के दीपक राठौर ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा को शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि बाबू पंकेश योगी प्लॉट का डायवर्सन करने के लिए 15,000 की रिश्वत मांग रहे हैं।

### सोनम और राज की पुलिस रिमांड 2 दिन और बढ़ी



**इंदौर।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम और राज कुशवाहा की पुलिस रिमांड 2 दिन और बढ़ा दी गई है। दोनों को शिलांग पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वहीं इस मामले में 3 अन्य आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हत्या की साजिश के बारे में पुलिस ने बताया कि सोनम और राज कुशवाहा ने मिलकर राजा की हत्या की योजना बनाई थी। बता दें कि राजा और सोनम दोनों हनीमून के लिए शिलांग गए हुए थे।

### भीम बैठिका, भोजपुर सांची में ड्रोन प्रतिबंधित



**मंडीदीप।** लोक हित में तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार ड्रोन अधिनियम 2021 के अंतर्गत भीम बैठिका, भोजपुर शिव मंदिर और सांची बौद्ध स्तूप को रेड फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इन संवेदनशील स्थलों में बिना विहित प्राधिकारी/उपखण्ड मजिस्ट्रेट की अनुमति के ड्रोन संचालन प्रतिबंधित किया गया है। आदेश एकपक्षीय पारित किया गया है।

## ईरान ने यूएस को बीच में न आने की सलाह दी

### उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेशकश की कि वे ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग में मध्यस्थता करा सकते हैं

# ईरान पर हमले की पूरी तैयारी, रवाना हुए अमेरिकी लड़ाकू विमान, दूतावास के लिए जारी हुआ अलर्ट



**पुतिन ने कहा** कि रूस के ईरान के साथ अच्छे संबंध हैं और ईरान के बुशेहर में पहला परमाणु पावर प्लांट लगाने में भी रूस ने मदद की थी। रूस के 200 कर्मचारी बुशेहर में दो अन्य परमाणु प्लांट बनाने में ईरान की मदद कर रहे हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और इजराइल के बीच युद्ध जारी है, जिसमें ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अमेरिका ने स्थिति पर सख्त रुख अपनाया है और सुरक्षाबलों की तैनाती शुरू कर दी है। इसके साथ ही अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों की निकासी शुरू कर दी है।

अमेरिका भी ईरान को चेतावनी दे रहा है और ईरान के सर्वोच्च नेता को सरेंडर करने के लिए कह रहा है लेकिन ईरान ने अमेरिका को बीच में न आने की सलाह दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर हमले की तैयारी के मद्देनजर बड़ी संख्या में अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमान और मालवाहक विमान मध्य पूर्व रवाना किए गए हैं। अमेरिका ने और अधिक सुरक्षा बलों को सेंट्रल कमांड के संचालन क्षेत्र में तैनात कर दिया है। इसी बीच विदेश विभाग ने इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों की निकासी शुरू कर दी है। अमेरिका ने यूरोप में यूएसएस फोर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की तैनाती की घोषणा की है। इसका मतलब है कि 2 अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और एक ब्रिटिश कैरियर ▶▶ शेष पेज 4 पर
▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों की निकासी शुरू कर दी

2 अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और एक ब्रिटिश कैरियर इजराइल और ईरान के पास तैनात होंगे

### अमेरिका ईरान को चेता रहा है और उसे सरेंडर करने को कह रहा है



### पुतिन का मानना है...



### शांति समझौते से परमाणु कार्यक्रम भी चलता रहेगा व इजराइल की सुरक्षा चिंताएं भी खत्म हो जाएंगी

उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को पेशकश की कि वे ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग में मध्यस्थता करा सकते हैं। पुतिन ने कहा कि मॉस्को ऐसा समझौता करा सकता है, जिससे ईरान शांतिपूर्ण तरीके से अपना परमाणु कार्यक्रम भी संचालित कर सकेगा और इजराइल की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा। यह एक संवेदनशील मुद्दा है, लेकिन मेरे ▶▶ शेष पेज 4 पर

इराक के शीर्ष शिया धर्मगुरु अयातुल्ला अली सिस्तानी ने चेतावनी दी

### खामनेई पर हमला तो मिडिल ईस्ट जल उठेगा



इस बीच इराक के शीर्ष शिया धर्मगुरु अयातुल्ला अली सिस्तानी ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान के नेतृत्व को निशाना बनाया जाता है तो क्षेत्र में अराजकता फैल जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में लोगों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी और सभी के हितों को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे इस युद्ध को समाप्त करने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए हर संभव कोशिश करें। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ऑपरेशन सिंधु: ईरान से रेस्क्यू कर आर्मेनिया के रास्ते भारत लाए गए 110 छात्र

ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्र सुरक्षित भारत पहुंच गए हैं। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान-इजराइल जंग में फंसे छात्रों को वापस लाने के लिए सरकार ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। भारत पहुंचे छात्रों ने बताया, वहां के हालात हर दिन खराब होते जा रहे हैं। खासकर तेहरान में



स्थिति बहुत खराब है। युद्ध अच्छी चीज नहीं है। इंसानियत ही मारी जाती है। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी येरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद गुरुवार को इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया गया। इंडिगो की एक फ्लाइट ▶▶ शेष पेज 4 पर

## अयोध्या से गुजरात जा रहे थे, राजगढ़ में ड्राइवर को झपकी आई

# कार डिवाइडर से टकराई मां-बेटे समेत 4 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



राजगढ़ जिले के पचोर में एक्सयूवी 500 कार हाईवे पर डिवाइडर से टकरा गई। कार सवार दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोगों ने शाजापुर जिला अस्पताल में दम तोड़ा। तीन लोग घायल हैं। ये सभी मूलतः यूपी के गोंडा जिले के रहने वाले हैं और सूरत में काम करते हैं। कार सवार सभी लोग अयोध्या से सूरत जा रहे थे। राजगढ़ में ड्राइवर को झपकी ▶▶ शेष पेज 4 पर

- सभी मूलत: यूपी के गोंडा जिले के रहने वाले

### कार सवार सभी रिश्तेदार थे

हादसे के बाद दूसरी कार के परिजन अस्पताल पहुंचे। शाजापुर जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर दीपक पाटीदार ने बताया कि 4 घायलों को पचोर से अस्पताल से लाया गया था। उपचार के दौरान दो महिलाओं की मौत हो गई। एक बच्ची और एक महिला का इलाज जारी है।

## बालाघाट में आया एक अजीबोगरीब मामला

# युवक को डसकर सांप की तड़प-तड़प कर मौत, रेंजर बोले- यह अति दुर्लभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट



जिले के नवेगांव ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम खुड़सोड़ी में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, यहां एक जहरीले डोंगरबेलिया सांप ने एक युवक को डस लिया। उसके बाद सांप की कुछ ही मिनट में तड़प-तड़प कर मौत हो गई। परिजन उस मरे हुए सांप और युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां युवक को भर्ती किया गया। युवक सचिन पिता गजब नगपुरे (25) कार मैकेनिक का काम करता है। गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे वह अपने खेत गया था। यहां पर अचानक से उसका बायां पैर सांप के ऊपर पड़ गया। पीड़ित युवक ने बताया कि वह अलग-अलग पेड़ की लकड़ियों से मंजन करता है। इस मामले में ▶▶ शेष पेज 4 पर

- युवक ने कहा- वह अलग-अलग पेड़ की लकड़ियों से करता है मंजन

# डबल हो जाएगी केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी, 1 जनवरी से होगा लागू

### 8वें वेतन आयोग से डबल खुशी, 1 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों और पेंशनर्स को फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


1 करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स की सैलरी और पेंशन में बड़ा बदलाव

केंद्र ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। 8वां वेतन आयोग लागू होते ही देश के देखने को मिलेगा। संशोधित वेतन संरचना 1 जनवरी, 2026 से लागू होने की उम्मीद है। आधार वेतन समायोजन के अलावा, हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) और ट्रैवल अलाउंस (टीए) जैसे भत्तों में भी कर्मचारी पोस्टिंग और यात्रा आवश्यकताओं के आधार पर अपडेट देखने को मिल सकते हैं।

नतीजतन, एक ही वेतन ग्रेड के दो कर्मचारियों की कुल आय उनके भत्ते के हक में भिन्नता के कारण अलग-अलग हो सकती है। इसके अलावा, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) में योगदान भी प्रभावित होगा। वर्तमान में, सरकारी कर्मचारी अपने मूल वेतन और महंगाई भत्ते (डीए) का 10% एनपीएस में योगदान करते हैं, जिसमें सरकार 14% योगदान देती है।

वेतन संशोधन के बाद, ये योगदान तदनुसार बढ़ जाएगा। सीजीएचएस के लिए सदस्यता दरें वेतन स्लैब से जुड़ी हुई हैं, इस प्रकार, मूल वेतन में वृद्धि के परिणामस्वरूप सीजीएचएस शुल्क में भी वृद्धि होगी।

## यह मेला सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चला, करीब 100 कंपनियों के आने का दावा

# 55 के हुए राहुल गांधी, कांग्रेस ने दिल्ली में किया 'मेगा जॉब फेयर' का आयोजन, 20 हजार युवाओं का हुआ रजिस्ट्रेशन!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर लगातार सरकार को घेरने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब अपने जन्मदिन पर इस मुद्दे पर एक पहल की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 55वें जन्मदिन के मौके पर पार्टी की दिल्ली इकाई और इंडियन यूथ कांग्रेस मिलकर राष्ट्रीय राजधानी में एक मेगा ▶▶ शेष पेज 4 पर

कांग्रेस का दावा-मेले से 5 हजार नौकरियां मिलेंगी | राजस्थान में लगाए मेले से उत्साहित थे कांग्रेसी



### दावा: जेप्टो से लेकर एचडीएफसी तक बड़ी कंपनियां आईं

कांग्रेस द्वारा जारी प्रचार सामग्री के अनुसार, जिन कंपनियों ने इस मेले में भाग लिया उनमें जेप्टो, एयरटेल, ब्लिंकिट, टाटा, एचडीएफसी बैंक, फ्लिपकार्ट व महिंद्रा और एक्सिस बैंक जैसी जानी-मानी कंपनियां शामिल हैं।

### उधर, भाजपा का तंज ये सारे दावे हास्यास्पद

कांग्रेस के दावों का भाजपा ने मजाक उड़ाया। कांग्रेस के दावों पर तंज कसते हुए भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि 20 हजार युवाओं का रजिस्ट्रेशन कराने का दावा हास्यास्पद है।

### जन्मदिन पर नए घर में शिफ्टिंग शुरू

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर गुरुवार को उनका सामान नए आवंटित बंगले में शिफ्ट किया जाने लगा है और उनका नया पता अब 5 सुनहरी बाग रोड होगा। यहां उनका काफी कुछ सामान पहुंचा दिया गया है। अनुमान के मुताबिक राहुल अगले महीने नए पते पर शिफ्ट होंगे। वहीं उन्होंने अपने समर्थकों और नेताओं का आभार व्यक्त किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अपना नेता बताकर और पार्टी कार्यकर्ताओं को बब्बर शेर और शेरनी कहकर एक मजबूत राजनीतिक संदेश भी ▶▶ शेष पेज 4 पर




डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री
सदानीरा
जल गंगा संवर्धन
20 से 25 जून 2025 | विक्रम सम्वत् 2082
भारत भवन, भोपाल
माननीय डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा 20 जून 2025 सायं 6 बजे भारत भवन में सदानीरा समागम का शुभारंभ
अध्यक्षता
माननीय धर्मेन्द्र सिंह लोधी
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व, मध्यप्रदेश
20 जून 2025
अंतरंग सभागार सायं 6:30 बजे
सदानीरा और अमृतस्य नर्मदा फिल्म प्रदर्शन
साउंड ऑफ़ रिवर - संगीत और कविता
स्मिता नागदेव - राहुल शर्मा, भोपाल
हम-नवा - नृत्य नाटिका
वितस्ता और गोदावरी संवाद
विदुषी शमा भाटे, पुणे
लोकार्पण
पृथ्वी पानी का देश है...
अमृत जलधारा (मध्यप्रदेश की नदियों का भू-वैज्ञानिक एवं तकनीकी परिदृश्य)
जल धरा
सदानीरा
21 जून 2025
अभिरंग सभागार प्रातः 10:00 बजे
प्रवाह - जल एकाग्र डाक्यूड्रामा फिल्मों का प्रदर्शन
अंतरंग सभागार सायं 6:30 बजे
नदीनामा- कविताओं का पुनर्पाठ
करन राजदान, राजीव वर्मा, अन्नू कपूर
पीयूष मिश्रा, सीमा कपूर, संतोष चौबे
नवनी परिहार, स्वप्निल कोठारी
समन्वय - विनय उपाध्याय
निःशब्द भेदा - नृत्य नाटिका
जलीय जीवन पर एकाग्र
विदुषी शमा भाटे, पुणे
22 जून 2025
अभिरंग सभागार प्रातः 10:00 बजे
प्रवाह - जल एकाग्र डाक्यूड्रामा फिल्मों का प्रदर्शन
अंतरंग सभागार सायं 6:30 बजे
जानकी बैंड, त्रिलोक, जबलपुर
प्राणे जलम् - नृत्य नाटिका
पद्मश्री गीता चंद्रन, नई दिल्ली
23 जून 2025
अंतरंग सभागार सायं 6:30 बजे
नर्मदा- जीवन प्रवाह
परिकल्पना - स्वागतिका स्वाई
निर्देशन- संगीता शर्मा, भोपाल
कालिंदी- आज की कथा नृत्य नाटिका
बी. नागराज, बेंगलुरु
24 जून 2025
अंतरंग सभागार सायं 6:30 बजे
अथः नदी कथा
जलीय जीव एवं जल संरचनाओं पर एकाग्र वैचारिक समागम
मौलिक सिसोदिया, संजय सिंह, डॉ. इंद्रा खुराना, अतुल तारे, नागार्जुन गौड़ा,
डॉ. संतोष चौबे, अभिलाष खांडेकर, अजय बोकिल, डॉ. शिवाकांत वाजपेयी,
डॉ. रमेश यादव, डॉ. राजेश शर्मा, आरोह श्रीवास्तव, योगी अनुराग,
शशिप्रभा तिवारी, शिवकेश मिश्र, मीना जांगिड़,
विमर्श संवाहक- विजय मनोहर तिवारी, ब्रजेश राजपूत
जलम् अमृत - नृत्य नाटिका
निशा त्रिवेदी, नई दिल्ली
25 जून 2025
अंतरंग सभागार सायं 6:30 बजे
पुरबिया - उपशास्त्रीय गायन
विदुषी रीता देव एवं पंडित भोलानाथ मिश्र, बनारस
जीवनम् - मणिपुरी शैली में नृत्य नाटिका
बिम्बावती देवी, कोलकाता
आप सादर आमंत्रित हैं।
वीर भारत न्यास
मध्य प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग का आयोजन
सहयोग - भारत भवन • मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय • जनसंपर्क विभाग • म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् • संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय • बरकतउल्ला विश्वविद्यालय • रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय • जिला प्रशासन, भोपाल
D-11047/25

**बाल साहित्य पुरस्कार-2025 से नवाजे जाने वाले लेखक सुशील शुक्ल से हरिभूमि की खास बातचीत**

## भोपाल शहर में स्थापित होगा देश का एकमात्र रिसोर्स सेंटर, जिसमें देश और दुनिया की 50 भाषाओं में बाल साहित्य का होगा संकलन

मधुरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल

टीटी नगर में हम एक रिसोर्स सेंटर स्थापित करने जा रहे हैं, जिसमें दुनिया के अलग अलग देशों की करीब 50 से अधिक भाषाओं में बाल साहित्य की प्रतिनिधि किताबों का संकलन होगा। बच्चों के भीतर बाल साहित्य में रचनात्मकता के साथ सृजनशीलता को विकसित करने वाले इस रिसोर्स सेंटर की परिकल्पना हमारे देश में कहीं नहीं है। इसे हमें स्थापित करने में चार से पांच वर्ष का समय लगेगा, लेकिन यह अपने आप में अनूठा होगा, जिसमें देश और दुनिया की तमाम भाषाओं में जनरल्स, रिसर्च पेपर, रिप्रजेंटेटिव बुक्स सहित तमाम तरह का शिक्षाप्रद साहित्य का संकलन मौजूद होगा। यह कहना है लेखक सुशील शुक्ल का। जिन्हें साहित्य अकादमी द्वारा उनके बारामासा संग्रह 'एक बटे बारह...' के लिए बाल साहित्य पुरस्कार-2025 देने की घोषणा की गई है। हरिभूमि से बातचीत में सुशील ने अपने जीवन और साहित्य से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया।

हरिभूमि विशेष



### व्यक्तिगत अनुभवों से जुड़ा एक अनुभव 'एक बटे बारह...'

चार माह में पचास हजार से अधिक बिक्री कराने वाले संग्रह 'एक बटे बारह...' के बारे में बताते हुए सुशील ने कहा कि वास्तविकता में यह मेरे व्यक्तिगत अनुभवों से जुड़ा हुआ एक अनुभव है। आज से 25 साल पहले और आज के समय में गांव व शहर के तीज त्यौहारों पर आधारित संग्रह है। जिसमें मैंने बताया है कि पहले कैसे जनवरी माह में मकर संक्रांति मनाया जाता था, गांव में क्या माहौल होता था और वही आज 25 साल बाद क्या माहौल है। इस संग्रह में खेत खलिहानों और गांव की खुशहाली की एक झलक नजर आती है।

### बाल साहित्य के नाम पर बच्चों का बचकाना मनोरंजन करना मेरा उद्देश्य नहीं...

तक्षशिला के बाल साहित्य एवं कला केंद्र, एकतारा के निदेशक पद के साथ बच्चों की दो पत्रिकाओं- प्लूटो और साइकिल के संपादक रह चुके सुशील ने कहा कि मैं करीब 27 साल से बाल साहित्य पर काम कर रहा हूं। लेकिन मेरा उद्देश्य बच्चों का बचकाना मनोरंजन करना नहीं, बल्कि उन्हें एक समृद्ध और गहन साहित्य से अवगत कराना है। जब शुरुआत में एक-दो साल मैंने बाल साहित्य के लिए काम किया तो मुझे काफी अच्छा लगा और अब तो इसी काम को जीवन समर्पित है।

### यदि बच्चे साहित्य से दूर जा रहे हैं तो इसमें माता-पिता भी दोषी...

वर्तमान समय में बच्चों की साहित्य से दूरी और मोबाइल और टेक्नोलॉजी से लगाव के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हम बच्चों को ही दोष नहीं दे सकते, इसमें माता पिता भी दोषी हैं जो बच्चों पर ध्यान न देकर अपने आप में व्यस्त रहते हैं।

### आने वाले समय में बच्चों के लिए लिखूंगा नॉन फिक्शन साहित्य

शुक्ल ने कहा कि अब मैं आने वाले समय में नॉन फिक्शन लिखना चाहता हूं और इसके अलावा कुछ कविताओं को भी लिखूंगा जो अलग छंदों में प्रयोग की गई हों। इसके साथ ही कुछ ऐसी कहानियों को भी अपने साहित्य का भाग बनाऊंगा जो कभी न सुनी गई हो। जैसे एक कवयित्री की कहानी, क्योंकि काव्य के क्षेत्र में पुरुषों का ही वर्चस्व होता हैं, महिलाओं का नहीं।

---

### जेपी अस्पताल में किया भर्ती, बच्ची की हालत स्थिर

## कुत्तों ने मासूम बच्ची को आंख-होंठ और पैरों पर नोंचा, तीन छात्राओं को लोगों ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को मालवीय नगर स्थित पत्रकार भवन स्थित सुलभ कांपलेक्स के पास शाम चार बजे छह साल की बच्ची अपनी साथी छात्राओं के साथ स्कूल से घर जा रही थी, तभी सुलभ कांपलेक्स के पास आधा दर्जन कुत्तों के झुंड ने इन बच्चियों पर हमला बोल दिया। साथी छात्राएं भाग गई, लेकिन छह साल की मासूम पर कुत्ते झूम गए। उन्होंने बच्ची की आंख और होंट के आसपास दांत गड़ा दिए। सड़क पर माजरा देखकर राहगीरों ने कुत्तों को भगाकर बच्ची को जेपी अस्पताल पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार राहगीर राजेश ने बताया कि पत्रकार भवन सुलभ कांपलेक्स के पास आधा दर्जन कुत्तों के झुंड ने एक छह साल की मासूम पर हमला कर दिया, जिससे बच्ची सड़क पर गिर गई। इस दौरान कुत्तों ने उसकी आंख, होंट और पैरों को कई जगह से नोंचा है। राहगीरों की मदद से कुत्तों को भगाकर बच्ची को जेपी अस्पताल भेजा गया है। बच्ची नजदीक स्थित झुग्गी की रहने वाली है, जो अपनी साथी छात्राओं के साथ स्कूल से घर लौट रही थी।

*साथी छात्राओं के साथ घर जा रही थी छह साल की बच्ची*

*जागरूक लोगों ने बच्ची को अस्पताल पहुंचाया*

### मौसम बदलने से हिंसक हो रहे स्ट्रीट डॉग



मौसम में बदलाव से डॉग बेचैन हो जाते हैं। गर्मी में अपने शरीर का तापमान मेंटेन नहीं कर पाते हैं। इसलिए वे सांस के जरिए अपने शरीर का तापमान सामान्य रखते हैं। यदि खाने-पीने में कोई कमी है तो उनकी बेचैनी और भी बढ़ जाती है। इससे वे आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं। जिसको लेकर शहर में डॉग बाइट की घटनाएं बढ़ रही हैं। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. अजय रामटेके का कहना है कि मौसम बदलने और खाने की कमी की वजह से भी डॉग हिंसक हो रहे हैं।

### हर वार्ड में नहीं बनाया एबीसी सेंटर

राजधानी में कम से कम 9 एबीसी सेंटर होना चाहिए, क्योंकि केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुसार हर वार्ड के बीच में एक एबीसी सेंटर होना चाहिए। वर्तमान में शहर में स्ट्रीट डॉग की आबादी करीब 1 लाख 20 हजार है। अगर नसबंदी की यही गति रही तो बढ़कर संख्या दोगुना हो जाएगी। क्योंकि एक साल में दो बार इनके बच्चे होते है। एक फीमेल स्ट्रीट डॉग 8 बच्चे जन्म देती है। अगर रोकथाम नहीं लगी तो एक साल में संख्या ढाई लाख के करीब हो जाएगी।



### पूर्व में भी हो चुकीं घटनाएं

आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। नगर निगम की लापरवाही के कारण मासूम बच्चों को ही नहीं बड़े बुजुर्गों को भी ऐसी घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। पूरे शहर में आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ने के कारण चाहे रात हो या दिन लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। बार-बार ऐसी घटनाएं होने के बावजूद नगर निगम का संबंधित अमला इस पर कोई ठोक कदम नहीं उठा रहा है जो एक चिंता का विषय है। उम्मीद है इस ताजी घटना के बाद ननि कार्रवाई करेगा।

---

## बिना फिटनेस, परमिट-टैक्स के दौड़ रहे वाहन होली फैमिली सहित 3 स्कूलों की 6 बसें जब्त

### आरटीओ के निर्देश पर दूसरे दिन भी चला अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




स्कूली बच्चों की सुरक्षा से जुड़ी लापरवाहियों पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) भोपाल ने सख्त कार्रवाई की है। स्कूल बस चेकिंग अभियान दूसरे दिन यानी गुरुवार को आरटीओ के निर्देश पर चलाया गया।

इस दौरान तीन निजी स्कूलों की 6 बसें बिना फिटनेस, बिना परमिट और बकाया टैक्स के चलते हुए पाई गईं। चेकिंग के दौरान इन बसों को मौके पर ही जब्त कर आरटीओ कार्यालय भोपाल में खड़ा कराया गया है। यह बसें होली फैमिली पब्लिक स्कूल, होली क्रॉस स्कूल और फादर एंजल स्कूल की हैं।

### होली फैमिली की बसें भी मिली बिना फिटनेस

चेकिंग के दौरान आरटीओ अमले को फादर एंजल स्कूल की बस- बिना परमिट और बिना फिटनेस के संचालन होते पाई गई। इसी तरह होली क्रॉस स्कूल की तीन बसें- बिना परमिट, फिटनेस, बीमा और टैक्स के संचालन। होली फैमिली स्कूल की बस- बिना परमिट और बिना फिटनेस थी। जिनको अमले ने जप्त कर लिया।




### अगली बार और भी सख्त कार्रवाई होगी

स्कूल बसों की फिटनेस, परमिट और बीमा जैसे दस्तावेजों की अनदेखी बच्चों की जान के साथ गंभीर खिलवाड़ है। विभाग आगे भी ऐसे स्कूल वाहनों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाता रहेगा। शर्मा ने कहा कि यदि नियमों का पालन नहीं किया गया तो अगली बार और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जितेंद्र शर्मा, आरटीओ, भोपाल

---

## लोगों के घरों तक पहुंचेगा पासपोर्ट ऑफिस आज मोबाइल वैन सेवा का होगा शुभारंभ

### वैन में होगी बायोमीट्रिक स्कैनिंग व अन्य जांच की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में पासपोर्ट बनाने की राह और भी सरल होने जा रही है। विदेश मंत्रालय ने प्रदेश में ऑनलाइन पासपोर्ट मोबाइल वैन सेवा का शुभारंभ शुक्रवार को किया जाएगा। इस सुविधाा के शुरू होने से आवेदक को कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। घर के पास ही सारी औपचारिकताएं पूरी की जा सकती हैं। यह वैन अपने आप में पूरा चलता-फिरता पासपोर्ट कार्यालय होगी।

### जनता की मांग पर भेजा जाएगा



पासपोर्ट विभाग के अधिकारियों के अनुसार मप्र को एक पासपोर्ट मोबाइल वैन मिली है, जिसका कल शुक्रवार शाम 4 बजे शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद जनता की मांग पर उसको भेजा जाएगा। इस वैन को प्रमुख रूप से उन जिलों या इलाकों में भेजा जाएगा। जहां अभी पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र की सुविधा नहीं है। इसके लिए शेड्यूल तैयार किया जाएगा। वैन में फिंगरप्रिंट्स, बायोमेट्रिक स्कैनिंग, दस्तावेज सत्यापन और फोटो खींचने की पूरी प्रक्रिया मौजूद होगी।

### तीन लाख पासपोर्ट प्रति वर्ष है लक्ष्य

मप्र में हर साल 2 लाख से अधिक पासपोर्ट बनते हैं। इसे बढ़ाकर 3 लाख करने का लक्ष्य है। मोबाइल वैन सेवा के लिए अलग से अपॉइंटमेंट जारी किए जाएंगे। अपॉइंटमेंट बुक करने से लेकर दस्तावेज सत्यापन तक की प्रक्रिया सरल और तेज होगी।

### बड़ी राहत मिलेगी...

यह सेवा उन लोगों के लिए बड़ी राहत होगी, जो व्यस्त हैं या दूरस्थ क्षेत्रों में रहते हैं।

शीतांशु चौरसिया, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी

---

## छाए रहे काले घने बादल, रात में बरसे दिन-रात के पारे में 5 डिग्री का अंतर

### आज सुहाना रहेगा मौसम, न ज्यादा बारिश, न ज्यादा गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुरुवार को सुबह से शाम तक काले घने बादल छाए रहे। आसपास बारिश के बाद शाम को बादलों का मूड बदला और देर रात तक पूरे शहर में कहीं हल्की बारिश तो कहीं बौछारें कर दीं। इससे पहले बुधवार को भी मौसम में राहत घुलने से गुरुवार को दिन के साथ रात का पारा भी गिरा। दिन का पारा 30 और रात का 25 डिग्री पर रहने से दिन रात के तापमान में केवल 5 डिग्री का अंतर रहा। इससे लोगों को दिन के साथ रात में भी गर्मी से काफी राहत रही। शुक्रवार को भी शहर में बारिश का यही ट्रेंड रहेगा। इससे अभी दो से तीन दिन मौसम सुहाना रहेगा। दिन में न गर्मी और न ही उमस परेशान करेगी।



स्थान: जेल पहाड़ी रोड
समय: सुबह 7.30 बजे

### अभी सामान्य से कम बारिश

मौसम केंद्र के अनुसार एक जून से गुरुवार तक बैरागढ़ में कुल 21.1 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 4.4 मिमी कम है। पिछले 24 घंटे में शहर में शून्य बारिश दर्ज हुई है। हालांकि, गुरुवार को दिन और रात में करीब 5 मिमी तक बारिश होने की उम्मीद है। शाम से शुरू हुआ बूंदावांदी और बौछारों का दौर शहर में देर रात तक रुक रुककर जारी रहा। शुक्रवार को दिन में बादल, रात में फिर इसी तर्ज पर बारिश की उम्मीद है।

---

### परिवर्तित मार्ग से ही गुजर सकेंगे वाहन

## योग दिवस के चलते कल अटल पथ पर बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

21 जून को विश्व योग दिवस पर राजधानी के अटल पथ पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके चलते इस दिन अटल पथ के चारों ओर सड़कों पर सुबह 6 से सभी वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा। अटल पथ की ओर आने वाले वाहन परिवर्तित मार्ग से ही आ-जा सकेंगे। इस दौरान रोशनपुरा चौराहा, अपेक्स बैंक तिराहा, माता मंदिर मार्ग पर यातायात का दबाव रहेगा एवं इस मार्ग पर लोक परिवहन, अनुमति प्राप्त भारी वाहन एवं अन्य भारी वाहन का आवागमन आवश्यकतानुसार परिवर्तित मार्ग से संचालित रहेगा।

### यह रहेगा वैकल्पिक मार्ग

- ये वाहन रोशनपुरा चौराहा, रंग महल चौराहा, जवाहर चौक, भारत माता चौराहा मार्ग का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे।
- अपेक्स बैंक से लिंक रोड न-1, तरुण पुष्कर, सेकंड स्टॉप, माता मंदिर मार्ग का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे।


### यह रहेगी पार्किंग

वरिष्ठ अधिकारियों के वाहन अटल पथ प्लेटिनम प्लाजा चौराहा पर ड्रॉप कर पार्किंग स्थल सेकंड स्टॉप की ओर मार्ग के एक ओर खडे किए जाएंगे। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाली बस अटल पथ पर स्थित केला देवी मंदिर के बायीं ओर पार्क कर सकेंगे। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाली चार पहिया वाहन अटल पथ पर स्थित केला देवी मंदिर के दायीं ओर पार्क कर सकेंगे।

---

### मुंबई उड़ान कैंसिल, दिल्ली फ्लाइट ढाई घंटे लेट रही

**संतनगर।** राजाभोज एयरपोर्ट पर पिछले कुछ समय से उड़ानें



प्रभावित हो रही है। एयर इंडिया की मुंबई उड़ान गुरुवार को कैंसिल रही। जबकि दिल्ली उड़ान ढाई घंटे लेट भोपाल पहुंची। एयर इंडिया की शाम पौने 8 बजे आने वाली मुंबई उड़ान को आज निरस्त किया गया, जबकि दिल्ली उड़ान जो पौने 4 बजे आती है वो आज ढाई घंटे देरी से क़रीब साढ़े छह बजे भोपाल पहुंची। उड़ानें लेट होने के कारण ऑपरेशन रीज़न बताया जा रहा है।

---

### आरोपः निगम की महिला बाउंसर्स से गाली-गलौच और अश्लील बातें कर रहे पुरुष कर्मचारी

## ननि की महिला बाउंसर्स को पुरुषों के पास बैठने का बनाया जा रहा दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम की 11 महिला बाउंसर्स ने अतिक्रमण विरोधी दस्ते के पुरुष कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला बाउंसर्स का आरोप है कि पहले महिला बाउंसर्स को अलग वाहन में भेजा जाता था, लेकिन अब एक वाहन में ही पुरुष कर्मचारियों के पास बैठकर जाने का मजबूर किया जाता है। ऐसे में दस्ते के कर्मचारी उनके मुंह पर सिगरेट का धुआं उड़ाते हुए अश्लील बातें करते हैं। कुछ वाहनों के ड्राइवर्स भी उनके साथ छेड़छाड़ करते हैं, जिससे उनका नौकरी करना मुश्किल हो रहा है। बाउंसर्स की शिकायत के बाद गुरुवार को अपर आयुक्त टीना यादव ने महिलाओं को बयान देने के लिए दफ्तर बुलाया।

**शिकायत के बाद निगम प्रशासन ने बनाई जांच कमेटी**

**बयान दर्ज कराने अपर आयुक्त के यहां पहुंची महिला कर्मचारी**

### पिछले कुछ दिनों से हो रही इस तरह की अनैतिक घटना



निगम के अतिक्रमण दस्ते में 11 महिला बाउंसर्स दैवेभो के रूप में 8 साल से काम कर रही हैं। महिलाओं ने अपर आयुक्त वरुण अवस्थी को इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। गुरुवार को आईएसबीटी पहुंचीं बाउंसर्स ने बताया कि जब भर्ती किया गया, तब कहा गया था कि किसी महिला का कब्जा हटाने की कार्रवाई होगी तो हमें आगे किया जाएगा। लेकिन पिछले कुछ दिनों से इस तरह की अनैतिक घटन हो रही हैं। वहीं उन्होंने एक पुरूष ड्राइवर पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। अपर आयुक्त अवस्थी का कहना है कि शिकायत मिली थी, जिसके बाद एडीसी टीना यादव की अध्यक्षता में जांच कमेटी बना दी है। जांच के बाद दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### 11 महिला बाउंसर्स का दस्ता

महिला बाउंसर्स ने बताया कि दस्ते में 11 महिलाएं हैं। अधिकारियों ने दो महिला कर्मचारियों की हमीदिया के बाहर ड्यूटी लगा दी है। जबकि अन्य को अलग-अलग विधानसभा में भेजने को कहा है। जिस वाहन में हम सभी महिलाएं एक साथ रहती थीं, उसे भी छीन लिया है। अब हमें पुरुष कर्मचारियों के बीच बैठाया जा रहा है।

### लोहा चुराने वाले ड्राइवर की शिकायत

महिला बाउंसर्स ने आरोप लगाया कि अतिक्रमण दस्ते का एक कर्मचारी लंबे समय से लोहा चोरी कर बेच रहा है। इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी, जिसके बाद उल्टे ही हमें परेशान किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि दस्ते के दूसरे पुरूष कर्मचारी बिना ड्यूटी आए भी सैलरी ले रहे हैं।

### जांच कमेटी देगी प्रतिवेदन

अतिक्रमण दलों की महिला कर्मचारियों द्वारा पुरुष कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर शिकायत के बाद जांच कमेटी से रिपोर्ट मांगी गई है, जिसके बाद एक्शन लिया जाएगा।

हरेंद्र नारायण, कमिश्नर नगर निगम



## शेखर कम्मुला की फिल्म कुबेर आज होगी रिलीज...

मुंबई। अक्किनेनी नागार्जुन, धनुष, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ जैसे सितारों से सजी फिल्म 'कुबेर' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म के साथ एक नए प्रोड्यूसर भी इंडस्ट्री से जुड़ने जा रहे हैं। एआई-बेस्ड एंटरटेनमेंट कंपनी मुगाफी के संस्थापक विपुल अग्रवाल ने मशहूर निर्देशक शेखर कम्मुला के साथ फिल्म 'कुबेर' के लिए हाथ मिलाया है। 'कुबेर' 20 जून को दुनियाभर में तमिल, तेलुगु, हिंदी और मलयालम भाषा में रिलीज हो रही है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम,**
**भोपाल प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)**
**हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)**
तृतीय तल, आई.एस.बी.टी. भवन, होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल-462023

सार्वजनिक सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत गंगा नगर परियोजनाओं के एम.आई.जी श्रेणी के शेष रिक्त आवासों में "First Deposite, First Choice" प्रक्रियायांतर्गत आवास हेतु पूर्ण राशि जमा करने वाले शेष हितग्राहियों को आवास चयन करने हेतु बैंक से प्राप्त सूची अनुसार जमा पूर्ण राशि दिनांक से वरीयता के आधार पर अवसर दिया जाना है। इस हेतु निम्न तालिकानुसार संबंधित परियोजना में नियत तिथि एवं समय अनुसार आवास चयन कराया जाना है:-

| क्र. | परियोजना का नाम | आवास चयन हेतु दिनांक | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | गंगा नगर (एम.आई.जी) | दिनांक-24.06.2025 समय-दोपहर 12:00 बजे से | एच.एफ.ए कार्यालय आई.एस. बी.टी नगर निगम भोपाल |

अतः उक्त तालिका अनुसार संबंधित योजना के पूर्ण राशि जमा करने वाले हितग्राहियो को सूचित किया जाता है कि नियत तिथि एवं समय अनुसार आवास चयन हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। दिव्यांग हितग्राहियों को नियमानुसार वरीयता प्रदान की जायेगी हितग्राही की अनुपस्थिति व विलंब से उपस्थित होने के कारण वरीयता में अवसर खोने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं हितग्राही की होगी एवं हितग्राही द्वारा आवास चयन करने के उपरांत आवास में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नही किया जायेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नही कि जायेगी। अतः हितग्राही आवास चयन प्रकिया हेतु निर्धारित तिथि समय व स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

**जोनल अधिकारी**
**(एच.एफ.ए)**
**नगर पालिक निगम भोपाल**

सू.क्र.1850/025/026

## जारी हुआ 'सन ऑफ सरदार 2' का पहला पोस्टर, टैंकर पर खड़े नजर आए अजय

*मुंबई। अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का पोस्टर जारी हो गया है। पोस्टर में अजय देवगन पगड़ी पहने सरदार के लुक में नजर आ रहे हैं। वह दो टैंकरों पर खड़े हैं। उन्होंने पैंट, टीशर्ट, सदरी पहनी हुई है। ऊपर से काली जैकेट पहनी है। पोस्टर पर लिखा है 'सन ऑफ सरदार 2'। इसकी टैग लाइन है 'द रिटर्न ऑफ सरदार' (सरदार की वापसी)। अजय देवगन के अलावा मृणाल ठाकुर और संजय दत्त अहम रोल में होंगे। फिल्म में अजय देवगन एक बार फिर जस्सी के किरदार में नजर आने वाले हैं।*




*फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा कर रहे हैं। फिल्म का प्रोडक्शन अजय देवगन कर रहे हैं। नए पोस्टर के मुताबिक 'सन ऑफ सरदार 2' 25 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म 'सन ऑफ सरदार' साल 2012 में रिलीज हुई थी।*



# भाग्य लक्ष्मी सीरियल ने दर्शकों को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** सीरियल भाग्य लक्ष्मी में लीड रोल में ऐश्वर्या खरे और रोहित सुचंती नजर आते रहे हैं। यह सीरियल में लक्ष्मी और ऋषि के किरदार में नजर आते हैं। दोनों की रोमांटिक जोड़ी को दर्शक काफी पसंद भी करते हैं। अब तक इस सीरियल के 1350 से अधिक एपिसोड टेलीकास्ट हो चुके हैं। प्यार, रिश्तों और परिवार के ईद-गिर्द बुनी गई इस सीरियल की आखिर अब आखिर मोड़ पर आ चुकी है। सीरियल भाग्य लक्ष्मी अब खत्म हो रहा है तो लीड कैरेक्टर लक्ष्मी और ऋषि की जिंदगी में भी खुशियां शामिल होंगी। सीरियल एक हैप्पी एंडिंग पर खत्म होगा। दर्शक भी दोनों किरदारों को खुश देखना चाहते हैं। इस सीरियल की टीम ने आखिर दिन की शूटिंग पर जश्न भी मनाया है। सीरियल में काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में ऐश्वर्या खरे ने कहती हैं, मैं लगभग चार साल से लक्ष्मी का किरदार निभा रही हूं, उसकी जिंदगी को जी रही हूं। यह मेरे लिए सिर्फ एक रोल नहीं है, यह किरदार मेरी जिंदगी का हिस्सा बन गया है। मैं ऑडियंस को भी थैंक्स कहूंगी कि उन्होंने इस सफर में मेरे किरदार को बहुत प्यार दिया। ऐश्वर्या आगे कहती हैं, शूटिंग के दौरान सेट पर सब लोग परिवार की तरह बन गए। को एक्टर्स से लेकर डायरेक्टर तक मेरे लिए खास हैं। रोहित सुचंती कहते हैं, ऋषि ओबेरॉय का किरदार मेरे लिए बहुत खास है।

## जैकेट का शेष...

### दीवाली से लाड़लियों...

के नाम संदेश और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों पर आधारित अभिनंदन-पत्र का उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा वाचन किया गया।

### मौसम खराब होने के ...

मंगुभाई पटेल और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बड़वानी पहुंच कर हिस्सा लिया।

### इस बीमारी का पता...

सिकल सेल को जड़ से मिटाने का लक्ष्य लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047' प्रारंभ किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्क्रीनिंग, रोग प्रबंधन, परामर्श और जन-जागरूकता, इन चारों महत्वपूर्ण स्तरों पर प्रदेश में समन्वित रूप से कार्य किया जा रहा है।

## पेज एक का शेष...

### जस्टिस वर्मा को...

के अनुसार जस्टिस वर्मा के घर के स्टोररूम में कैश मिला था। कमेटी की रिपोर्ट में कम से कम दस चश्मदीदों ने जले हुए कैश को देखा था। ये सभी दिल्ली फायर सर्विस और दिल्ली पुलिस के अधिकारी थे। इस रिपोर्ट के बाद जस्टिस वर्मा पर महाभियोग की तलवार लटक गई है।

### रिपोर्ट की खास ....

वर्मा या उनके परिवार ने इस घटना की रिपोर्ट नहीं की और न ही सीसीटीवी फुटेज प्राप्त की। घटना के बाद उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपने ट्रांसफर का प्रस्ताव बिना विरोध के स्वीकार कर लिया।

- **नकदी का हिसाब देने में विफल:** जस्टिस वर्मा जली हुई नकदी का हिसाब देने में विफल रहे और यह बताने में भी विफल रहे कि नकदी कहां से आई या यह किसकी थी।
- **घरेलू कर्मचारियों ने हटाई जली हुई नकदी:** कमेटी ने निष्कर्ष निकाला कि जस्टिस वर्मा के दो सबसे भरोसेमंद कर्मचारियों ने आग लगने के बाद स्टोररूम से जली हुई नकदी को हटाने में मदद की थी।

### बादलों से घिरी ...

करने के दौरान दो बाइक सवार बह गए। लोगों ने उन्हें बचा लिया। मंदसौर में सड़कों पर पानी भर गया। मौसम केंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी मौसम ऐसा ही रहेगा। कुछ जिलों में भारी तो कुछ जगह मध्यम बारिश होगी। भोपाल में घने बादलों के बीच कुछ देर बौछारें पड़ सकती हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी मानसून ने पूरा प्रदेश कवर नहीं किया है। दो-तीन दिन में मानसून पूरे प्रदेश में ऑनसेट होने के साथ ही भोपाल में भी बारिश बढ़ सकती है।

**प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 36 डिग्री रहा:** बारिश, बादल और आंधी से प्रदेश में दिन और रात का पारा तेजी से गिरा। भोपाल में 3 डिग्री गिरकर 30 डिग्री पर रहा। यह नॉर्मल से 6.3 डिग्री कम है। धार, गुना, नर्मदापुरम, इंदौर, रायसेन, जबलपुर, नौगांव सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में पारा 3 से 6 डिग्री तक गिरा। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 36 डिग्री रहा। सबसे अधिक पारा टीकमगढ़ में 40.5 डिग्री रहा।

**इसलिए, अभी कम बारिश:** शुक्ला के अनुसार अभी एक लो प्रेशर एरिया झारखंड के ऊपर बना है, जो कल आगे बढ़ेगा। मप्र पर साइक्लोनिक सकुर्लेशन है। राजस्थान में दो सकुर्लेशन हैं, जबकि एक ट्रफ उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान से गुजर रही है। एक ट्रफ मप्र, झारखंड से होकर बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया तक बनी हुई है। इस लिए अभी प्रदेश में बारिश में अपेक्षाकृत कमी है। अगले दो से तीन दिन बारिश का लगभग यही क्रम रहेगा।

### आज इन जिलों....

सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, मैहर, पांढुर्णा आदि जिलों में गरज चमक के साथ आंधी और बौछारें पड़ेंगी।

### ईरान पर हमले की पूरी...

इजराइल और ईरान के पास तैनात होंगे। इस क्षेत्र में एलाई की सैन्य शक्ति का जमावड़ा महत्वपूर्ण है और साफ करता है कि ट्रंप ने ईरान के खिलाफ युद्ध के लिए घेरेबंदी शुरू कर दी है। उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेशकश की कि वे ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग में मध्यस्थता करा सकते हैं

### शांति समझौते से परमाणु...

विचार से इसका समाधान हो सकता है। रूसी राष्ट्रपति ने ये भी बताया कि उन्होंने अपना प्रस्ताव ईरान, इजराइल और अमेरिका को भेज भी दिया है। उन्होंने कहा कि हम किसी पर भी कुछ भी नहीं थोप रहे हैं। हम बस बात करना चाहते हैं कि इस हालात में क्या रास्ता हो सकता है। कोई भी फैसला इन देशों के नेतृत्व को ही करना है। बीते हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी पुतिन ने बात की थी, जिसमें पुतिन ने पश्चिम एशिया में शांति स्थापित करने की पेशकश की थी। हालांकि ट्रंप ने उन्हें पहले रूस-यूक्रेन युद्ध में संघर्ष विराम पर फोकस करने की सलाह दी थी।

### खामनेई पर हमला को...

अल-सिस्तानी को शिया मुसलमानों में सर्वोच्च धार्मिक नेताओं में से एक माना जाता है। दुनिया भर में फॉलोअर्स हैं और भारत के अधिकतर शिया उन्हें ही अपना मरजा मानते हैं। वह सार्वजनिक रूप से बहुत कम दिखाई देते हैं।

### ऑपरेशन सिंधु: ईरान से ...

आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हुई थी।इसके बाद एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया गया। मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों को ईरान से बाहर निकालने की पुष्टि की थी। इन छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नॉरदुज चौकी से बसों में निकाला गया। ईरान में 1,500 स्टूडेंट्स सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। मंत्रालय ने विदेशी नागरिकों से ईरान छोड़ने से पहले अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी मांगी थी।

### कार डिवाइडर से...

आ गई, जिससे हादसा हो गया। अहमदाबाद जा रहे एक एंबुलेंस चालक और ट्रक ड्राइवरों ने मिलकर कार का दरवाजा तोड़ा। उन्होंने शवों और घायलों को बाहर निकाला। पचोर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। घायलों को पचोर एंबुलेंस से पचोर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से उन्हें शाजापुर जिला अस्पताल भेज दिया गया। परिजन आयुष दुबे ने बताया कि हमने बुधवार को अयोध्या में दर्शन किए। शाम को यूपी के गोंडा जिले के दुबेपुरवा भवानीपुर से दो कारों में सूरत के लिए निकले थे। रास्ते में हम सभी ने ढाबे पर चाय पी। इसके एक घंटे बाद ही एक कार का एक्सीडेंट हो गया।

### युवक को डसकर ...

फारेस्ट विभाग के रेंजर धर्मेंद्र बिसेन का मानना है कि किसी इंसान को डसने के तुरंत बाद सांप मर जाए। यह दुर्लभ से अति दुर्लभ स्थिति में ही हो सकता है।

### 55 के हुए राहुल गांधी...

रोजगार मेले का आयोजन किया। दिल्ली के टॉकीटोर स्टेडियम में गुरुवार को लगा यह मेला कांग्रेस की राजनीति को जमीनी स्तर पर ले जाने की कोशिश है। यह मेला सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चला। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के मुताबिक अब तक करीब 20 हजार बेरोजगार युवाओं ने इसमें हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। मेले में लगभग 100 कंपनियों के शामिल होने की उम्मीद है, जो करीब 5,000 नौकरियों के मौके लेकर आएंगी। देवेंद्र यादव ने कहा कि यह रोजगार मेला राहुल गांधी की युवाओं की चिंता को दर्शाता है। उन्होंने कई बार संसद और जनसभाओं में बेरोजगारी का मुद्दा उठाया है और बताया है कि सरकार के वादे सिर्फ कागजों पर ही रह गए हैं।

**12वीं पास युवा ले सकते थे हिस्सा:** युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने बताया कि इस मेले में कम से कम 12वीं पास युवा हिस्सा ले सकते थे। 20 हजार रजिस्ट्रेशन में से 10 हजार ऑनलाइन किए गए हैं, जबकि बाकी 258 ब्लॉक स्तरीय कैंपों के जरिए जुटाए गए। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अप्रैल में राजस्थान में इसी तरह का मेला आयोजित किया गया था, जहां 3,500 रजिस्ट्रेशन में से 1,400 युवाओं को नौकरी मिली थी।

### जन्मदिन पर नए....

दिया। एक्स पर लिखा- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस परिवार के हर एक बब्बर शेर और शेरनी का शुभकामनाओं और समर्थन के लिए धन्यवाद।

**मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
(म.प्र. शासन का उपक्रम)
महाप्रबंधक (सं.सं.) वृत्त, रजि. ऑफिस-निष्ठा परिसर, गोविन्दपुरा, भोपाल-462023
Ph. : 2602033-34, 2678280, 2678383, 2678325, Fax 2589821, Email : gmvidisha@gmail.com,
महा.प्र./सं.सं./क्रय/2129-30 विदिशा, दिनांक : 19.06.2025

**TENDER NOTICE**

MPMKVVCL, Vidisha invites bids for following item through e-tendering

| Tender Specification Number | Particulars | Approx. Value (In. Lakh) | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) | Last Date of Tender | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|
| GM/O&M/PUR/ 2075 Dated 17/06/2025 | Rate Contract of Loading/ unloading and Transportation under GM (O&M), MPMKVVCL Vidisha. | 10.00 | 1000+ GST | 30000 | 25.06.2025 up to 12:30 pm | 26.06.2025 at 12:30 pm |

Other details, terms and conditions are available on company **website: https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/120728/2025 **GM (O&M)**

## शो के बंद होते ही कम हो जाती है लोकप्रियता



**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित टीवी शो 'भाबी जी घर पर हैं' में सक्सेना जी का किरदार निभाकर घर-घर पहचान बनाने वाले सानंद वर्मा आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। अब उन्होंने खुलासा किया है कि पॉपलैरिटी आर्टिस्ट की सिर्फ तब तक है, जब तक आपका शो चल रहा है, तब तक आपकी पहचान है। सानंद वर्मा को हाल ही में इंडस्ट्री में 15 वर्ष पूरे हुए हैं। इस मौके पर एक्टर अपने करियर और संघर्ष पर बात करते दिखे। उनका कहना है कि जब तक कोई अभिनेता टीवी पर नजर आता है, तब तक लोग उसे पहचानते हैं और पसंद करते हैं। जैसे ही वह काम करना बंद करता है या टीवी से दूर हो जाता है, लोग उसे भूलने लगते हैं। टीवी इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है, इसमें कई मुश्किलें होती हैं। इसके बावजूद, टीवी पर काम करने के फायदे भी बहुत हैं, क्योंकि इससे एक कलाकार को बड़ा दर्शक वर्ग मिलता है। पहले सिर्फ टीवी ही ऐसा माध्यम था, जो लोगों के ड्रॉइंग रूम तक पहुंचता था, लेकिन अब ओटीटी भी लोगों के घरों में आ चुका है। आजकल लगभग सारा टीवी कंटेंट ओटीटी पर भी मिल जाता है, जिससे दर्शक जब चाहें, जहां चाहें, कंटेंट देख सकते हैं। इससे कलाकारों की लोगों से जुड़ने की ताकत और भी बढ़ गई है।' टीवी कलाकारों को लोग तब तक ही याद रखते हैं जब तक उनका शो सफल रहता है। जैसे ही शो बंद हो जाता है, तो उनकी लोकप्रियता कम हो जाती है।




**आवश्यकता**

लिमिटेड कंपनी को ज़रुरत अनपढ़ से 12 वी पास लड़कों/लड़कियों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सैलरी 28500/- से 55500/- ( रहना+खाना फ्री पक्की नौकरी) 08920930586

**नाम परिवर्तन**

मैं, दिमाक घागरे पुत्र श्री गंगाराम घागरे आयु 46 वर्ष, निवासी-वार्ड न. 08, रजाड़ा, जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.। मेरे पुत्र के शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे उसका नाम व सरनेम हिमांशु घागरे पुत्र श्री दिमाक घागरे दर्ज है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे उसका नाम व सरनेम त्रुटिवश मांशु पवार पुत्र दिमाक पवार दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र का सही नाम व सरनेम हिमांशु घागरे पुत्र श्री दिमाक घागरे है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को हिमांशु घागरे पुत्र श्री दिमाक घागरे के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र क्रमांक CV 007181

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R- 20/06/25 to 24/06/25

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
(अल्पसंख्यक संस्थान) ऑन लाईन प्रकिया से मुक्त बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध



*DIRECT ADMISSION
Admission Procedure According to MP Higher Education Guideline 2022-23
UG COURSE: B.A., BCA, BBA, B.P.E.S., B.Sc., B.Lib B.Com (Economics/Computer/Hon's)
PG COURSE: M.A : Hindi, English. Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work; M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology; M.Com : Accounts & Management; B.Ed. : Bachelor of Education (Online Counselling)
DIPLOMA COURSE: P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science; P.G.D.C.A. : PG Diploma in Computer Appcation; D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288, 7828186626
डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्प्लेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष:** खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। लाभ में कमी रहेगी।

**वृष:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन:** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**कर्क:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वाद खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह:** कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**कन्या:** किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पिता से धन प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सेहत का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**धनु:** भाई-बहनों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में मेहनत अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**कुंभ:** कारोबार में कुछ परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन:** दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपनी भावनाओं का वश में रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5903



**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

### शब्द पहेली - 5902 का हल



## सूडोकु नवताल- 5913

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5912 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

### करोंद मंडी और बैरसिया मंडी में उपार्जन केंद्र स्थापित

# मूंग और उड़द उपार्जन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, एमएसपी पर खरीदारी 7 से होगी



वाणज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में ग्रीष्मकालीय मूंग और उड़द की एमएसपी पर खरीदी के लिए गुरुवार से रजिस्ट्रेशन हो गए हैं। यह प्रक्रिया 5 जुलाई तक चलेगी। इन दो फसलों की एमएसपी पर बिक्री के लिए किसानों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।

रजिस्ट्रेशन प्रकिया पूरी होने के बाद राज्य में 7 जुलाई से 6 अगस्त तक सरकारी खरीद केंद्रों पर मूंग और उड़द की खरीद होगी। सरकार की ओर से जायद मूंग के लिए 8682 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी तय किया गया है,जबकि उड़द के लिए 7400 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी तय किया गया है। भोपाल जिले के किसानों से मूंग उपार्जन के लिए करोंद मंडी और बैरसिया मंडी में उपार्जन केंद्र स्थापित किया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के द्वारा जारी दिशा-निर्देशो के अनुरूप एवं भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम योजना अंतर्गत विपणन वर्ष - 2025-26 में निर्धारित समर्थन मूल्य 8575 प्रति क्विंटल पर अंतिम पुष्टि शासन स्तर पर मूंग की खरीदी के लिए पंजीयन 19 जून से 5 जुलाई 2025 तक किया जाएगा।

### बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर भूमि विवरण संबंधी दस्तावेज सफल पंजीयन के लिए अवश्य रखें

*किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग उप संचालक, जिला भोपाल श्रीमति सुमन प्रसाद ने किसानों से अपील की गई है कि पंजीयन के लिए आवश्यक किसान का नाम, आधार नबंर, खसरा खतौनी की प्रति, बैंक पासबुक, मोबाईल नंबर, भूमि का विवरण संबंधी दस्तावेज सफल पंजीयन के लिए अवश्य रखें तथा किसान भाई अपनी उपज का पंजीयन कराने से पहले आधार नंबर से बैंक खाता एवं मोबाईल नंबर को आवश्यक रूप से लिंक करा ले। किसान के परिवार में जिन सदस्यों के नाम भूमि होगी वे सभी अपना पृथक-पृथक पंजीयन करायेंगे। किसान की भूमि यदि अन्य जिले में है तो उस जिले में पंजीयन कराया जाएगा। जिले में अलग-अलग स्थानों पर भूमि होने पर एक ही केंद्र पर सभी भूमियों का पंजीयन होगा।*

### पतंजलि के वैज्ञानिकों ने की सी एलीगेंस पर किए गए नवीन शोध में पुष्टि

# न्यूरोग्रिट गोल्ड ने खोला पार्किंसंस बीमारी के उपचार का द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा सी एलीगेंस पर किए गए नवीन शोध ने यह पुष्टि की है कि आयुर्वेदिक औषधि न्यूरोग्रिट गोल्ड कैप्सूल न केवल पार्किंसंस बीमारी के कारण हुए स्मृति लोप को सुधारने में मदद करती है, अपितु यह जीवों की आयु को बढ़ाने में भी सहायक है, वहीं इनकी लम्बाई और प्रजनन क्षमता पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालती है।

यह अनुकरणीय शोध अंतरराष्ट्रीय विले प्रकाशन के रिसर्च जर्नल सीएनएस न्यूरोसाइंस एंड थैरेप्यूटिक्स में प्रकाशित हुआ है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पार्किंसंस बीमारी में व्यक्ति मानसिक रूप से तो अस्वस्थ्य होता ही है। परंतु क्या कोई ऐसा उपाय है जिससे अस्वस्थ्य व्यक्ति पुनः ठीक हो सके और अपने दैनिक कार्यकलाप भली भांति बिना किसी सहायता कर सके। अब हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि हां, अब यह संभव है। आचार्य ने कहा कि न्यूरोग्रिट गोल्ड हमारी धरोहर आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का अनुपम मेल है। यह शोध प्रदर्शित करता है कि अगर प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विश्लेषण किया जाए तो इस आधुनिक युग की समस्याओं को दूर करने में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि न्यूरोग्रिट गोल्ड ज्योतिष्मती और गिलोय आदि प्राकृतिक जड़ी-बूटियों के साथ ही एकांगवीर रस, मोती पिष्टी, रजत भस्म, वसंत कुसुमाकर रस, रसराज रस आदि से निर्मित है जोकि मस्तिष्क विकारों में लाभकारी मानी गई है। पतंजलि अनुसंधान संस्थान के उपाध्यक्ष और प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि सी एलीगेंस पर यह अभिनव प्रयोग पहली बार किसी आयुर्वेदिक औषधि के साथ किया गया है, और इसके परिणाम न केवल विज्ञान जगत के लिए रोमांचक हैं, बल्कि आने वाले समय में मानव स्वास्थ्य पर इसके गहरे प्रभाव पड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि डोपामाइन हमारे मस्तिष्क का एक महत्वपूर्ण न्यूरोट्रांसमित्तर और हार्मोन है, जो हमारे शारीरिक तंत्र और क्रिया को नियंत्रित करता है। लेकिन, जब यह डोपामाइन किसी कारणवश अपना कार्य सुचारू रूप से नहीं कर पाता है, तब शरीर अपना संतुलन खो देता है, और हमारा मस्तिष्क वह कार्य भी भूलने लगता है जिनको हम भली-भांति कर पाते थे। इस अवस्था को पार्किंसंस कहते हैं। न्यूरोग्रिट गोल्ड के सेवन से इन जीवों में जैविक तनाव के स्तर को कम किया।





FIGURE 2 | GC-MS/MS-based chemical characterization of Neurogrit Gold (NG). (A) Overlap chromatogram of the identified fatty acids in NG (pink line) and standard mix (blue line). (B) Chromatogram of the identified compounds in NG (pink line). The identified squalene was further quantified by its standard (blue line). Quantification of these compounds is mentioned in Table 3. Further details of qualitative analysis have been mentioned in Table 4.

# सिग्निफाई और मप्र टूरिज्म बोर्ड मिलकर 61 गांवों को रोशन करेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के साथ लाईटिंग में विश्व की प्रमुख कंपनी सिग्निफाई ने गठबंधन किया। इस गठबंधन के अंतर्गत राज्य में पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण 61 गांवों में आउटडोर लाईटिंग लगाई जाएंगी। यह कार्य हर गांव रोशन सीएसआर अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। इस अभियान में राष्ट्रीय उद्यानों के आसपास स्थित आदिवासी इलाकों को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि इन वंचित इलाकों में उनकी सुरक्षा, विजिबिलिटी और पर्यटकों के अनुभव में सुधार हो सके। आधिकारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव और सिग्निफाई का नेतृत्व मौजूद थे। यह समझौता ज्ञापन इनोवेटिव लाईटिंग समाधानों द्वारा सस्टेनेबल विकास और सामुदायिक सशक्तीकरण करने की सिग्निफाई की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। निखिल गुप्ता, हेड ऑफ मार्केटिंग, स्ट्रेट्जी, सरकारी मामले, और सीएसआर, सिग्निफाई ग्रेटर इंडिया ने कहाकि सिग्निफाई में हम अपने हर गाँव रोशन सीएसआर अभियान की मदद से भारत के लोगों को सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन प्रदान करना चाहते हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए हम मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने पर्यटन द्वारा ग्रामीण समुदायों को मजबूत बनाने के हमारे सामूहिक मिशन में अपना सहयोग दिया।

### करोंद सब्जी मंडी में अवैध वसूली से किसान और व्यापारी परेशान

# आरोपः मंडी सचिव और अधिकारियों की अनदेखी से करोंद सब्जी मंडी प्रांगण में पनप रहा गुंडाराज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



राजधानी के करोंद स्थित पं. लक्ष्मीनारायण कृषि उपज मंडी के थोक सब्जियों विक्रेताओं की संस्था थोक सब्जी विक्रेता कल्याण संघ ने मंडी सचिव पर अनदेखी के आरोप लगाया गया है। संघ के अनुसार मंडी सचिव का कार्यभार संभाल रहे प्रवीण वर्मा मंडी की कार्यप्रणाली और यहां हो रही गतिविधियों से अनभिज्ञ है। इसी अनदेखी की बदौलत मंडी प्रांगण में गुंडाराज का वातावरण बना हुआ है। प्रांगण में राजनैतिक संरक्षण प्राप्त छुटपुइयों द्वारा किसान और व्यापारियों से अवैध वसूली की जा रही है। संघ के अध्यक्ष मोहम्मद नसीम सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि राजकुमार कुशवाहा द्वारा मंडी पहुंचने वाले किसानों और व्यापारियों से 100 से 200 रुपए वसूली जबरन की जा रही है। किसान और व्यापारियों द्वारा उक्त राशि नहीं देने पर उक्त वसूलीकर्ता द्वारा गुंडागर्दी की जाती है। जिसक बात की शिकायत मंडी समिति के अधिकारियों से की है, लेकिन मंडी सचिव, अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

नसीम ने बताया कि मंडी के अधिकारियों की शह पर मंडी प्रांगण में गुंडाराज पनप रहा है। किसान और व्यापारियों से अवैध वसूली की जा रही है। बताया जा रहा है कि अतिक्रमणकारियों ने मंडी प्रांगण में चौतरफा अतिक्रमण कर किया हुआ है। सड़कों पर गाड़ी और दुकान लगा कर मॉल बिकवाया जाता है। जिससे मार्ग अवरूद्ध हो रहा है और आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

थोक सब्जी विक्रेता कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि राजकुमार कुशवाह को क्षेत्रीय नेता का संरक्षण प्राप्त होने से इसकी बांछे खिली हुई है। यहीं वजह है कि सब्जी मंडी के थोक व्यापारियों और किसान खुलकर अपना विरोध दर्ज नहीं कर पा रहे है और मंडी के अधिकारी-कर्मचारी इस अवैध वसूलीकर्ता के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई

*ये राजकुमार कुशवाह कौन है इसकी जानकारी मुझे नहीं है। अवैध वसूली के संबंध में मेरे पास कोई शिकायत नहीं आई। मैं पता करता हूं और उक्त मामले को दिखवाता हूं।*

*प्रवीण वर्मा*
*सचिव, कृषि उपज मंडी समिति भोपाल*

# टीम ने सांची पार्लर पर जब्त किए गुटखा तंबाखू के पाउच और सिगरेट के पैकेट



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के विपणन दल ने गुरुवार को अशोका गार्डन मार्ग,विवेकानंद सब्जी मंडी के पास स्थित सांची पार्लर क्रमांक 14 पर शिकायत के आधार पर औचक निरीक्षण कर कार्रवाई की। उपरोक्त पार्लर पर मादक पदार्थ जैसे गुटखा-तंबाखू के विभिन्न प्रकार के पाउच, विभिन्न प्रकार की सिगरेट के पैकेट इत्यादि विक्रय करते हुए पाया गया, जिसका पंचनामा बनाकर जब्ती करवाकर वैधानिक चेतवानी दी गई।

**बैंक आफ महाराष्ट्र**
(भारत सरकार का उद्यम)
www bankofmaharashtra in

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स,
भोपाल-462011

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था। ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है। ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, बैरागढ़ शाखा** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| **1. मेसर्स शिवाय एंटरप्राइजेज** (पार्टनरशिप फर्म) (ऋणी)<br>**पता 1:** औद्योगिक प्लॉट नंबर 12/1 पीएच नंबर 12, ग्राम पीपलखिरिया, टोल टैक्स प्लाजा के पास, भोपाल रायसेन रोड, तहसील एवं जिला-रायसेन<br>**पता 2:** एलआईजी 20, बी-सेक्टर, सोनागिरी, रायसेन रोड, भोपाल, म.प्र.-462023<br>**पता 3:** ए/301, देवश्रुशिति सीएचएस, वृन्दावन बस के पास, ठाणे पश्चिम, ठाणे, महाराष्ट्र-400601<br>पार्टनर्सः- **अ) श्री अमित नरखेड़े पुत्र श्री कमलाकर नाथू नरखेड़े**<br>**पता 1:** LIG 20, बी-सेक्टर, सोनागिरी, रायसेन रोड, भोपाल, म.प्र. -462023<br>**पता 2:** सी 96, मैट्रिक्स होम्स, ऑप. सीएम पटेल फार्म, कलाली गांव, असोपलाव क्लब अपार्टमेंट के पास, वडोदरा, गुजरात- 390012<br>**ब) श्री प्रसाद अनाओकर पुत्र श्री आर. आर. अनाओकर**<br>**पता 1:** LIG 20, बी-सेक्टर, सोनागिरी, रायसेन रोड, भोपाल, म.प्र. -462023<br>**पता 2:** ए/301, देवश्रुशिति सीएचएस, वृन्दावन बस के पास, ठाणे पश्चिम, ठाणे, महाराष्ट्र-400601<br>**2. श्रीमती अपेक्षा बेलसारे पत्नी श्री प्रसाद अनाओकर** (जमानतदार)<br>**पता 1:** LIG 20, बी-सेक्टर, सोनागिरी, रायसेन रोड, भोपाल, म.प्र.- 462023<br>**पता 2:** ए/301, देवश्रुशिति सीएचएस, वृन्दावन बस के पास, ठाणे पश्चिम, ठाणे, महाराष्ट्र-400601<br>**3. श्री देवाशीष बेलसरे पुत्र श्री सतीश बेलसरे** (जमानतदार), **पताः** आर-51, स्कीम नंबर 77, मंगलमूर्ति नगर, मयूर हॉस्पिटल के पास इंदौर, म.प्र.- 452018<br>**4. श्रीमती मेघा नरखेड़े पत्नी श्री अमित नरखेड़े** (जमानतदार)<br>**पता 1:** LIG 20, बी-सेक्टर, सोनागिरी, रायसेन रोड, भोपाल, म.प्र.<br>**पता 2:** सी 96, मैट्रिक्स होम्स, ऑप. सीएम पटेल फार्म, कलाली गांव, असोपलाव क्लब अपार्टमेंट के पास, बडोदरा, गुजरात- 390012 | संपत्ति का समस्त भू भाग लीजहोल्ड भूमि स्थित निर्मित प्लाट नं. 12/1, औद्योगिक क्षेत्र, ग्राम पीपलखिरिया, पटवारी हल्का क्रमांक 12, तहसील एवं जिला रायसेन क्षेत्रफल 24,963 वर्गफीट<br>चर्तुसीमाएं: -उत्तर- प्लॉट क्रमांक 11, दक्षिण- प्लॉट क्रमांक 12/2, पूर्व- वन भूमि, पश्चिम- सड़क<br>संपत्ति मालिक- मेसर्स शिवाय एंटरप्राइजेज (पार्टनरशिप फर्म) द्वारा पार्टनर- श्री अमित नरखेड़े पुत्र श्री कमलाकर नाथू नरखेड़े और श्री प्रसाद अनावकर पुत्र श्री आर. आर. अनावकर | ₹ 2,14,21,807.41/- + दि. 13/01/2025 से अप्रभारित ब्याज एवं पेनल ब्याज एवं अन्य खर्च<br>मांग सूचना दिनांक 13/01/2025<br>कब्जा दिनांक 16/06/2025 |

दिनांक : 20/06/2025
स्थानः भोपाल

मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी

## खबर संक्षेप

### एक्सिस बैंक का बोट और मास्टरकार्ड के साथ गठजोड़

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने भारत के नंबर 1 वेयरेबल ब्रांड, बोट और भुगतान के लिहाज से अग्रणी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी, मास्टरकार्ड के साथ गठजोड़ किया है। बोट के नए लांच किए गए अत्याधुनिक स्मार्टवॉच 'वेव फॉर्च्यून' के लिए टैप एंड पे एनएफसी एनेबल्ड भुगतान को सहजता से जोड़ा जाएगा। वेव फॉर्च्यून को 3,299 रुपए की प्रतिस्पर्धी कीमत उपलब्ध है।

### एथर एनर्जी खोलेगी 700 एक्सपीरिएंस सेंटर

**बेंगलुरु।** एथर एनर्जी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 के अंत तक अपने एक्सपीरियंस सेंटर्स को बढ़ाकर 700 करेंगी इस विस्तार के साथ एथर के स्टोर्स की संख्या बढ़कर लगभग दोगुनी हो जाएगी, जिससे पूरे देश में ग्राहकों के लिए एथर स्कूटर की टेस्ट राईड लेना और खरीदना आसान हो जाएगा।

### बायर ने मुरैना में शुरू की महत्वपूर्ण पहल

**मुरैना।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में जल स्तर के लगातार गिरने और बढ़ते जल संकट को ध्यान में रखते हुए, बायर ने यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया के सहयोग से एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इस परियोजना के तहत अंबाह और पोरसा ब्लॉकों में 30 वर्षा जल संचयन प्रणालियां स्थापित की गई है जिससे स्थानीय समुदायों को सतत जल आपूर्ति में मदद मिलेगी।

### केबीसी ने की धरन इंफ्रा सोलर की स्थापना

**मुंबई।** नासिक स्थित केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने रिन्युएबल एनर्जी सेक्टर में विस्तार के हिस्से के रूप में एक नई पूर्ण स्वामित्ववाली सब्सिडरी कंपनी, धरन इंफ्रा सोलर प्राइवेट लिमिटेड के गठन की घोषणा की है। कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप सौर और हाइब्रिड ऊर्जा समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

### थोक सराफा व्यापारियों ने कान्हा ग्रीन फन सिटी में आयोजित होने वाले ज्वेलरी शो पर जताई आपत्ति

# कलेक्टर से मांग, सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं, रद्द हो अनुमति

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के थोक सराफा व्यापारियों की संस्था भोपाल होलसेल सर्राफा एसोसिएशन ने कान्हा ग्रीन फन सिटी में ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा रिटेलर्स के लिए 21 जून से आयोजित होने वाली दो दिवसीय बी2बी ज्वेलरी एक्सपो (ज्वेलरी शो) को लेकर आपत्ति जताई है। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गर्ग (गांधी) के नेतृत्व में इस संबंध में भोपाल कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा है।

संगठन के प्रतिनिधमंडल ने कलेक्टर भोपाल से मांग की है कि कान्हा ग्रीन फन सिटी में आयोजित होने स्वर्ण आभूषण प्रदर्शनी को सुरक्षा के कारणों से अनुमति प्रदान नही की जाएं। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गर्ग ने बताया कि आयोजित होने वाली इस स्वर्ण आभूषण प्रदर्शनी में कई ज्वेलर्स आधुनिक स्वर्ग आभूषणों का प्रदर्शन करेंगे और उपरोक्त प्रर्दशनी में करोड़ों रुपयों के स्वर्ण आभूषण लाएंगे। कान्हा ग्रीन फन सिटी के साथ घटित हुई आपसी रंजिश के चलते घटना के बाद यहां सुरक्षा को लेकर आशंका उत्पन्न हो गई है। अतः 21 जून से आयोजित होने वाली स्वर्ण आभूषण प्रदर्शनी की अनुमति को रद्द किया जाए या फिर अनुमति नहीं दी जाए।

### आयोजक संस्थान ने सूचना तक नहीं दी

*संगठन के सचिव विजय वर्मा ने ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन से अपील की है कि मध्य भोपाल में यह प्रदर्शनी सुरक्षा की दृष्टि से आयोजित करनी चाहिए थी, जो बहुत ज्यादा सुरक्षित हो। यह कि ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सबसे पहले भोपाल सर्राफा एसोसिएशन को सूचना देना थी और भोपाल सर्राफा एसोसिएशन को विश्वास में लेकर इतनी बड़ी प्रदर्शनी आयोजित करनी चाहिए थी, जो उन्होने नहीं किया।*

### प्रदर्शनी और फैशन शो पर सुरक्षा की दृष्टि से आपत्ति

*भोपाल सर्राफा एसोसिएशन, होलसेल सर्राफा महासंघ सर्राफा को ज्वेलर्स डेवलमेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 21-22 जून को कान्हा ग्रीन फन सिटी नर्मदापुरम रोड, भोपाल में आयोजित स्वर्ण प्रदर्शनी और फैशन शो पर सुरक्षा की दृष्टि से धन-घोर आपति है। क्योंकि हमारा व्यापार मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में हम ज्वेलर्स डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन को हम इसके संचालकों से परिचित भी नहीं है। भोपाल सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहाकि कोई भी बाहरी संस्था इस तरह के आयोजन करें और हमें इनकी पहचान नहीं, यदि कोई दुर्घटना हो जाती है तो भोपाल के सर्राफा व्यापारियों से बाहर के आभूषण निर्माता से एवं व्यापारियों का हमसे विश्वास कम हो जाएगा, जबकि हमारा व्यापार भोपाल क्षेत्र है, हमें बिना विश्वास में लिए यह आयोजन किया जा रहा है।*

## बिजनेस न्यूज

### स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन



**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी ने शिक्षकों के तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा, आधुनिक शिक्षण विधाओं, डिजिटल सुरक्षा, और तकनीक-संवर्धित शिक्षण विधियों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर एक प्रेरणादायक सत्र से हुई। इसमें कक्षा शिक्षण, मूल्यांकन एवं कंटेंट डिलीवरी को प्रभावी बनाने वाले अत्याधुनिक एआई टूल्स, एआर/वीआर, एनिमेशन एवं वीएफएक्स से शिक्षकों को अवगत कराया गया, दूसरे दिन का फोकस डिजिटल सुरक्षा पर रहा। विशेषज्ञों ने डेटा प्रोटेक्शन, सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार एवं साइबर खतरों की पहचान जैसे अहम विषयों पर जानकारी दी। यह सत्र शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं डिजिटल जिम्मेदार बनाने में सहायक रहा। यह कार्यक्रम विद्यालयी शिक्षा प्रणाली में तकनीकी उन्नयन की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हुआ। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने एसजीएसयू की इस प्रोग्राम की प्रशंसा की और कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी सशक्तिकरण की आवश्यकता है।

### बजाज आलियांज लाइफ महिला टर्म सर्वेक्षण में हुआ महिलाओं के वित्तीय सुरक्षा का आकलन

**पुणे।** बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने पिक्सिस ग्लोबल और क्वाल्स.एआई के सहयोग से अपने नवीनतम अध्ययन, बजाज आलियांज लाइफ वूमेन टर्म सर्वे से उल्लेखनीय निष्कर्ष प्रस्तुत किए। इस सर्वेक्षण में मेट्रो, टियर-1 और टियर-2 शहरों में 1,000 से अधिक वेतनभोगी और स्वरोजगार वाली महिलाओं को शामिल करते हुए गुणात्मक और मात्रात्मक पद्धतियों का संयोजन किया गया। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, तरुण चुघ ने कहा,सर्वेक्षण वित्तीय प्राथमिकताओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव को उजागर करता है जिसमें बच्चों का भविष्य, शिक्षा व्यय और स्वास्थ्य शीर्ष चिंताओं के रूप में सामने आते हैं।

### प्रोपेल ग्लोबल बिजनेस एक्सेलरेटर सीजन 4 का विजेता घोषित

*नई दिल्ली। अमेजन इंडिया ने ऑरिक, आईएसएके फ्रेगरेंसेज और फिक्स माय कर्ल्स को अमेजन के प्रोपेल ग्लोबल बिजनेस एक्सेलरेटर सीजन 4 का विजेता घोषित किया। इस प्रोग्राम को डायरेक्ट टू कंज्यूमर (डी2सी) क्षेत्र में उभरते भारतीय ब्रांड को सहायता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, ताकि वे ईकॉमर्स निर्यात का उपयोग कर दुनिया भर के ग्राहकों तक पहुंच सकें। दीपक अग्रवाल द्वारा स्थापित ऑरिक, विदुषी विजयवर्गीय द्वारा स्थापित आईएसएके फ्रेगरेंस और अंशिता मेहरोत्रा के फिक्स माई कर्ल्स को संयुक्त रूप से अपनी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वृद्धि दर्ज करने की महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए अमेजन से 100,000 डॉलर इक्विटी मुक्त अनुदान दिया गया।*

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, चैताली अग्रवाल पुत्री अंशुल अग्रवाल (पुराना नाम) निवासी ए-2, 201 कोरल वुड होशंगाबाद रोड भोपाल, म.प्र. ने अपना नाम बदलकर चारवी अग्रवाल (नया नाम) रख लिया है। भविष्य में सभी उपयोग और उद्देश्यों के लिए मुझे इसी नाम से जाना जाएगा।

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये कार्य करते हुये निम्न कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित करते है। इन टेन्डर्स के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नही होने एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नही किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं। **निविदा सूचना एवं क्रमांक :** बीपीएलएनवर्क्स 2025– 26 सिगनल 07, **कार्य का नाम :** सप्लाई एंड एक्सेकुसन ऑफ सिग्नल्लिंग वर्क्स/आइटम्स इन कनेक्शन विथ वेरियस ट्रैक वर्क्स इन भोपाल डिवीजन ओवर वेस्ट सेंट्रल रेलवे, **कार्य की अनुमानित लागत :** 4,10,55,280.32, **निविदा फार्म की कीमत (non refundable) :** लागू नहीं, **जमा की जाने वाली वयाना राशी :** 3,55,300.00, **कार्य समापन की अवधी :** 18 माह, **निविदा जमा करने एवं खोलने की दिनांक एवं समय :** दिनांक 11/07/2025 को 15.00. बजे तक दिनांक 11/07/2025 को 15:30 बजे, **निविदा सूचना एवं क्रमांक :** बीपीएलएनवर्क्स 2025– 26 सिगनल 08, **कार्य का नाम :** प्रोविसन ऑफ एडिशनल लूप एट BIR स्टेशन इन्वोल्विंग अल्टरेशन इन एक्सिस्टिंग पेनल इंटरलॉकंग विथ इंडोर एंड आउटडोर वर्क्स इन भोपाल डिवीजन, **कार्य की अनुमानित लागत :** 1,94,91,393.70, **निविदा फार्म की कीमत (non refundable) :** लागू नहीं, **जमा की जाने वाली वयाना राशी** 2,47,500.00 **कार्य समापन की अवधी :** 06 माह, **निविदा जमा एवं खोलने की दिनांक एवं समय :** दिनांक 11/07/2025 को 15.00. बजे तक दिनांक 11/07/2025 को 15:30 बजे निविदाकर्ता/विडर्स के पास क्लास III डीजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बिडर्सहीई–टेंडरिंग मे भाग ले सकते हैं। ई–टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेन्ट गेटवे के द्वारा ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तसवेज की कीमत, बयाना राशि आदि का भुगतान ऑनलाइन मल्टीपल नेट बैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता है।

मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूरसंचार, पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, इटारसी**

क्रमांक / लोककर्म शाखा/नपाई / 553 — इटारसी दिनांक 19/6/25

**//ई निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर पोर्टल क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा प्रपत्र का मुल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_431564_1 | वार्ड क्रमांक 06 में चैतराम कैथवास के मकान से रामलाल कैथवास के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 2,62,053/- | 2000/- 2621/- | 03.07.2025 |
| 2 | 2025 UAD_431587_1 | वार्ड क्रमांक 15 में यादव भवन से माता मंदिर के पास मुख्य मार्ग तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 3,17,306/- | 2000/- 3173/- | 03.07.2025 |
| 3 | 2025_UAD_431641_1 | वार्ड क्रमांक 23 अहिल्या नगर में सामुदायिक भवन पर शेड निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 2,52,839/- | 2000/- 2528/- | 03.07.2025 |
| 4 | 2025_UAD_431674_1 | वार्ड क्रमांक 28 में ट्यूबवैल खनन कार्य। (विधायक निधि) | 1,94,473/- | 1000/- 1945/- | 03.07.2025 |
| 5 | 2025_UAD_431694_1 | वाड क्रमांक 34 में श्री भगतजी के मकान से श्री जगदीश के मकान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 4,03,483/- | 2000/- 4035/- | 03.07.2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद इटारसी**

## चिंतन

# ईरान और इजरायल के बीच बढ़ती कटुता शांति में बाधक

इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध भीषण रूप लेता जा रहा है। दोनों मुल्क एक-दूसरे को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ईरान ने इजरायल में नागरिक अस्पताल को मिसाइल से निशाना बनाया तो इजरायल की चेतावनी राष्ट्र प्रमुख के वजूद को खत्म करने तक पहुंच गई। यह दोनों देशों के बीच बढ़ रही अदावत का परिचायक है। इजरायल व ईरान के बीच युद्ध समाप्त कराने के लिए ताकतवर देश की ओर से किसी भी स्तर पर कूटनीतिक प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं। उल्टे उत्तेजना से भरे बयान आ रहे हैं। जो अमेरिका रूस व यूक्रेन जंग से तंग आकर इसे समाप्त कराने की दिशा में पहल कर रहा था, वही अब ईरान व इजरायल जंग को हवा देने में लिप्त है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान को चेतावनी भरे बयान कहीं से भी अमेरिकी राष्ट्रपति की गरिमा और कूटनीति की मर्यादा के अनुरूप नहीं हैं। पश्चिम एशिया में जारी इस जंग में विश्व दो ग्रुप में भी बंटता दिखाई दे रहा है। अमेरिका खुले तौर पर इजरायल का साथ देने का ऐलान कर रहा है, वह सैन्य साजो-सामान से तेल अवीव की मदद कर रहा है और ईरान को बुरे अंजाम के प्रति चेता रहा है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ईरान के साथ हैं और युद्ध जल्द खत्म करने के पक्ष में हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी इजरायल व ईरान के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने में भूमिका निभाने की बात कही है। अमेरिका व इजरायल किसी भी हालत में ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देने की अपनी योजना पर अड़े हुए हैं। ईरान के साथ अगर इजरायल का युद्ध लंबा खिंचता है तो विश्व के अधिकांश देशों के लिए ऊर्जा का संकट पैदा हो सकता है। बेशक ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध हो, लेकिन ईरान कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस का बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। चीन बड़ा खरीदार है। इसलिए चीन की कोशिश जंग को जल्द से जल्द खत्म कराने की है, रूस भी यही चाहता है कि जंग जारी न रहे, लेकिन अमेरिका लंबी योजना लेकर चल रहा है। इसलिए उसने पाकिस्तान से अपनी दोस्ती को बढ़ाया है, ताकि ईरान के खिलाफ पाक के सैन्य बेस का इस्तेमाल हो सके। इसी के साथ पाकिस्तान को ईरान खेमे में जाने व उसे मदद करने की संभावना को भी यूएस ने रोक दिया है। पाकिस्तान अमेरिका की चाल समझे या नहीं, पर ट्रंप ने पाक जनरल असीम मुनीर को लंच पर बुलाकर सोची समझी कूटनीतिक चाल चली है। अमेरिका को सऊदी अरब, कतर, यूएई, जॉर्डन, मिस्त्र आदि देशों में अपने सैन्य बेस की बढ़त है। हमास के आतंकी हमले से शुरू सैन्य संघर्ष ने इजरायल व ईरान के बीच भीषण युद्ध का रूप ले लिया है। इजरायल अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। ईरान ने अपने प्रायोजित आतंकी गुटों हमास, हिजबुल्लाह व हूती के जरिये इजरायल को घेर रखा है। भारत ने हमेशा शांति की अपील की है और वार्ता के जरिये मुद्दों को हल करने की बात कही है, लेकिन ईरान व इजरायल के बीच युद्ध में अमेरिका इस तरह से कूदा हुआ है कि हाल-फिलहाल वार्ता की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। रूस खुद युद्ध में लिप्त है, तो वह किस मुंह से शांति का पैगाम देगा। चीन की प्राथमिकता भी निष्पक्ष नहीं है, भारत व पाक के बीच सैन्य संघर्ष में वह खुलकर पाकिस्तान के पक्ष में आ गया था। इसलिए वह भी नैतिक रूप से शांति का पैरोकार नहीं है, अभी भी वह ईरान के पक्ष में है। ईरान व इजरायल को युद्ध छोड़ वार्ता के टेबल पर आना चाहिए और बाहरी प्रभावों से मुक्त होना चाहिए, वरना बढ़ती कटुता शांति में बाधा बनती रहेगी।



जी-7 समिट
विकेश कुमार बडोला

> गंभीर एवं कठोर कार्यनीतियों के सत्यनिष्ठ संकल्प प्रदर्शित करने के स्थान पर जी-7 का प्रमुख सामूहिक वक्तव्य विश्व के मध्य पूर्व में स्थित इजरायल और ईरान के युद्ध पर केंद्रित होकर रह गया। समूह ने इस क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता तो दिखाई है, पर प्रश्न ये है कि समूह के पांच देशों में से किसी भी देश ने अभी तक इजरायल की स्वायत्तता की रक्षा हेतु उसे अपना प्रत्यक्ष सैन्य सहयोग नहीं दिया है। संभवतः यह पहला अवसर होगा जब समूह सात का सम्मेलन बिना किसी ठोस कार्यसंकल्प और पारस्परिक सहयोगात्मक व समन्वयकारी संवाद के समाप्त हो गया। यह सम्मेलन केवल कोरी औपचारिकताओं का सम्मेलन बनकर ही व्यतीत हुआ है।

# युद्ध खत्म कराने का संकल्प न ले सके

कनाडा के कनानैस्किस, अल्बर्टा में 17 जून को आयोजित जी-7 का 51वां सम्मेलन कई वैश्विक समस्याओं के समाधान, विश्व में शांति, स्थिरता के उपादान व संतुलित विकास कार्यक्रम संचालन के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यमंच के रूप में अपेक्षित था, किंतु इस दिशा में गंभीर एवं कठोर कार्यनीतियों के सत्यनिष्ठ संकल्प प्रदर्शित करने के स्थान पर जी-7 का प्रमुख सामूहिक वक्तव्य विश्व के मध्य पूर्व में स्थित इजरायल और ईरान के युद्ध पर केंद्रित होकर रह गया। समूह ने इस क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता तो दिखाई है, पर प्रश्न ये है कि समूह के पांच देशों में से किसी भी देश ने अभी तक इजरायल की स्वायत्तता की रक्षा हेतु उसे अपना प्रत्यक्ष सैन्य सहयोग नहीं दिया है। अमेरिका, जर्मनी, जापान, फ्रांस, इंग्लैंड, इटली व कनाडा ने हालांकि समूह के सामूहिक वक्तव्य के रूप में ये अवश्य कहा है कि इजरायल को अपनी रक्षा का अधिकार है और वे उसकी सुरक्षा के लिए अपना समर्थन प्रकट करते हैं, किंतु नवीनतम वैश्विक कूटनीति को देखकर तो यही प्रतीत होता है कि इजरायल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक ध्वस्ताधूत करने के लिए धरातल पर उसका सैन्य-सहयोग करने या न करने, कब व किस स्तर पर करने का अंतिम निर्णय अमेरिका को छोड़ शेष छह देशों के हाथों में है ही नहीं। समूह ने पूरे मध्य पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि की है।

समूह ने खुलकर ये भी कहा है कि ईरान जो है वो क्षेत्रीय अस्थिरता एवं आतंक का मुख्य स्रोत है। अपने पहले कार्यकाल से ही अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ट्रंप द्वारा बारंबार ये दावा किया जाता रहा है कि ईरान के पास परमाणु कार्यक्रमों की विस्तृत योजना है और उसने कुछ परमाणु बम बना भी लिए हैं। लेकिन चूंकि ईरान का परमाणु कार्यक्रम स्वतंत्र रूप में चला आ रहा है और इसमें अमेरिका की ओर से सहयोग, रखरखाव, अनुरक्षण और परमाण्विक प्रौद्योगिकी या तकनीक हस्तांतरण के लिए कोई हस्तक्षेप नहीं है, इस बिंदु पर अमेरिका आरंभ से ही असहज था। वह मध्य पूर्व के अपने क्षेत्रीय सहयोगी इजरायल के माध्यम से किसी तरह ईरान के परमाणु ठिकानों, कार्यक्रमों और इनसे जुड़े हुए वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं, सैन्य प्रमुखों तथा नेताओं को खत्म कर देना चाहता था। लेकिन नव अमेरिकी शासन में राष्ट्रीय गुप्तचर निदेशक तुलसी गेबार्ड के इस वक्तव्य ने ईरान के संदर्भ में स्वयं अमेरिका, इजरायल और विश्व के दूसरे देशों के लिए ऊहापोह की स्थितियां उत्पन्न कर दी हैं कि ईरान के पास कोई परमाणु कार्यक्रम नहीं है और उसके सर्वोच्च नेता ने नया परमाणु कार्यक्रम स्वीकृत नहीं किया है। ऐसा ही वक्तव्य अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को छोड़ समूह सात के अन्य राष्ट्र प्रमुखों का भी है।

उनके अनुसार वे लगातार स्पष्ट कर रहे हैं कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकता। इस परिस्थिति में ईरान और उसके परमाणु हथियारों के संबंध में सत्य व असत्य के दो पक्ष उभर आए हैं। इसके आलोक में पहला प्रश्न ये उभरता है कि जब ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं थे या हैं, तो वह गत आठ-दस वर्षों से अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रतिकार के लिए क्यों ये धमकी देता रहता था कि वह परमाणु शक्ति से संपन्न है



और अमेरिका या किसी भी अन्य देश से अपनी स्वायत्तता की सुरक्षा भलीभांति कर सकता है। दूसरा प्रश्न ये है कि यदि वास्तव में उसका कोई परमाणु कार्यक्रम था ही नहीं, तो उसने इस संदर्भ में अमेरिका को आवश्यक सूचनायें व जानकारियां क्यों नहीं दीं। अमेरिकी राष्ट्रपति को प्राप्त होने वाली कोई भी गुप्तचर सूचना व्यर्थ नहीं हो सकती है और ना ही इजरायल की राष्ट्रीय गुप्तचर एजेंसी मोसाद को हलके में लिया जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति और मोसाद के नेतृत्व में इजरायल का प्रामाणिक दावा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अधिक सीमा तक आगे बढ़ चुका है और उसने कुछ परमाणु बम, हथियार, मिसाइलें बना भी ली हैं और वह उन्हीं के प्रभाव में अमेरिका पर हमला करने तथा इजरायल का अस्तित्व समाप्त करने की धमकियां देता रहा है। और अंततः ईरान की इसी अकड़ को तोड़ने के लिए इजरायल ने उसके चिन्हित सैन्य व परमाणु ठिकानों पर छह दिन पहले हवाई हमले आरंभ कर दिये थे, जिसके बाद अभी भी दोनों देशों की ओर से एक-दूसरे पर मिसाइलों, ड्रोनों से लगातार हमले किये जा रहे हैं। इस संघर्ष में जहां ईरान में 400 से अधिक तो इजरायल में 50-100 के लगभग लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ईरान की राजधानी तेहरान समेत इजरायल हवाई हमलों से ध्वस्त दूसरे नगरों को छोड़कर अन्य देशों में जाने वाले ईरानियों व विदेशी नागरिकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। भारतीय प्रधानमंत्री ने कनाडा में आयोजित समूह सात के सम्मेलन में सम्मिलित होने से पहले क्रोएशिया व साइप्रस में भी अपने कूटनीतिक पड़ाव डाले हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कनाडा में कनाडा तथा अन्य छह राष्ट्र प्रमुखों के साथ प्रमुख बिंदुओं पर उपयोगी विचार-विमर्श की तुलना में मोदी के लिए क्रोएशिया व साइप्रस में रुकना अधिक लाभदायी रहा। दुनिया, भारत-अमेरिका को अपेक्षा थी कि जी-7 में ट्रंप व मोदी की भेंट से वैश्विक अस्थिरताओं के संदर्भ में कुछ समाधानमूलक कार्यबिंदु निकलेंगे, किंतु ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को रौंदते भारत को युद्ध समाप्त करने के लिए मनवाने का 14 बार दावा कर चुके ट्रंप का मोदी के कनाडा पहुंचने से पहले ही बीच में जी-7 की बैठक छोड़ इजरायल-ईरान के युद्ध के संदर्भ में आवश्यक निर्णय लेने वाशिंगटन जाने का बहाना, समूह सात की समग्र कार्यनीतियों के समक्ष भावी अनिर्णय की स्थिति छोड़ गया।

संभवतः यह पहला अवसर होगा जब समूह सात का सम्मेलन बिना किसी ठोस कार्यसंकल्प और पारस्परिक सहयोगात्मक व समन्वयकारी संवाद के समाप्त हो गया। वैसे भी चीन, भारत का नई आर्थिक शक्तियों के रूप में उभरने के बाद समूह सात की व्यावहारिक उपयोगिता वर्ष-प्रतिवर्ष कम होती जा रही है। इटली, कनाडा, जापान, इंग्लैंड व फ्रांस से बड़ी आर्थिक शक्तियां तो एशिया के भारत व चीन हैं। ऐसे में समूह सात अब केवल अमेरिका व जर्मनी के प्रतिनिधित्व के साथ प्रासंगिक नहीं रह सकता। अमेरिकी ट्रंप प्रशासन तो वैसे भी समूह सात, समूह बीस, संयुक्त राष्ट्र, इत्यादि सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व संगठनों के प्रति अपने पहले व पिछले कार्यकाल में भारी हतोत्साहना प्रदर्शित कर ही चुका है। ऐसे में कनाडा में संपन्न 51वें समूह सात सम्मेलन में विश्व के लिए कुछ ठोस और उपयोगी कार्यक्रम निर्धारित करने की परिस्थिति बनी ही नहीं है। कह सकते हैं कि यह सम्मेलन केवल और केवल कोरी औपचारिकताओं का सम्मेलन बनकर ही व्यतीत हुआ है। बता दें कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख की पुष्टि करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 के नेताओं से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को गति देने का आग्रह किया और इसे ''बढ़ावा देने और समर्थन'' देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
डॉ. रमेश ठाकुर



# राष्ट्रीय राजमार्गों पर किफायती होगी नई टोल भुगतान नीति

टोल टैक्स पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफा फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल में आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साझा की। नए नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियायत मिल पाएगी? गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है। फास्टैग से टोल वसूली का पैसा सरकार के खजाने में जाता है। वित्तीय वर्ष-2024 में देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपये से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो? केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेतहाशा इजाफा हुआ, जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपये का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक सालभर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि, इसमें एक पेंच फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रुपये से लेकर 200 रुपये के बीच होती है। 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रुपये ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर पर होगा। योजना की एक अच्छी बात ये है कि चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेशर पड़ा है। रोज कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है। अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। इसलिए सरकार के लिए ये क्षेत्र कमाई का बड़ा जरिया बन गया है। सरकार को नेशनल हाईवे से प्रति वर्ष टोल बूथों पर टैक्स के तौर पर 1.44 लाख करोड़ रुपये की कमाई हो रही है। कमाई बढ़े अच्छी बात है, पर सड़कों की सुरक्षाओं को लेकर वाहन चालकों के प्रति जो चिंताएं हैं वह भी कम होनी चाहिए। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

(लेखक राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान के सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सत्य के प्रति जागने में ही 'जीवन की महत्ता'



संकलित
**दर्शन**

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।

# मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित
**प्रेरणा**

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़यि कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारों कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोले- गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## सटाका...




## आज की पाती


### बरसात में सावधान- सतर्क रहने की जरूरत

पहाड़ी इलाकों में बरसात कभी-कभी पर्यटकों की जान पर भारी पड़ जाती है। देश में बरसात का मौसम अपने पूरे यौवन पर आ रहा है। ज्यादा बारिश होने से पहाड़ियों की मिट्टी कमजोर पड़ जाती है जिस कारण पहाड़ियों के खिसकने की संभावना ज्यादा प्रबल हो जाती है। सडकों का भी ऐसा ही हाल बेहाल हो जाता है। प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के दूसरे पहाड़ी राज्यों में ऐसी स्थिति होती है। इसलिए इस मौसम में इन पहाड़ी क्षेत्रों में जाने से पर्यटकों को परहेज करना चाहिए। और वहां के स्थानीय लोगों को भी पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी चाहिए। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि वो इन पहाड़ी इलाकों में आने वाले पर्यटकों पर कड़ी नजर रखें। कुछ पर्यटक खतरनाक क्षेत्रों में सेल्फी और रील्स लेने की कोशिश भी करते हैं, जो कि उनकी जान पर भारी पड़ सकता है।

*- संतोष ठाकुर, बसना*

## करंट अफेयर

# म्यांमार के गृहयुद्ध में उतरे रोहिंग्या मुस्लिम



म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध ने सबसे ज्यादा प्रभाव रखाइन राज्य पर डाला है। रखाइन में बीते महीनों में अराकान आर्मी (एए) ने लगातार जुंटा शासन के खिलाफ बढ़त बनाई है और राज्य के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा कर लिया है। एए का रुख स्थानीय रोहिंग्या मुस्लिमों के खिलाफ रहा है। इसकी वजह से रोहिंग्याओं को बड़ी तादाद में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसका नतीजा ये हो रहा है कि कई विद्रोही समूह रखाइन में एए के खिलाफ लड़ाई में जुंटा के साथ शामिल हो गए हैं। इससे बांग्लादेश में शरण लिए रोहिंग्याओं का संकट बढ़ सकता है। बांग्लादेश में ही ये गुट लड़ाकों की भर्ती कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप (आईसीजी) की एक नई रिपोर्ट कहती है कि रोहिंग्या विद्रोही समूहों ने रखाइन के लिए लड़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बांग्लादेश में शरणार्थी शिविरों को नियंत्रित करने के लिए वर्षों से चल रहे युद्ध को रोक दिया है। ये गुट जुंटा सैनिकों या संबद्ध मिलिशिया के साथ एए के खिलाफ लड़ रहे हैं। म्यांमार में रखाइन राज्य में पिछले 18 महीनों में सैन्य सरकार ने सबसे अधिक जमीन खोई है। अराकान आर्मी ने उत्तरी रखाइन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है और पूरे राज्य पर कब्जा करने की तैयारी में है।

## ऑफ बीट

# आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसन के लिए जिम्मेदार



कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसंन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसंन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया, जिन्हें अज्ञात कारण से पार्किंसंन रोग हुआ था। ऐसे लोगों की तुलना उन लोगों से की गई, जो अन्य मस्तिष्क विकार स्थितियों जैसे अल्जाइमर रोग (19,046) या सेरेब्रोवास्कुलर रोग से ग्रसित (23,942) या इनमें से कोई भी नहीं (24,624) पाए गए थे। पार्किंसंन रोग से पीड़ित लोगों का उनके इस रोग का पता चलने से औसतन 6 साल पहले के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में शामिल आंत रोग स्थितियों की आवृत्ति की तुलना करने के लिए उम्र, लिंग और अन्य विवरणों के आधार पर अन्य समूहों के लोगों के साथ मिलान किया गया था।

## ट्रेंड

### कश्मीर की असली आत्मा



पहलगाम में नृशंस आतंकी हमले की जगह का दौरा किया और स्थानीय लोगों और पर्यटकों से बातचीत की, जिन्होंने इस क्षेत्र को फिर से जीवंत बना दिया है और रोज़मर्रा की ज़िंदगी की लय में ला दिया है। यही कश्मीर की असली आत्मा है।
**- गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री**

### सहयोगात्मक प्रयास



गोवा प्रौद्योगिकी संघ की नवगठित प्रबंध समिति के साथ राज्य में अधिक रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सहयोगात्मक प्रयासों की योजना बनाने के लिए उपयोगी चर्चा हुई।
**- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### स्वस्थ मध्यप्रदेश बनाएंगे



सिकल सेल रोग उन्मूलन के राष्ट्रीय संकल्प को मध्यप्रदेश दृढ़ता से साकार कर रहा है। विश्व सिकल सेल रोग जागरूकता दिवस पर संकल्प लें कि इसके उन्मूलन के प्रयासों में योगदान देकर स्वस्थ मध्यप्रदेश के निर्माण में सहभागी बनेंगे।
**- डॉ. मोहन यादव, सीएम, गोवा**

### सिख धर्म के प्रति सम्मान



मैंने पावंटा साहिब में आयोजित जनसभा में किसी भी समुदाय विशेष के बारे कोई भी टिप्पणी नहीं की है। मेरी गुरु गोविन्द सिंह के प्रति अगाध श्रद्धा है और सिख धर्म के प्रति बहुत सम्मान है। अतः मेरी बात को गलत तरह से न लिया जाए।
**- जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम, हप्र**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत का रिकॉर्ड

# रैंकिंग में देश के 54 संस्थान शामिल, आईआईटी दिल्ली टॉप पर

## शिक्षा मंत्री प्रधान ने दी जानकारी, इसे बताया 'क्रांति का परिणाम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में इस बार 54 भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों ने जगह बनाई है। यह अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसकी जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय इस वैश्विक सूची में शामिल थे, वहीं आज यह संख्या पांच गुना बढ़कर 54 हो गई है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में लागू की गई शिक्षा सुधार नीतियों और नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का नतीजा बताया। इस साल की रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली को 123वां स्थान मिला है, जो भारत का सर्वोच्च स्थान है। इसके अलावा कई अन्य आईआईटी और प्रमुख विश्वविद्यालयों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

**2014 में केवल 11 भारतीय विवि थे शामिल**



**यह देश की शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन और प्रगति का प्रमाण**



एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में रिकॉर्ड 54 संस्थानों की भागीदारी भारत की शिक्षा प्रणाली में आए परिवर्तन और प्रगति का प्रमाण है। यह सिर्फ बदलाव नहीं, बल्कि एक शैक्षिक क्रांति है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब जी 20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती शिक्षा प्रणाली है और अमेरिका, यूके और चीन के बाद चौथा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश बन चुका है।

### लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण फर्म कर रही रैंकिंग

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का प्रकाशन लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण फर्म क्यूएस्क्युरेली साइमंज्स द्वारा किया जाता है। यह रैंकिंग कई मानकों (जैसे- अकादमिक प्रतिष्ठा, फैकल्टी-स्टूडेंट अनुपात, शोध प्रभाव, अंतरराष्ट्रीय छात्रों की उपस्थिति और स्नातकों की रोजगार क्षमता) पर आधारित होती है।

### भारत बना चौथा सबसे बड़ा प्रतिनिधि देश

इस साल भारत से 8 नए संस्थानों को पहली बार रैंकिंग में शामिल किया गया है। अब भारत इस सूची में अमेरिका (192), यूके (90), और चीन (72) के बाद चौथा सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व वाला देश बन चुका है।किसी भी अन्य देश ने इस साल रैंकिंग में इतनी अधिक संख्या में संस्थानों को शामिल नहीं किया है।

*प्रधानमंत्री ने भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर बताया*

### दिल्ली ने 2 वर्ष में 70 से अधिक पायदान चढ़कर प्रतिष्ठा प्राप्त की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' 2026 भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर लेकर आई है। इस



रैंकिंग में भारत के 54 संस्थानों को शामिल किया गया है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी 2026 रैंकिंग हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर लेकर आई है। हमारी सरकार भारत के युवाओं के लाभ के लिए अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गुरुवार सुबह जारी रैंकिंग के अनुसार, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-दिल्ली सर्वोच्च रैंकिंग वाला भारतीय संस्थान है। संस्थान ने दो वर्षों में 70 से अधिक पायदान चढ़कर प्रतिष्ठित सूची में 123वां स्थान प्राप्त किया है।

---

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर कटे मिले युवक-युवती के शव

**मुरादाबाद।** बिलारी क्षेत्र में गुरुवार सुबह सनसनीखेज घटना सामने आई। बिलारी-चंदौसी रेलवे लाइन



पर स्थित कुआं खेड़ा हाल्ट के पास युवक और युवती के ट्रेन से कटे शव मिलने से सनसनी फैल गई। भोला उर्फ सुशांत पुत्र राजपाल सिंह और युवती आशी पुत्री मित्र पाल दोनों सैफपुर जगना गांव के निवासी थे।भोला गांव में रहकर खेती करने के साथ ट्रैक्टर भी चलाता था।

### झारखंड में भारी बारिश से 3 बच्चों की मौत

**रांची।** झारखंड में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश ने खूब तबाही मचाई है। सूबे के खूंटी जिले



की मुरहू पंचायत में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे एक निर्माणाधीन कुआं ढह गया। इस हादसे में दो स्कूली बच्चे, जिनकी उम्र 9 और 10 साल थी, मिट्टी के मलबे में दब गए। बताया जा रहा गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे दोनों बच्चों के शव मलबे से निकाले गए।

### लोकल ट्रेन दुर्घटना में घायल समेत 5 मौतें

**ठाणे।** ठाणे जिले के मुंब्रा स्टेशन के पास 9 जून को हुई उपनगरीय ट्रेन दुर्घटना में घायल एक यात्री की



गुरुवार को एक निजी अस्पताल में मौत होने के बाद इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हो गई। ठाणे के तहसीलदार उमेश पाटिल ने कहा कि घायल यात्री अनिल मोरे का निजी अस्पताल में इलाज हो रहा था और आज 11 बजे उनकी मौत हो गई।

### खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर को उतारा

**कोच्चि।** तट की नियमित गश्त पर निकले तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टर को गुरुवार को खराब



मौसम के कारण एहतियातन केरल के कॉलेज के मैदान में उतरना पड़ा। चेतक गश्त से लौट रहा था तभी मौसम खराब हो गया। चालक दल ने एर्नाकुलम के कोठामंगलम के पास चेलाड में सेंट ग्रेगोरियस डेंटल कॉलेज के फुटबॉल मैदान में एहतियातन उतारा।

### सतारा में बस पेड़ से टकराई, 20 घायल

**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में गुरुवार सुबह राज्य परिवहन की एक बस के सड़क किनारे पेड़ से



टकराने के कारण कम से कम 20 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब आठ बजे ढेबेवाडी-पाटण रोड पर जणुगादेवी गांव के पास हुई, जब महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के पाटण डिपो की एक बस ढेबेवाडी जा रही थी।

---

## गृहमंत्री ने कहा- देश को समझने के लिए विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं

# बदलाव का समय निकट आया, आगामी समय में अंग्रेजी बोलने में 'शर्म' आएगी





**भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए यह टिप्पणी की**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी भाषा से होती है। भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को दोबारा प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है, केवल दृढ़ निश्चयी लोग ही बदलाव ला सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं हैं। अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है।

**भाषा विवाद के बीच शाह का बड़ा ऐलान**

**दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया**



### भाषा विवाद और 'हिंदी थोपना'

*गृहमंत्री शाह की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दक्षिणी और विपक्षी शासित राज्यों ने केंद्र पर 'त्रि-भाषा फार्मूले' के कार्यान्वयन के माध्यम से हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। ये नई शिक्षा नीति (एनईपी) का एक हिस्सा है।*

### औपनिवेशिकता को बताया गुलामी का प्रतीक

शाह ने यह भी भविष्यवाणी की कि दुनिया भर में अंग्रेजी को औपनिवेशिक गुलामी के प्रतीक के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश, हमारी संस्कृति, हमारे इतिहास और हमारे धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के माध्यम से संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि मुझे पूरा अहसास है कि यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर, आत्मसम्मान के साथ, हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे।

### प्रधानमंत्री के पंच प्रण का किया जिक्र

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण काजिक्र किया। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य की भावना जगना। उन्होंने कहा कि ये पांच प्रतिज्ञाएं देश के नागरिकों का संकल्प बन गई हैं। 2047 के विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

### पूर्व आईएएस की पुस्तक का किया विमोचन

शाह पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की पुस्तक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन में गुरुवार को शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति लाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यह मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, इसलिए यहां सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। मेरा मानना है कि कोई शासक अगर सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।

**कल आएंगे छत्तीसगढ़**

### रायपुर में नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की नींव रखेंगे, जवानों से मिलेंगे



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 जून को 2 दिनी दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगे। इस दौरान वेयहां नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) और राज्य की फॉरेंसिक लैब की आधारशिला रखेंगे। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि शाह बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों के एक शिविर का भी दौरा करेंगे। अपने दौरे के दौरान नक्सल विरोधी अभियानों पर एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने नवा रायपुर में एनएफएसयू के लिए 40 एकड़ जमीन आवंटित की है। केंद्र सरकार इस यूनिवर्सिटी को करीब 400 करोड़ की लागत बनाएगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य फोरेंसिक लैब एनएफएसयू के करीब ही छह से सात एकड़ भूमि पर स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि शाह अगले दिन सुरक्षाबलों के एक शिविर (बस्तर क्षेत्र में) का दौरा करेंगे।

---

**4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव**

# निलंबूर उपचुनाव के दौरान यूडीएफ व एलडीएफ भिड़े

**राज्यसभा की 8 सीटों के लिए भी मतदान पूरा 23 को आएंगे इसके नतीजे**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदानहो गया है। ये 4 राज्य हैं गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल। नतीजे 23 जून को आएंगे। मगुजरात में दो सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, जिनके नाम हैं कादी और विसावदर। इसके अलावा राज्यसभा की 8 सीटों के लिए भी वोटिंग हुई। इन 8 सीटों में असम से दो और तमिलनाडु से 6सीटें शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में कालीगंज विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार आशीष घोष ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पहले, जब मैं वोट डालने गया तो अधिकारी मेरी अंगुली पर स्याही लगाना भूल गए। फिर, जब उन्होंने देखा कि स्याही नहीं थी, तो मैं वापस गया और उन्होंने जानबूझकर मेरी मध्यमा उंगली पर स्याही लगा दी।

### बंगाल के निलंबूर में 71 फीसदी मतदान

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उपचुनाव के लिए गुरुवार की शाम 5 बजे तक प.बंगाल के कालीगंज में 60 फीसदी वोटिंग हुई। पंजाब के लुधियाना में 41फीसदी मतदान हुआ। निलंबूर उपचुनाव के लिए मतदान समाप्त हो गया। भारी बारिश के बावजूद निलंबूर में अच्छा मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक 70.76 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पिछली बार 76.6 प्रतिशत मतदान हुआ था। लुधियाना पश्चिम में शाम 5 बजे तक 49.07फीसदी वोटिंग हुई। दोपहर 3 बजे तक गुजरात के कादी विधानसभा सीट के उपचुनाव में 46.33 प्रतिशत वोटिंग हुई और गुजरात के विसावदर में 47.67 प्रतिशत वोटिंग हुई। केरल के निलांबुर में 59.68 प्रतिशत वोटिंग हुई। वहीं पंजाब की लुधियाना वेस्ट सीट पर 41 प्रतिशत वोटिंग हुई। मतगणना सोमवार को होगी।

### चुनाव प्रचार समाप्त, एफडीएफ ने किया प्रचार

निलंबूर विधानसभा उपचुनाव के दौरान आज कुरुम्बलंगोड क्षेत्र में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यूडीएफ और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट एलडीएफ कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। यूडीएफ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि चुनाव प्रचार अवधि समाप्त होने के बावजूद एलडीएफ के बाहरी कार्यकर्ता मतदान केंद्रों के आस-पास मौजूद थे और चुनाव दिन भी प्रचार कर रहे थे।

---

**सामाजिक न्याय पर सीजेआई गवई ने कहा**

# सामाजिक-आर्थिक न्याय अहम, संविधान की वजह से ही तोड़ पाया जाति की बेड़ियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी देश असल में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा है कि समाज में स्थिरता, सामंजस्य और सतत विकास करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय सबसे अहम है। सीजेआई बुधवार को मिलान में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिकाः भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब' विषय पर बोलने के लिए आमंत्रित किया गया था।

### भारतीय संविधान कठिन संघर्ष के बाद बना

**'भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब' पर दिए उद्गार**



जस्टिस गवई ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता को लेकर सचेत थे। संविधान को लंबे और कठिन संघर्ष के बाद तैयार किया गया था।

**संवैधानिक आदर्शों का उत्पाद हूं :** उन्होंने कहा, मैं आज यहां फिर दोहराता हूं कि समावेश और परिवर्तन के इस संवैधानिक दृष्टिकोण के कारण ही मैं भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में आपके सामने खड़ा हूं। मैं उन्हीं संवैधानिक आदर्शों का उत्पाद हूं, जो अवसरों को लोकतांत्रिक बनाने और जाति की बेड़ियों को तोड़ने की मांग करते हैं।

### 'राष्ट्रपति निकेतन' का निरीक्षण करेंगी मुर्मू, जल्द खुलेगा

**देहरादून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अपने 67वें जन्मदिन पर 20 जून को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में



मनाएंगी। उसी दिन वह ऐतिहासिक 'राष्ट्रपति निकेतन' का दौरा कर आम जनता के लिए खोलने की तैयारियों की समीक्षा करेंगी। 186 साल पुराना राष्ट्रपति का विश्रामगृह अब 24 जून से आम लोगों के लिए खुल जाएगा। पहले 'राष्ट्रपति आशियाना' कहा जाता था।

**सिकल सेल दिवस पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी जानकारी**


**'भारत सिकल सेल मुक्त भविष्य अभियान'**

# इस बीमारी का पता लगाने के लिए 5.72 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अब तक लगभग 5.72 करोड़ लोगों की जांच की है। यह सब 'भारत सिकल सेल मुक्त भविष्य अभियान' के तहत हो रहा है। इसकी जानकारी भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को सिकल सेल दिवस के मौके पर दी। विश्व सिकल सेल दिवस हर साल 19 जून को मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को सिकल सेल बीमारी (एससीडी) के बारे में जागरूक करना होता है।

### समय पर इलाज नहीं तो यह खतरनाक बन जाएगी



एससीडी एक जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर है, जो सीधे हमारे खून की लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करती है। इस बीमारी में शरीर में आरबीसी की संख्या कम हो जाती है, जिससे शरीर के अंगों तक सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता। ऐसे में थकान, दर्द और कमजोरी जैसी परेशानियां हो सकती हैं। अगर वक्त पर इसका इलाज न हो, तो यह बीमारी खतरनाक भी बन सकती है।

**देश को इससे मुक्त करेंगे :** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा कि इस विश्व सिकल सेल दिवस पर, भारत अब सिकल सेल मुक्त भविष्य की तरफ एक कदम और बढ़ गया है।

---

**सांसद थरूर ने पार्टी के अंदर चर्चा करने की बात कही**

# पार्टी में मेरे कुछ मतभेद, मैं देशसेवा से पीछे नहीं हटूंगा

**पीएम मोदी के साथ केवल सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के मामलों पर की थी चर्चा**

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

तिरुवनंतपुरम लोकसभा से सांसद शशि थरूर ने पार्टी के अंदर मतभेद की बात कबूल की है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी के साथ बातचीत पर कहा है कि वो चर्चा केवल सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से जुड़े मामलों पर थी। उन्होंने कहा कि देश की सेवा के लिए वे हमेशा तैयार हैं। तिरुवनंतपुरम में मीडियाकर्मियों से साथ थरूर ने कहा कि मैं पिछले 16 सालों से कांग्रेस में काम कर रहा हूं। पार्टी के साथ मेरे कुछ मतभेद हैं, और मैं पार्टी के अंदर इस पर चर्चा करूंगा। समय आने दीजिए।



### थरूर को लेकर सियासत गरम

थरूर समेत सभी प्रतिनिधिमंडल के नेता जब विदेश दौरों के बाद वापस आए थे, तो पीएम मोदी ने उनसे मुलाकात की थी और उनसे उनके एक्सपीरियंस भी जाने थे। थरूर को लेकर सियासत इसलिए भी गरम है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने डेलिगेशन के लिए जिन नेताओं के नाम भेजे थे, उसमें थरूर का नाम नहीं था। पर, भारत सरकार ने थरूर को न केवल डेलिगेशन में शामिल किया, बल्कि उन्हें एक डेलिगेशन का मुख्य लीडर भी बनाया था।

### पीएम मोदी के साथ बात पर दी सफाई

पीएम मोदी के साथ चर्चा को लेकर थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ चर्चा सिर्फ सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से जुड़े मामलों पर थी। जब देश के लिए कोई मुद्दा उठता है, तो देश के साथ खड़े होना हमारी जिम्मेदारी है। जब देश को मेरी सेवा की जरूरत होगी, तो मैं हमेशा तैयार हूं।

**ट्रंप के साथ मुनीर के लंच का 'उड़ाया मजाक'**

### 'फूड फॉर थॉट' मिला होगा

**नई दिल्ली।** थरूर ने पाक के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच पर तंज कसा है। थरूर ने उम्मीद जताई कि मुनीर को ट्रंप के साथ भोजन करते समय 'फूड फॉर थॉट' (सोचने के लिए कुछ) मिला होगा। मुनीर ने कहा था कि ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।इसके तुरंत बाद उन्हें व्हाइट हाउस में भोजन से पुरस्कृत किया गया।

**कर्नाटक में हासन की फिल्म रिलीज केस**

# सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से अड़चन पर सख्त एक्शन लेने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्टर कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की कर्नाटक में अटकी रिलीज पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य में फिल्म की स्क्रीनिंग में अड़चन डालने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए।

17 जून को आदेश में कहा था कि इस फिल्म को राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि कानून के अनुसार सीबीएफसी मंजूरी वाली फिल्म को हर राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और



न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने राज्य सरकार का यह आश्वासन दर्ज किया कि यदि राज्य में फिल्म प्रदर्शित की गई तो वह सिनेमाघरों को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराएगी। पीठ ने कहा कि वह ऐसी स्थिति पैदा नहीं होने देना चाहती, जिसमें किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे और फिल्म की रिलीज रोक दी जाए।

**पीएम मोदी की कनाडा साइप्रस, क्रोएशिया यात्रा पूरी**


*अपने दौरे पर पीएम मोदी देश के पारंपरिक उपहार लेकर गए थे। यात्रा के दौरान उन्होंने साइप्रस, कनाडा के जी-7 शिखर सम्मेलन और क्रोएशिया में जिन-जिन नेताओं से मुलाकात की, सभी को उपहार भेंट किए*

# नेताओं को दिए खास पारंपरिक तोहफे, भारत के आठ राज्यों से है गहरा नाता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा पूरी हो गई है। पीएम मोदी ने साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस से मुलाकात की। इसके बाद कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इसके बाद पीएम मोदी क्रोएशिया पहुंचे और वहां राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच और पीएम आंद्रेज प्लेंकोविच से मुलाकात की। अपने दौरे पर पीएम मोदी देश के पारंपरिक उपहार लेकर गए थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यांग को मधुबनी पेंटिंग भेंट की। मधुबनी पेंटिंग को मिथिला कला भी कहा जाता है।

### ओडिशा का पट्टचित्र



क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच को ओडिशा की एक पट्टचित्र पेंटिंग उपहार में दी। पट्टचित्र ओडिशा की पारंपरिक कला रूप है। ये कलाकृतियां आमतौर पर भारतीय पौराणिक कथाओं, खासकर भगवान कृष्ण और जगन्नाथ परंपरा से जुड़ी हैं। कलाकार प्राकृतिक रंगों और हस्तनिर्मित ब्रश का उपयोग करते हैं।

### सिल्वर कैंडल स्टैंड



पीएम मोदी ने क्रोएशिया के पीएम आंद्रेज प्लेंकोविच को सिल्वर कैंडल स्टैंड उपहार में दिया। राजस्थान का यह सिल्वर कैंडल स्टैंड क्षेत्र की पारंपरिक धातु कला का सुंदर उदाहरण है। कुशल कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित और उत्कीर्णन तकनीकों का उपयोग करके बनाए गए विस्तृत पुष्प और ज्यामितीय डिजाइन हैं।

### पीतल का बोधि वृक्ष



पीएम मोदी ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को पीतल का बोधि वृक्ष भेंट किया। बिहार से पीतल का यह बोधि वृक्ष मूर्ति कला का एक सुंदर और सार्थक नमूना है। पीतल से हाथ से बनाया गया। यह पवित्र बोधि वृक्ष उस स्थान को दिखाता है जहा बुद्ध को बोधगया में ज्ञान प्राप्त हुआ था।

### कोल्हापुरी सिल्वर पॉट



ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज को कोल्हापुरी सिल्वर पॉट भेंट किया। यह खूबसूरत कोल्हापुरी सिल्वर पॉट महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बना है। जो चांदी की शिल्पकला की अपनी समृद्ध परंपरा के लिए जाना जाता है। शुद्ध चांदी से बने इस बर्तन को विस्तृत पुष्प और पैस्ले डिज़ाइनों से सजाया गया है।

### सोने की पत्ती से बना पेपर माचे बॉक्स



अल्बर्टा की लेफ्टिनेंट गवर्नर सलमा लखानी को सोने की पत्ती से बना एक पेपर माचे बॉक्स उपहार में दिया। जम्मू और कश्मीर का यह पेपर माचे बॉक्स इस क्षेत्र की समृद्ध कला परंपरा का एक सुंदर उदाहरण है। यह एक सजावटी वस्तु है।

### डोकरा नंदी मूर्ति



पीएम नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को डोकरा नंदी की मूर्ति भेंट की। तमिलनाडु की यह खूबसूरत डोकरा नंदी मूर्ति पारंपरिक धातु शिल्प और आध्यात्मिक कला का बेहतरीन मिश्रण है। यह प्राचीन खोई हुई मोम विधि का उपयोग करके बनाई गई है।

### हंस मूर्ति के साथ बेंत और बांस की नाव



ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा को हंस की मूर्ति के साथ बेंत और बांस की नाव उपहार में दी। हंस की मूर्ति के साथ बेंत और बांस की यह नाव मेघालय का एक सुंदर हस्तनिर्मित शिल्प है। बेंत और बांस जैसी प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग करके बनाई गई यह नाव पर्यावरण के अनुकूल है।

---

**कनाडा की खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने स्वीकारा**

# भारत में हिंसा फैला रहे हैं खालिस्तानी चरमपंथी, फंड इकट्ठा कर रच रहे साजिश

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



आखिरकार कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों की जिन नकारात्मक गतिविधियों का भारत ने कई बार तथ्यों के साथ खुलासा किया...वो सोलह आने सच साबित हुई हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं। क्योंकि अब खुद कनाडा की शीर्ष खुफिया एजेंसी सीएसआईएस ने अपनी एक ताजातरीन वार्षिक रिपोर्ट में इस तथ्य को संसद में पेश करते हुए स्वीकार किया है। ये सीएसआईएस का मामले में किया गया पहला आधिकारिक कबूलनामा है। जिसमें उसने माना है कि खालिस्तानी चरमपंथी कनाडा की सीमाओं के अंदर से ही अपनी तमाम भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित करने और भारत में हिंसा को बढ़ावा देने, योजना बनाने और उसके लिए धन जुटाने के लिए कनाडा की धरती का उपयोग एक बेस यानी आधार के रूप में कर रहे हैं। यहां बता दें कि कनाडा की खुफिया एजेंसी ने अपनी यह रिपोर्ट बीते बुधवार को उस वक्त सार्वजनिक की। जब कनानसकीस में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच पहली द्विपक्षीय बैठक हुई।

### 1980 से जारी खालिस्तानी चरमपंथ की कहानी

ओटावा की खुफिया एजेंसी का कहना है कि बीते करीब साढ़े चार दशक से (वर्ष-1980) कनाडा आधारित खालिस्तानी चरमपंथी (सीबीकेई) पंजाब के भीतर खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र राज्य बनाने के लिए हिंसात्मक रूप से अपना अभियान चला रहे हैं। कनाडा में राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक उग्रवाद (पीएमवीई) का खतरा मुख्यतः कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों (सीबीकेई) के जरिए ही सामने आया है। लोगों के एक छोटे समूह को खालिस्तानी चरमपंथी माना जाता है। लेकिन वहां उभरने वाला वास्तविक और कथित खालिस्तानी चरमपंथ कनाडा में भारतीय विदेशी हस्तक्षेप गतिविधियों को संचालित करना जारी रखता है। नई दिल्ली का सालों से ओटावा पर ये आरोप है कि वो कनाडा में जारी भारत विरोधी तत्वों के मामले में आंखें मूंदे बैठा है। लंबे इंतजार के बाद सीएसआईएस की यह स्वीकारोक्ति सबके सामने आ गई है। खुफिया एजेंसी ने रिपोर्ट में यह भी कहा कि चीन, रूस, ईरान और पाकिस्तान के साथ ही भारत, कनाडा में विदेशी दखल और जासूसी का एक मुख्य अपराधी है।

### समुदायों, नेताओं को करते प्रभावित

*रिपोर्ट में ये आरोप लगाया गया है कि भारतीय अधिकारी जिनमें उनके कनाडा के छद्म एजेंट शामिल हैं। देश में कई तरह की गतिविधियों में शामिल हैं। इसमें कनाडा के समुदाय और नेताओं को प्रभावित करना मुख्य रूप से शामिल है। चेतावनी भरे लहजे में विदेशी दखल से जुड़ी हुई कपटी और धमकी वाली गतिविधियों को लेकर चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, निज्जर मामले से भारत सरकार और अपराधी नेटवर्क के बीच संबंधों का खुलासा हुआ है। भारत ने काफी पहले ही साफ तौर पर ओटावा के तमाम आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए निज्जर की हत्या में अपने देश की किसी भी तरह की भागीदारी से साफ तौर पर इंकार किया है।*

---

**युद्ध के बीच ईरान से हुई 110 भारतीय छात्रों की स्वदेश वापसी, हवाईअड्डे पर विदेश राज्य मंत्री ने किया स्वागत**

**भारत और इजरायल के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के बीच पश्चिम-एशिया तनाव पर हुई बातचीत**

# ईरान के बाद अब इजराइल से भारतीयों की सुरक्षित निकासी की तैयारी में भारत

*भारतीय विदेश मंत्रालय ने ईरान के बाद अब इजराइल से भी भारतीय नागरिकों को निकालने की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को प्रेस रिलीज जारी किया। इसमें बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत इजराइल से भारतीय नागरिकों को निकालने की योजना है*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंधु के तहत गुरुवार को ईरान से 110 भारतीय छात्रों की सुरक्षित वतन वापसी हुई। राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने छात्रों का स्वागत किया और उनका हालचाल जाना। छात्रों ने केंद्र सरकार का धन्यवाद किया और सिंह के साथ अपने अनुभव भी साझा किए।

वहीं, विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरान के बाद अब भारत ने इजराइल से भी अपने नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी करने का निर्णय लिया है। यह वो तमाम भारतीय होंगे जो इजराइल और ईरान के बीच युद्ध की वजह से लगातार चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हालात में अपने देश वापस लौटने के इच्छुक हैं। इजराइल के तेल अवीव में भारतीय दूतावास अपने नागरिकों की वतन वापसी से जुड़ी हुई तमाम व्यवस्था करेगा। इसलिए सभी से अनुरोध है कि वो अपना नाम व अन्य जरूरी जानकारी के साथ दूतावास के http://www.indembassyisrael.Gov.in/indian_national_reg लिंक पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं। नई दिल्ली का ये निर्णय एक ऐसे समय में भी सामने आया है। जब ईरान की मिसाइल इजराइल के बीरसेबा इलाके में एक अस्पताल पर जा गिरी। ईरान और इजराइल में भारतीय नागरिकों की कुल संख्या करीब 30 हजार है। जिसमें ईरान में रह रहे 10 हजार और इजरायल में मौजूद 20 हजार भारतीय शामिल हैं।

**इजराइल में भारतीय नागरिकों की कुल संख्या करीब 30 हजार**

**ईरान में रह रहे 10 हजार और इजरायल में मौजूद 20 हजार भारतीय**



### जमीनी, हवाई सीमा का करेंगे उपयोग

मंत्रालय ने कहा कि इजराइल से अपने नागरिकों को सुरक्षित भारत वापस लाने के लिए पहले जमीनी सीमा और उसके बाद हवाई सीमा का प्रयोग किया जाएगा। यह ठीक वैसी ही प्रक्रिया होगी जो भारत ने ईरान से अपने नागरिकों की वतन वापसी के लिए अपनाई है। भारत सरकार विदेशों में अपने नागरिकों की सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है। साथ ही वह दोनों देशों में बने हुए संपूर्ण घटनाक्रम पर लगातार कड़ी निगरानी बनाए हुए है। तेल अवीव में दूतावास ने पूर्व में जारी अपने तमाम परामर्शों में भी इजराइल में रह रहे भारतीय नागरिकों को हमेशा सतर्क रहने और इजराइल के अधिकारियों के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। दूतावास भारतीयों तक हर संभव मदद प्रदान करने के लिए लगातार उनके संपर्क में बना हुआ है। किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए मंत्रालय द्वारा चौबीसों घंटे की सुविधा के साथ स्थापित किए गए कंट्रोल रूम की भी मदद ली जा सकती है।

### अभियान में शामिल नहीं होगी वायुसेना

*उधर, नई दिल्ली हवाईअड्डे पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईरान से 110 भारतीय सुरक्षित देश वापस लौटे हैं। 19 जून को तुर्कमेनिस्तान से लोगों को निकालने के लिए एक और विमान भेजा जाएगा। हमारे तमाम मिशन ने निकासी अनुरोध प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन शुरू की है। जिस तरह से हालात आगे बढ़ेंगे। हम ईरान से सभी भारतीयों को निकालने के लिए और अधिक विमान भेजेंगे। तुर्कमेनिस्तान और आर्मेनिया के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं। भारतीयों की सुरक्षा और उनका कल्याण हमारा कर्तव्य है। हम उनकी सुरक्षित वापसी के लिए सब कुछ करेंगे।*

### भारत-इजराइल के रक्षा अधिकारियों की बातचीत

भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और इजराइल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल (आरईएस) अमीर बारम के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। रक्षा मंत्रालय ने बीते बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए कहा कि 18 जून को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह को इजराइल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल बारम की तरफ से एक फोन कॉल की गई।

---

## खबर संक्षेप

### शालिनी को आईजीएफ आर्चर-अमीश अवार्ड

**लंदन।** ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिसा नंदी ने चिकित्सक और लेखिका



शालिनी मलिक को उनके उपन्यास 'द वे होम' के लिए बेस्टसेलर लेखकों लॉर्ड जेफरी आर्चर और अमीश त्रिपाठी के नाम पर शुरू किया गया 25,000 अमेरिकी डॉलर का पहला 'आईजीएफ आर्चर-अमीश अवार्ड फॉर स्टोरीटेलर्स' प्रदान किया। उनके उपन्यास में तीन युवाओं की कहानी है जो गोवा में शरण लेते हैं और अपने निजी दुखों से जूझ रहे हैं। इसे दुख, पहचान और उपचार की मार्मिक और प्रासंगिक खोज के लिए उत्कृष्ट कृति चुना गया।

### प्लेन क्रैश के मलबे से मिला 80 लाख का सोना

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद मलबे से शवों और



अन्य सामानों की बरामदगी के दौरान भारी मात्रा में सोने के जेवरात और कैश भी मिला है। दुर्घटना स्थल से केवल 300 मीटर दूर रहने वाले राजेश पटेल ने विमान के मलबे में से गहने और अन्य कीमती सामानों को इकट्ठा किया। पटेल ने बताया कि उन्होंने लगभग 70 तोले सोने के गहने, 50000 रुपए और कुछ अमेरिकी डॉलर दुर्घटना स्थल से एकत्र किए और उन्हें पुलिस को सौंप दिए। वे दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर बचाव कार्य के लिए पहुंचे थे।

---

**इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की ताजा रिपोर्ट में भारत को सराहा**

**भारत से आगे सिर्फ चीन और अमेरिका**

# दुनिया का तीसरा सबसे तेज बिजली उत्पादन करने वाला देश बना भारत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत पिछले पांच वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता में सबसे तेज वृद्धि दर्ज करने वाले देशों में तीसरे स्थान पर रहा है। वहीं भारत से आगे सिर्फ चीन और अमेरिका हैं। आईईए ने कहा कि भारत में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है, जिसकी वजह है शहरी और ग्रामीण इलाकों में तेजी से निर्माण, घरों में एयर कंडीशनर और अन्य उपकरणों का बढ़ता उपयोग, और औद्योगिक क्षेत्रों की ऊर्जा जरूरतें हैं।

### कुल निवेश का 83% स्वच्छ ऊर्जा में



वहीं 2024 में देश के बिजली क्षेत्र में कुल निवेश का 83% हिस्सा स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में गया। भारत 2024 में स्वच्छ ऊर्जा के लिए डेवलपमेंट फाइनेंस इंस्टिट्यूशंस से सबसे ज्यादा वित्तीय सहायता पाने वाला देश बना।

### वैश्विक उर्जा क्षेत्र में चुनौतियां बढ़ी

*रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले दो वर्षों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में गिरावट आई है, जिसका कारण वैश्विक आर्थिक स्थिति और ऊर्जा क्षेत्र की कुछ चुनौतियां हैं। दीर्घकालिक दृष्टिकोण से यह क्षेत्र निवेश के लिए सकारात्मक बना हुआ है। आईईए की इस रिपोर्ट से साफ है कि भारत न केवल बिजली उत्पादन में तेजी से आगे बढ़ रहा है, बल्कि साफ और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में भी दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है।*

---

**देश की सैन्य शक्ति की और बढ़ेगी ताकत**

# भारत ने शुरू की पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की विकास की प्रक्रिया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भारत ने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान (एएमसीए) को देश में विकसित करने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। जिससे देश की हवाई क्षमता को काफी बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाली एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने इस बाबत एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी किया है। जिसके जरिए विमान का प्रोटोटाइप विकसित किया जाएगा। प्रोटोटाइप विकास के लिए कोई एक कंपनी, संयुक्त साझेदारी और कंपनियों का संघ इच्छा जाहिर कर सकता है। परियोजना के तहत सरकार की योजना विमान के 5 प्रोटोटाइप विकसित करने की है। पांचवीं पीढ़ी के विमान के विकास के साथ ही तेजस को वायुसेना अपने युद्धक बेड़े में प्रमुखता से शामिल करना चाहती है।

---

**वर्तमान में स्पेन में भारत के राजदूत हैं**

# दिनेश पटनायक होंगे कनाडा में भारत के नए उच्चायुक्त !

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच कनानसकीस में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई पहली हालिया मुलाकात के बाद दोनों देशों के कूटनीतिक संबंध एक बार फिर से सामान्य होते हुए नजर आ रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अनुभवी राजनयिक दिनेश. के. पटनायक कनाडा में भारत के नए उच्चायुक्त हो सकते हैं।

वह वर्ष 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वरिष्ठ अधिकारी हैं और वर्तमान में स्पेन में भारत के राजदूत हैं। बीते करीब दो साल पहले 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में हुई खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत, कनाडा के द्विपक्षीय संबंध अत्यधिक तनाव के साथ बेहद निचले स्तर पर जा पहुंचे हैं। मामले से अवगत लोगों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वहीं, दोनों शीर्ष नेताओं ने अपनी मुलाकात में संबंधों में स्थिरता लाने के लिए जरूरी रचनात्मक कदम उठाने पर सहमति जताई थी। जिसमें नई दिल्ली और ओटावा में जल्द से जल्द उच्चायुक्तों की फिर से नियुक्ति का मामला भी शामिल है।

### 2024 में चरम पर पहुंचा कूटनीतिक तनाव

*संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच पिछले साल अक्टूबर 2024 में भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस स्वदेश बुला लिया था। इसी के साथ समान संख्या में नई दिल्ली में तैनात कनाडाई राजनयिकों की उनके देश रवानगी की गई। लेकिन इन सबके बीच इस साल के मध्य में लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी को कनाडा के संसदीय चुनावों में मिली जीत के बाद दोनों देशों के आपसी संबंधों में सुधार की उम्मीद की जा रही थी। जिसके स्पष्ट प्रमाण अब मिलने शुरू हो गए हैं।*

### स्पेन में होगी जयंत खोबरागड़े की नियुक्ति



कनाडा में पटनायक की नियुक्ति के बाद स्पेन में भारत के अगले राजदूत जयंत खोबरागड़े होंगे। जो कि वर्तमान में दक्षिण एशियाई आसियान देशों (एएसईएएन) में भारत के राजदूत हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी के बीच कनाडा में हुई बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिनसे इन्हें मजबूती प्रदान की जा सके। वर्ष 2023 में कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर लगाए गए आरोपों की वजह से दोनों देशों के संबंधों में काफी गिरावट देखने को मिली है।

---

**पहली बार ट्रंप ने माना, भारत-पाक के दो 'बहुत ही समझदार' नेताओं ने ही रोका संघर्ष**

# आखिरकार पीएम मोदी की समझाई हुई बात राष्ट्रपति ट्रंप के दिमाग में बैठ ही गई...

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कनाडा में हालिया आयोजित किए गए जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर टेलीफोन पर बातचीत में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति को साफ शब्दों में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने में दोनों देशों के अलावा किसी तीसरे देश यानी उनकी किसी तरह की कोई भी भूमिका को सिरे से खारिज करने के तुरंत बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने 360 डिग्री यू-टर्न लेते हुए पहली बार यह स्वीकार किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 7 से 10 मई 2025 तक चले सैन्य संघर्ष



फाइल फोटो

को रोकने में उनकी या उनके देश की किसी तरह की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो बेहद समझदार नेताओं (पीएम मोदी और जनरल असीम मुनीर) ने पिछले महीने हुए एक ऐसे संघर्ष को रोकने का निर्णय लिया। जो परमाणु युद्ध में तब्दील हो सकता था।

यह जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति ने बीते बुधवार को पाकिस्तान के सेनाप्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की व्हाइट हाउस में दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद मीडिया से बातचीत में दी।

बता दें, पूर्व में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बार भारत और पाकिस्तान संघर्ष को रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता करने का दावा किया था।

### भारत-पाक संग होगा व्यापार समझौता

ट्रंप ने पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष के साथ हुई बातचीत को लेकर कहा कि उन्हें अमेरिका बुलाने के पीछे मेरा उद्देश्य उन्हें युद्ध न करने, संघर्ष खत्म करने के लिए उनका शुक्रिया करना था। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कुछ समय पहले अमेरिका की यात्रा की थी। जिसके लिए भी मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। हम भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के साथ व्यापार समझौता करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। कनाडा में पीएम मोदी के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत से पहले भारत-अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों की कनानसकीस में एक प्रत्यक्ष मुलाकात तय थी।

### भारत की डिक्शनरी में मध्यस्थता का शब्द नहीं

गौरतलब है कि कनाडा में हुई भारत-अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों की बातचीत कुल 35 मिनट तक चली। जिसमें पीएम ने डोनाल्ड ट्रंप को ये भी कहा कि भारत ने इतिहास में कभी भी किसी देश की मध्यस्थता न तो स्वीकार की थी, न ही वर्तमान में ऐसा कुछ किया है और न ही भविष्य में इसकी दूर-दूर तक कोई गुंजाइश है। भारत अब सीमा पार आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं लेगा। बल्कि उसे एक पूर्ण युद्ध के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को ये भी बता दिया है कि भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है।

नियोनैटल केयर यूनिट में सुविधा को देखकर यूनिसेफ प्रतिनिधि मैककेफ्री हुईं प्रभावित

# यूनिसेफ अपने प्रोजेक्ट में शामिल करेगा हमीदिया की कंगारू चेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पातल में गुरुवार को भारत में यूनिसेफ की प्रतिनिधि सिंथिया मैककेफ्री विजिट करने पहुंची। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के इलाज से जुड़ी व्यवस्थाओं को समझा। सिंथिया मैककेफ्री हमीदिया अस्पताल के नियोनैटल केयर यूनिट में कंगारू चेयर पर माताओं को अपने नवजात शिशुओं को सीने से लगाए देख कर काफी प्रभावित हुई।



मैककेफ्री ने शिशु रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ. मंजूषा गोयल से इस प्रक्रिया के बारे में पूछा। डॉ. गोयल ने उन्हें कंगारू मदर केयर (केएमसी) तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। केएमसी कम वजन वाले या समय से पहले जन्मे बच्चों की देखभाल का एक प्राकृतिक और प्रभावी तरीका है। इसमें बच्चे को मां की छाती से सटाकर रखा जाता है, जिससे बच्चे को गरमाहट मिलती है और मां का दूध भी आसानी से उपलब्ध होता है। यह बच्चों की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है और इसके सफल परिणाम भी सामने आ रहे हैं। मैककेफ्री ने इसे एक अच्छा नवाचार बताया और कहा कि यूनिसेफ इसे अपने प्रोजेक्ट में जोड़ेगा, ताकि यह तकनीक दुनिया भर तक पहुंचाई जा सके। बता दें कि यूनिसेफ के भारत में प्रयासों का नेतृत्व सिंथिया मैककेफ्री ने अक्टूबर 2022 में भारत में यूनिसेफ प्रतिनिधि के रूप में पदभार संभाला था। उनके नेतृत्व में, यूनिसेफ भारत में बच्चों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।



### स्तनपान से बढ़ती है शिशुओं की इम्यूनिटी

*मैककेफ्री ने नवजात शिशुओं की हेल्थ के लिए स्तनपान के महत्व पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि स्तनपान से शिशुओं की इम्यूनिटी बढ़ती है, नवजात जितना ज्यादा स्तनपान करेंगे उनके लिए उतना ही अच्छा होगा। उन्होंने स्तनपान को नवजात बच्चों के अच्छी सेहत के लिए सबसे बड़ा टीका बताया। साथ ही उन्होंने नवजात को अलग-अलग बीमारियों से बचाने के लिए समय-समय पर टीका लगवाने और रोगों से बचाने के लिए साफ-सफाई का अतिरिक्त ध्यान रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।*

### एनआईसीयू की प्रशंसा

यूनिसेफ की प्रतिनिधि गुरुवार को हमीदिया अस्पताल के दौरे पर आईं थीं। उन्होंने नियोनेटल केयर यूनिट का निरीक्षण कर मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रशंसा की। नियोनेटल केयर यूनिट को एनएबीएच सर्टिफिकेट मिला है। एनआईसीयू का मुख्य उद्देश्य बीमार या समय से पहले जन्मे शिशुओं को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करना है। यूनिट प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षित नियोनेटोलॉजिस्ट और नर्सों द्वारा संचालित है, जो 24 घंटे नवजात शिशुओं की देखभाल करते हैं। इस यूनिट से शिशु मृत्यु दर में काफी कमी आई है।

**डॉ. कविता एन सिंह**
डीन, जीएमसी भोपाल

भीषण दुर्घटना के बाद दहशत में लोग, एडवांस बुकिंग भी करा रहे कैंसिल

# अहमदाबाद विमान हादसे के बाद 27 फीसदी घटे हवाई टिकट, ट्रेनों पर भरोसा, बढ़ी वेटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अहमदाबाद विमान हादसे सहित लगातार हवाई जहाज में आ रही खराबी के चलते फ्लाइट से सफर करने से लोग डरने लगे है। अब लोग हवाई सफर की जगह ट्रेनों में सफर करना अधिक पसंद कर रहे हैं। इसके चलते जहां 27 फीसदी के करीब हवाई टिकट में कमी देखी जा रही है। तो वहीं रेल टिकट की बिक्री बढ़ गई है। वहीं समर सीजन खत्म होने के बाद ट्रेन के फर्स्ट-सेकंड एसी की लंबी वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट क्रैश होने के बाद लगातार कई फ्लाइट्स में खामियां सामने आ रही हैं। तकनीकी कारणों से कई फ्लाइट्स को रद्द भी किया जा रहा है। तो कई की इमरजेंसी लैंडिंग भी चुकी है। लगातार इस तरह की घटनाओं ने हवाई यात्रा को लेकर लोगों के मन में डर पैदा कर दिया है।

### लंबी दूरी की यात्रा के लिए प्रमुख ट्रेनों में बुकिंग



फ्लाइट्स से जुड़ी घटनाओं, तकनीकी खराबियों के बाद अब यात्रियों का भरोसा टूट रहा है। यात्रियों का रुझान अब रेलवे की ओर बढ़ रहा है। खासकर लंबी दूरी की यात्रा के लिए प्रमुख ट्रेनों में बुकिंग करा रहे है। इसके चलते भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों के फर्स्ट व सेकंड एसी कोच में वेटिंग लिस्ट तेजी से बढ़ी है। वंदे भारत, राजधानी, दुरंतो व हमसफर जैसी अन्य प्रीमियम ट्रेनों में दिल्ली,मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, पटना और अहमदाबाद जाने के लिए लंबी वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है।

### दिल्ली, मुंबई भी ट्रेन से जा रहे लोग

अहमदाबाद विमान हादसे बाद हवाई यात्रा को लेकर लोगों में डर का माहौल। इसके चलते राजधानी भोपाल के टूर आपरेटर्स के फ्लाइट के लिए एडवांस की बुकिंग को कैंसिल करा रहे है। राजधानी में करीब 20 से 27 फीसदी बुकिंग कैंसिल करा दी है। टूर आर्गेनाइजर वीएस बघेल ने बताया कि अब लोग दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों के लिए फ्लाइट की जगह ट्रेन से जाना पसंद कर रहे है।

प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# वन विहार में लंग्स में इंफेक्शन से हुई थी किंग कोबरा 'नागार्जुन' की मौत

*कर्नाटक से लाया गया था किंग कोबरा, सैंपल को लैब में जांच के लिए भेजे गया*

*वन विहार में पिछले छह सालों में दस से अधिक जानवरों की हो चुकी है मौत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में लाए गए दो किंग कोबरा नागों में से एक नागार्जुन की बुधवार को मौत हो गई थी। तो वहीं वन विहार में पिछले छह साल में दस से अधिक जानवरों की मौत हो चुकी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को जबलपुर वन प्राणी चिकित्सा संस्था के चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में लक्स में इंफेक्शन से मौत होने की बात सामने आई है। वन विहार के डायरेक्टर विजय कुमार के अनुसार प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में लंग्स में इंफेक्शन के कारण मौत होने की बात सामने आई। लेकिन अभी सैंपल को जबलपुर लैब में भेजा गया है। जहां पर जांच के बाद इंफेक्शन का



सही कारण पता चल सकेगा।

उल्लेखनीय है कि यह दुर्लभ सर्प अप्रैल में कर्नाटक के मैंगलोर स्थित पिलिकुला जैविक उद्यान से वन्यप्राणी आदान-प्रदान योजना के तहत लाया गया था। वन विहार में 6 अप्रैल को पहुंचे इन दोनों नर कोबरा नागशयना (उम्र लगभग 8 वर्ष) और नागार्जुन (उम्र लगभग 5 वर्ष) की चौबीसों घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही थी।

### साल दर साल जानवरों की गई जान

भोपाल वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में पिछले छह साल में बाहर से आए या रेस्क्यू कर लाए गए, दस से अधिक जानवरों की मौत चुकी है। इसमें जहां अक्टूबर 2024 में तेंदुआ शावक वीर की मौत हो गई थी। उसको छिंदवाड़ा से रेस्क्यू कर 6 फरवरी 2023 को वन विहार लाया गया था। इसी तरह सितंबर 2024 पार्क की इकलौती सफेद बाघिन रिद्धि की मौत हुई थी। साल 2013 में 4 साल की उम्र में रिद्धि को इंदौर के जू से वन विहार लाया गया था। रिद्धि वन विहार में टूरिस्ट्स के लिए आकर्षण का केंद्र थी। 2024 में ही नर भालू 'बबलू' की मौत हो गई थी।

## *धूमधाम से निकली साईं बाबा की पालकी यात्रा*

***भोपाल।*** *श्री सच्चिदानंद साईं बाबा मंदिर स्थापना के अवसर पर गुरुवार को साईं बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। शाम करीब 6 बजे पालकी यात्रा की शुरुआत प्रोफेसर कॉलोनी चार बंगला रोड स्थित साईं मंदिर से हुई। जोकि कमला पार्क, मोती मस्जिद, चिरायु अस्पताल मालीपुरा, पीरगेट, लखेरापुरा, जुमेराती, जनकपुरी, सिंधी मार्केट से होते हुए, वापिस प्रोफेसर कॉलोनी स्थित साईं मंदिर पहुंची, जहां पर पालकी यात्रा का सामापन किया गया। शोभायात्रा में साईं बाबा के श्रद्धालु पालकी को अपने कंधों पर लेकर चल रहे थे। पलकी यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में भक्ति गीतों के सुरों पर उत्साही श्रद्धालु झूमते चल रहे थे। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया।*

## ऑपरेशन शिव के तहत की जाएगी अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्थाः भटेजा

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने अगले महीने तीन जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था की मांग केंद्र सरकार से कुछ दिनों पहले की थी। पत्र लिखकर नौ अगस्त रक्षाबंधन तक चलने वाली यात्रा के दोनों मार्गों में सेना की तैनाती की मांग रखी थी। भटेजा ने बताया कि इसी के चलते इस वर्ष ऑपरेशन शिव के तहत अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा की जाएगी। इस वर्ष हाईटेक सिक्योरिटी रहेगी। पहलगाम एवं बालटाल मार्ग में 58,000 जवान जैमर एवं ड्रोन सहित तैनात रहेंगे। पवित्र अमरनाथ यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों का काफिला गुजरने के दौरान अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यात्रा मार्गों और राष्ट्रीय राजमार्गों की ओर जाने वाली सभी सड़कों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा।

*काल भैरव मंदिर में अष्टमी पर की विशेष पूजा*

# काल भैरव का अभिषेक कर फूल बंगले में किया विराजमान विजयम देही यज्ञ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर गुरुवार को नगर रक्षक काल भैरव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर भगवान काल भैरव को 51 किलों फूलों से बनाए गए फूल बंगले में विराजमान किया गया और भैरवाष्टक के साथ विजयम देही महायज्ञ किया गया।



वहीं भगवान भैरव को खीर, जलेबी और मदिरा का भोग लगाया गया। मंदिर के महंत कैलाश पंडा ने बताया कि अनिष्ट निवारण विजयम देही हवन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं और प्रदेश और देश की रक्षा कामना की गई। इस अवसर पर भगवान का विशेष अभिषेक किया गया। उसके बाद उन्हें नया चोला पहनाकर विशेष श्रृंगार किया गया। विजयम देही महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने हवन कर आहुतियां दीं और मनोकामना पूर्ति के लिए अर्जी भी लगाई। मंदिर के पंडित दीपक तिवारी ने बताया भगवान काल भैरव को मालपुए एवं तसमई (मठा और मक्के से बना व्यंजन), खीर, जलेबी और मदिरा का भोग लगाया गया।

## स्टॉक में ज्यादा मिला 17 क्विंटल 50 किलो फोर्टिफाइड चावल

*बीपीएल राशन में कालाबाजारी का खुलासा, खाद्यान्न किया जब्त*

# स्टॉक न होने का कह उपभोक्ताओं को भगाया पीडीएस दुकान में मिला 56 क्विंटल गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जून, जुलाई और अगस्त माह का एकमुश्त राशन देने के आदेश के बाद पीडीएस दुकानदारों ने राशन की कालाबाजारी शुरू कर दी है। दुकानदार उपभोक्ताओं को कम राशन देकर गुमराह कर रहे हैं। दुकानदार इस राशन को खुले बाजार में बेचकर मनमाना मुनाफा कमाएंगे।

गुरुवार को तीन माह के राशन वितरण की जांच करने जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन टीम के साथ ओल्ड सुभाष नगर स्थित राजेंद्र प्राथमिक उपभोक्ता भंडार का जायजा लिया,



जहां गेहूं और चावल का स्टॉक होने के बाद भी सेल्समेन ने उपभोक्ताओं को स्टॉक खत्म होने की बात कहकर राशन देने से मना कर दिया था, जबकि टीम के जांच करने पर पता चला कि गेहूं यहां पर्याप्त स्टॉक में है, जबकि चावल स्टॉक में अधिक मिला। टीम ने चावल जब्त कर दुकानदार पर केस दर्ज कर लिया है।

### पसंद की दुकान से नहीं मिलेगा राशन

शहर की सभी राशन दुकानों पर पात्र परिवारों को तीन महीने यानि जून, जुलाई और अगस्त माह का राशन दिया जा रहा है, जिसके लिए पीडीएस दुकानों को जून से अगस्त का एकमुश्त राशन का कोटा भी पहुंचा दिया गया है। हालांकि इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को पसंद की दुकान से राशन नहीं मिलेगा, उसे तय दुकान से ही राशन लेना पड़ेगा।

### ओल्ड सुभाष नगर की दुकान का किया निरीक्षण

*गुरुवार को ओल्ड सुभाष नगर वार्ड 44 स्थित राजेंद्र प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार की पीडीएस दुकान पर निरीक्षण किया गया। जहां उपभोक्ता राशन लेने के लिए खड़े हुए थे, लेकिन मिल नहीं रहा था। जब दुकानदार से पूछताछ की तो उसने बताया कि दुकान में गेहूं का स्टॉक नहीं होने से नहीं बांटा जा रहा है। इस पर टीम ने जांच की तो मशीन में 56.32 क्विंटल गेहूं दिख रहा था और दुकान में जाकर देखा तो 112 कट्टी बोरी में करीब 56 क्विंटल गेहूं रखा हुआ था। इसके अलावा तय मात्रा से 17 क्विंटल 50 किलो चावल का स्टॉक भी अधिक मिला। इस पर अधिक चावल को जब्त कर दुकानदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।*



**सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रमोशन से जुड़े नियम जारी किए**

# सरकार ने पदोन्नति के नए नियम बनाए: कर्मचारी सेवा अवधि की गणना उस अवधि तक की जाएगी, जिस चयन वर्ष की पदोन्नति के लिए समिति की बैठक की जा रही

### सीआर नहीं होने पर संबंधित प्रकरणों को परिभ्रमण में नहीं रखा जाएगा, ऐसे पदों के विरुद्ध अन्य पात्र कर्मचारी को प्रमोट किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रमोशन से जुड़े नियम जारी कर दिए हैं। इसके लिए गजट नोटिफिकेशन भी कर दिया गया है। यह नोटिफिकेशन डॉ. मोहन यादव कैबिनेट के लोकसेवा पदोन्नति नियम-2025 को मंजूरी देने के दो दिन के अंदर ही जारी कर दिए गए हैं। सरकार ने कहा है कि 9 साल से प्रमोशन बंद होने से बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी बगैर पदोन्नत हुए रिटायर हो रहे हैं।

ऐसी हालत में राज्य सरकार की कार्यक्षमता पर विपरीत असर पड़ रहा है। इसलिए सरकार ने पदोन्नति के नए नियम बनाए हैं। कहा गया है कि यह नियम बनाने के दौरान आरक्षित वर्ग को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने और प्रशासनिक दक्षता और योग्यता को महत्व दिया गया है। अब गजट नोटिफिकेशन के साथ ही सरकार के नए नियम प्रभावी हो गए हैं।

**गजट नोटिफिकेशन भी जारी**

### ऐसे होगी कर्मचारी की सेवा अवधि की गणना




कर्मचारी सेवा अवधि की गणना उस अवधि तक की जाएगी, जिस चयन वर्ष की पदोन्नति के लिए समिति की बैठक की जा रही है। यदि कोई कर्मचारी-अधिकारी दिसंबर 2021 में फीडर संवर्ग या सेवा के पद में आया है तो 31 दिसंबर 2025 को उसकी पांच वर्ष की प्रमोशन योग्य सेवा पूरी हो जाएगी। कर्मचारी-अधिकारी की सीआर के निर्धारण के लिए जिस चयन वर्ष की पदोन्नति के लिए समिति की बैठक की जा रही है, उससे ठीक 5 वित्तीय वर्षों में उपयुक्त होनी चाहिए।

### अब क्या होगा आगे?

*अब नियम लागू होने के बाद 31 दिसंबर 2025 की स्थिति में खाली पदों पर प्रमोशन के लिए विशेष विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। सितंबर से नवंबर के बीच वेटिंग लिस्ट से भी पद नहीं भरने पर 31 दिसंबर 2026 की प्रत्याशित स्थिति के लिए पदोन्नति समिति की बैठक होगी। वर्ष 2026 में सितंबर से नवंबर के बीच पद खाली होने पर 31 दिसंबर 2027 के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। इसके साथ ही विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक के लिए प्रतिनियुक्ति और अन्य कारणों से अगर अधिकारी 31 दिसंबर की स्थिति में उपलब्ध नहीं हैं तो पद खाली माना जाएगा।*

### कर्मचारी को इस स्थिति में नहीं मिलेगी पदोन्नति

जीएडी ने नियमों के अनुसार अगर कर्मचारी निलंबित हो, कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए आरोप पत्र जारी कर दिया गया हो और कार्यवाही लंबित हो। यदि कर्मचारी पर किसी आपराधिक आरोप के आधार पर कोर्ट में चालान पेश करने की अनुमति जारी की गई हो या कोर्ट ने आरोप तय कर दिए हों। कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय तौर पर सजा तय की गई है। ऐसे मामले में खाली पदों को अस्थायी आधार पर स्थानापन्न रूप से भरा जाएगा। इसके बाद कर्मचारी के दोषमुक्त होने पर सीलबंद अनुशंसा को खोला जाएगा और पात्र होने पर पदोन्नति की तारीख से पदोन्नति दी जाएगी।

### सीआर नहीं मिली तो क्या होगा?

नियमों के अनुसार सीआर नहीं होने की दशा में संबंधित प्रकरणों को परिभ्रमण में नहीं रखा जाएगा और ऐसे पदों के विरुद्ध अन्य पात्र कर्मचारी को प्रमोट किया जाएगा। ऐसे मामलों को गोपनीय प्रतिवेदन की उपलब्धता के बाद होने वाली विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में पदोन्नति के लिए रखा जाएगा।

---

## खबर संक्षेप



### 15 दिन में आदिवासियों के पट्टे की मांगें नहीं मानी तो होगा आंदोलन

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में गुरूवार को नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य कमलेश्वर पटेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के साथ अन्याय, जल-जंगल-जमीन से बेदखली और झूठे आरोपों के जरिए दमन किया जा रहा है। उन्होंने संयुक्त रुप से सरकार की नीतियों को आदिवासी विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा विकास के मुद्दों से भटक चुकी है और अब वह केवल धर्म की राजनीति कर रही है। सिंघार ने कहा कि अगर 15 दिनों के भीतर सरकार ने आदिवासियों की पट्टे की मांगे नहीं मानी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। अरुण यादव ने कहा कि नेपानगर के आदिवासी जंगल से हटाए जा रहे हैं, जबकि वही आदिवासी स्वयं पर्यावरण की रक्षा में जुटे हैं।

### प्रदेश में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को मिला व्यावसायिक प्रशिक्षण

**भोपाल।** प्रदेश के 2383 सरकारी स्कूलों में कक्षा-9वीं से 12वीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास के उद्देश्य से केन्द्र सरकार व्यावसायिक शिक्षा योजना संचालित कर रही है। पिछले शैक्षणिक सत्र में 12 ट्रेड्स में करीब 4 लाख 5 हजार विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाया गया। 12 ट्रेड में ऑटोमोटिव, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, बैंकिंग एण्ड फायनेंस सर्विसेस, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर, हेल्थ केयर, रिटेल, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटेलिटी, प्लम्बर और आईटी विधाओं से जुड़े हैं। इस शैक्षणिक सत्र में नए ट्रेड्स शुरू किए जाने पर स्कूल शिक्षा विभाग योजना तैयार कर रहा है।

---

**विश्व सिकलसेल दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सीएम डॉ. मोहन ने की घोषणा**

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 266 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# 65 करोड़ की लागत से होगा बेड़िया मंडी का विकास बड़वाह में 100 बिस्तर का बनाया जाएगा अस्पताल

### भीकनगांव से झिरन्या तक सड़क निर्माण के लिए 38 करोड़ रुपए दिए जाएंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार देश की सीमा पर जान की बाजी लगाने वाले और सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों तथा खेतों में कड़ी मेहनत कर अन्न पैदा करने वाले किसानों के सम्मान के लिए काम कर रही है। इसके साथ कमजोर और गरीब वर्ग की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है।

डॉ. यादव खरगोन जिले के बेड़िया में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां नर्मदा घाटी विकास विभाग के अंतर्गत अम्बा-रोडिया माइक्रो उदवहन सिंचाई योजना का लोकार्पण सहित 266 करोड़ रुपए की लागत के 24 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। उन्होंने सिकलसेल के मरीजों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति के प्रमाण-पत्र तथा हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक सचिन बिरला, राजकुमार मेव, बालकृष्ण पाटीदार, छाया मोरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, आधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

1 *मुख्यमंत्री ने सिकलसेल के मरीजों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति के प्रमाण-पत्र वितरित किए*

2 *खनगांव से खेड़ीखुर्द मार्ग पर 5 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा पुल*




### किसानों को उद्यमी बनाने की दिशा में हो रहा काम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर तरक्की कर रहा है और विश्व में देश का नाम हो रहा है। हमारी सरकार किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं की जिंदगी बदलने और उन्हें खुशहाल बनाने का काम कर रही है। निमाड़ क्षेत्र में मां नर्मदा का पानी खेतों तक पहुंचाया जा रहा है और इससे खेतों में फसले लहलहा रही हैं। मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां गेहूं पर किसानों को प्रति क्विंटल 2600 रुपए दिए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार कृषि को प्रोत्साहन दे रही है और किसानों को उद्यमी बनाने के लिए काम कर रही है। प्रदेश सरकार कपास से धागा बनाने, उससे कपड़ा बनाने और रेडीमेड गारमेंट की फैक्ट्री लगाने का अभियान चला रही है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया पौधरोपण

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि बेड़ियां मिर्च मंडी के विकास के लिए 65 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी। इसी प्रकार खनगांव से खेड़ीखुर्द मार्ग पर 5 करोड़ रुपए की लागत से पुल निर्माण किया जाएगा। बांसवा से घोसला मार्ग पर सिड़कुई नदी पर 6 करोड़ रुपए के लागत से पुल बनाया जाएगा। भीकनगांव से झिरन्या तक सड़क निर्माण के लिए 38 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। बेड़ियां एवं बासवा बायपास निर्माण के लिए 21 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जाएंगे। बेड़ियां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया जाएगा और बड़वाह में 100 बिस्तर का अस्पताल बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में आम का पौधा लगाया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।*

### प्रमोशन होने के बाद रिक्त होंगे 2 लाख पद

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शासकीय सेवकों के 9 सालों से रुके प्रमोशन के मामले को हल कर दिया है और अब अनुसूचित जाति, जनजाति और सामान्य वर्ग के शासकीय सेवकों के प्रमोशन का रास्ता साफ कर दिया है। प्रमोशन होने से 2 लाख पद रिक्त होंगे और इससे नए लोगों की भर्ती का अवसर मिलेगा। प्रदेश सरकार शासकीय सेवाओं में भर्ती में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देगी। आने वाले समय में लोकसभा और विधानसभा में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोग अपना आयुष्मान कार्ड बनवा लें, जिससे गंभीर बीमारी के समय जान बचाने के लिए उन्हें बड़े शहरों के अच्छे अस्पतालों में उपचार मिल सके। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर विमान या हेलीकॉप्टर से प्रदेश सरकार मरीजों को उपचार के लिए भी भेजती है।*

### ग्वालियर में कैबिनेट की बैठक करने का निर्णय



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश के 19 धार्मिक स्थलों पर शराब की बिक्री बंद कर दी है। प्रदेश में खुले में मांस की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। भगवान राम प्रदेश में जिन स्थानों से गुजरे थे, उन पर राम पथ गमन मार्ग बनाया जाएगा। डॉ यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर ग्वालियर में कैबिनेट की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव तक बस सेवा शुरू करने जा रही है इससे ग्रामीण जनता को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

### डकैत हो या डकैत का बाप, कानून करेगा अपना काम: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेसी पार्षद अनवर कादरी उर्फ डकैत के लव जिहाद के लिए फंडिंग के मामले में फरारी पर कहा कि हमारी सरकार में कानून का राज चलता है। कानून तोड़ने वालों से निपटना जानते हैं, चाहे वह डकैत हो या डकैत का बाप। हमने प्रशासन से भी कहा है, जो जहां मिले उसे पकड़ो, हर हाल में कानून का शासन रहेगा। डॉ. यादव इंदौर में मीडिया से बात कर रहे थे। मुख्यमंत्री इंदौर से बड़वानी जाने वाले थे, लेकिन मौसम खराब होने से हेलीकाप्टर नहीं उड़ सका। यहां उन्होंने मीडिया से बात की।

**कांग्रेस के सभी नेता जमानत पर: डॉ. यादव**

#### जवाबदेही से चलती है भाजपा सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार जवाबदेही से चलती है। कांग्रेस का रिकॉर्ड है कि सभी नेता जमानत पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के लिए काम करती है। सरकार कानून तोड़ने वालों से निबटना जानती है।

---

### 'वन अर्थ-वन हेल्थ' थीम के साथ मनेगा योग दिवस

**भोपाल।** राजधानी के साथ-साथ प्रदेश के 54 से ज्यादा आयुष मेडिकल कॉलेजों में 21 जून को 'वन अर्थ-वन हेल्थ' थीम के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि भारतीय चिकित्सा पद्दति राष्ट्रीय आयोग के सचिव डॉ. सच्चिदानन्द प्रसाद ने आयुष कॉलेजों के डीन, निदेशक व प्राध्यापकों को योग दिवस मनाने की दिशा में पत्र जारी किए हैं।

### एम्स के बाहर कांग्रेस ने दिया मरीजों, परिजनों को भोजन

# सेवा और न्याय दिवस के रूप में मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस द्वारा भोपाल स्थित एम्स अस्पताल परिसर के बाहर गुरुवार को लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन को सेवा एवं न्याय दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों को भोजन वितरण कर सेवा भाव से यह दिन समर्पित किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, प्रवीण सक्सेना, अनोखी पटेल, राहुल राठौड़, अभिनव बरोलिया, धर्मेंद्र राय, रवि परमार, विवेक त्रिपाठी, प्रकाश चौकसे, नितेश नेमा, सुजीत शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



#### प्रेरणा देता है राहुल गांधी का जीवन

*कांग्रेस नेताओं ने इस अवसर पर कहा कि राहुल गांधी सामाजिक न्याय, समानता और संवेदना के प्रतीक हैं। उनका जीवन प्रेरणा देता है कि राजनीति का असली मकसद आमजन की सेवा की आवाज बनना है।*

### एसीएस को पत्र लिखकर दर्ज करवाई आपत्ति, कहा, अधिकारी करते हैं देरी

# एमआईसी के प्रस्तावों की डेडलाइन तय महापौर ने अफसरों को बताया लेटलतीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल की एमआईसी के प्रस्तावों की डेडलाइन दस दिन तय होने से महापौर मालती राय ने एसीएस संजय शुक्ला को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है। हालांकि भोपाल में एमआईसी की बैठकों पर नजर डाली जाए तो पिछले अगस्त 2024 से लेकर अब तक सिर्फ 9 बैठकें ही हुई हैं। जिससे इनके प्रतिवेदन में देरी होना लाजिमी है।



वहीं महापौर ने सुझाव दिया है कि निगम के सभी विभागों की फाइलों का मूवमेंट ऑनलाईन किया जाए, जिससे पता चल सके कि किस अधिकारी के पास कौन सी फाइल कितने दिन से पेंडिंग है।

#### एक साल में 9 बार हुई एमआईसी

*भोपाल में बीते एक साल के दौरान 9 बार ही एमआईसी की बैठक हुई। यह बैठकें 9 अगस्त 2024, 24 अगस्त 2024, 27 सितंबर 2024, 5 दिसंबर 2024, 6 जनवरी 2025, 28 फरवरी 2025, 17 मार्च 2025, 25 मार्च 2025 और 9 जून 2025 को हुईं। ऐसे में बैठकों के बीच लंबा अंतराल रहा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि निगम प्रशासन ने अगर कोई प्रस्ताव तैयार किया तो उसे एमआईसी से मंजूरी लेने में कितना समय लगा।*

#### हमें दोषी ठहराना गलत

ऐसा लगता है कि इस पत्र के माध्यम से बिना किसी ठोस आधार के महापौर और एमआईसी को प्रकरणों के निराकरण में देरी के लिए दोषी ठहराना चुने हुए जनप्रतिनिधियों की गरिमा के विरूद्ध है। इस विषय पर प्रदेश के सभी महापौरों में नाराजगी है।

**मालती राय,** महापौर

---

## सेहतनामा




### डीएमई को हटाने नहीं चली डॉक्टरों की नेतागिरी

मध्य प्रदेश मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन हो या फिर जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन। भोपाल में दोनों के पदाधिकारी आजकल नेतागीरी से बच रहे हैं। इसकी वजह यह कि विभाग के मुखिया और अधिकारियों को आंदोलन पसंद नहीं है। वह शांतिपूर्ण तरीके से ही मांग पूरी करने की कोशिश करते हैं। शायद इसका भान दोनों एसोसिएशन के पदाधिकारियों को हो गया है। ताजा उदाहरण ही देखें कि डीएमई की नियुक्ति के विरोध में जीमएसी में जबरदस्त प्रदर्शन हुआ। जीएमसी के पदाधिकारियों और डॉक्टरों ने डीएमई को हटाने काली पट्टी बांधकर ही काम भी किया, लेकिन डीएमई को हटा नहीं सकें। मीडिया में हुई किरकिरी के बाद डॉक्टर्स एसोसिएशन अब नेतागिरी करके खुद को हाइलाइट करने से बचने लगे हैं। यही हाल जूडा संगठन का रहा। जूडा ने भी डीएमई को हटाने के लिए आंदोलन किया, लेकिन उनकी भी नेतागिरी काम नहीं आई।

### अधीक्षक साहब हनुमान जी की शरण में

कई लोगों को भूत-प्रेत का डर सताता है तो वह हनुमान चालीसा पढ़ते हैं, लेकिन इन दिनों भोपाल के एक बड़े अस्पताल के अधीक्षक भी बजरंगबली की शरण में हैं। हाल ही में उन्होंने पूजा-पाठ कराया है। उनका दफ्तर भी बजरंगबली मंदिर के ठीक सामने है। ऐसे में उन्हें लगता है कि बजरंगबली ही उनकी रक्षा करेंगे। दरअसल अस्पताल में आए-दिन हो रही घटनाएं उनका पीछा नहीं छोड़ा। उधर उनके विरोधी भी कम नहीं हैं। बड़ी मशक्कत करके वह अधीक्षक बने हैं, लेकिन उनकी कुर्सी छीनने में कुछ डॉक्टर लगे हैं। यह तो इन साहब को भी पता है कि राजधानी में किसी भी अस्पताल के अधीक्षक की कुर्सी कांटों का ताज है। ऐसे में बजरंगबली को खुश रखना तो जरूरी है।

### योग्यता कुछ भी हो पर तजुर्बा तो काम करने से आएगा

डॉक्टर नया हो या पुराना नब्ज देखकर बीमारी पकड़ना तो आना ही चाहिए। उधर इस पेशे में कुछ ऐसे डॉक्टर भी हैं, जिन्होंने कभी मरीज की नब्ज तक नहीं पकड़ी, पर वह विभाग के नीति निर्धारक बने बैठे हैं। यह भी कह सकते हैं कि विभाग की स्कैनिंग की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है। स्वास्थ्य संचालनालय और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पदस्थ कुछ उप संचालकों को ही ले लीजिए। यह मंत्री, अधिकारी को राय देते हैं। विभाग के बारे में नई-नई नीतियां प्रस्तावित करते हैं। इनकी योग्यता कुछ भी हो पर तजुर्बा तो काम करने से ही आता है। भला पानी में उतरे बिना कोई तैरना कैसे सीख सकता है। मर्ज के अनुभव रखने वाले डॉक्टर इस व्यवस्था से अवसाद में हैं। उन्हें मलाल इस बात का है कि उनकी योग्यता और तजुर्बा को तवज्जो मिलती तो वह भी संचालनालय में बैठकर नीतियां बना रहे होते। कितने तो मलाल लिए सेवानिवृत हो गए।

-सचिन सिंह बैस

---

### गो-शालाओं को लगभग 90 करोड़ रुपए की राशि होगी अंतरित

**मुख्यमंत्री निवास में डॉ. यादव प्रदेश स्तरीय गो-शाला सम्मेलन में गो-शालाओं एवं संस्थाओं को गो-सेवा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे**

# मुख्यमंत्री आज प्रदेश के गो-पालक गो-शाला संचालकों से करेंगे संवाद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री निवास पर आज शुक्रवार को प्रदेश के गोपालकों एवं गोशाला संचालकों से संवाद करेंगे। साथ ही गोशालाओं को लगभग 90 करोड़ रूपए की राशि अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री निवास पर गो-शाला सम्मेलन दोपहर 12 बजे से होगा।

इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में प्रदेश के समस्त जिलों से शासकीय एवं अशासकीय गो-शाला संचालक एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। सम्मेलन में आचार्य विद्यासागर जीव दया गो-सेवा सम्मान योजना के अंतर्गत चयनित गो-शालाओं एवं संस्थाओं को गो-सेवा पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार रुपए 5 लाख, द्वितीय पुरस्कार रुपए 3 लाख, तृतीय पुरस्कार 2 लाख रुपए तथा सांत्वना पुरस्कार 50-50 हजार रुपए के प्रदान किए जाएंगे। गोसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 20 हजार रुपए का दिया जाएगा।



#### अप्रैल और मई की अनुदान राशि होगी वितरित

प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में पंजीकृत गो-शालाओं में गोवंश के उचित व्यवस्थापन के लिए आर्थिक अनुदान को 20 रुपए प्रति गोवंश प्रति दिवस से बढ़ाकर 40 रुपए प्रति गोवंश प्रति दिवस किया गया है। इसके अनुसार गो-शालाओं में पालन किए जा रहे गोवंश के लिए माह अप्रैल व मई 2025 की अनुदान राशि लगभग 90 करोड़ रुपए की किश्त सम्मेलन में जारी की जाएगी।

#### मुख्यमंत्री हितग्राहियों को देंगे स्वीकृति-पत्र

*प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव ने बताया कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कामधेनु योजना प्रारंभ की गई है, जिसमें डेयरी व्यवसाय के लिए 25 दुधारू पशुओं से लेकर 200 दुधारू पशुओं तक की योजनाएं स्वीकृत हो सकेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा इस योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र भी दिए जाएंगे। सम्मेलन में मप्र गो-संवर्धन बोर्ड एवं दयोदय महासंघ के सहयोग से हितग्राहियों को ट्रैक्टर-ट्रॉली वितरण होगा।*

## खबर संक्षेप



### ग्राम नानाखेड़ी में हुई पंचायत चौपाल

**औबेदुल्लागंज।** मोदी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में औबेदुल्लागंज मंडल की नूरगंज शक्तिकेंद्र के ग्राम नानाखेड़ी में चौपाल संपन्न हुई। इसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं लाभार्थियों से संवाद किया। इसके साथ ही योजनाओं से वंचित लोगों से संपर्क करने अन्य कार्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता खूबीलाल परमार, मंडल उपाध्यक्ष माखन परमार, वरिष्ठ नेता दशरथ गुर्जर, माधव यादव, गजेंद्र नागर, सर्वोदय नंद अहिरवार, दीपक परमार, राहुल नागर आदि उपस्थित रहे।

### संजय नादेडा को बनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष



**औबेदुल्लागंज।** अखिल भारतीय धाकड़ महासभा (भारत वर्ष) का 32वां धाकड़ समाज का अधिवेशन संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में खसरोद निवासी संजय नादेडा को अखिल भारतीय धाकड़ महासभा युवा संघ का रास्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। डॉ. महेंद्र सिंह धाकड़, परेश नागर, संजीव नागर, अमित मोनी नागर, राजेश नागर, विनोद नागर, शिवराज नागर, हरीओम नागर दिवटीया, रजनी नागर, राजमल नागर, उमेश नागर, नरेंद्र नागर, दीपेंद्र नागर, संतोष नागर तामोट आदि ने बधाई दी।

### छेड़छाड़ करने वाला सहकर्मी गिरफ्तार

**मंडीदीप।** शाहपुरा इलाके में एक आईटी कंपनी में काम करने में काम करने वाली युवती ने दो दिन पूर्व अपने सहकर्मी के खिलाफ छेड़खानी की एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर ली है। पुलिस के मुताबिक 23 वर्षीय युवती आईटी कंपनी में जॉब करती है। दो दिन पूर्व उसका सहकर्मी उसे घुमाने के बहाने एक होटल ले गया और उसके साथ छेड़खानी की वारदात को अंजाम दिया। युवती ने घर पहुंचकर परिजनों को घटनाक्रम के बारे में बताया। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को घटनाक्रम बताया।

### किरन रहंगडाले ने नप में किया पदभार ग्रहण

**औबेदुल्लागंज।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरन रहंगडाले टिमरनी से औबेदुल्लागंज कार्यालय नगर परिषद आकर पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर अधिकारी-कर्मचारी, मुकेश जैन, उपयंत्री विनोद जैन, चंद्रभान जैन, महेश मीणा, राजकुमार शर्मा, कनीज खान, रजनीश दुबे, आशीष यादव, सुशील चतुर्वेदी, सनी अग्रवाल, कन्हैया लाल धुर्वे, प्रियंका झरिया, दीक्षा पटेल, विनोद यादव, रजनीश दुबे, प्रमोद तिवारी, मोतीलाल परमार, शुभम श्रीवास्तव, दीपेश बैरागी, ऋतिक खरे, पवन मीरापुर अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पड़ोसी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**भोपाल।** शराब पीकर झगड़ा कर रहे दोस्तों को समझाने गए पड़ौसी की छुरी मारकर हत्या करने वाले आरोपी रामबाबू अहिरवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रहलाद सिंह कैमेथिया ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 3000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। बीच-बचाव करने वाले फरियादी को भी आरोपी ने छुरी मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक वंदना परते द्वारा पैरवी की गई थी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1638 | | |
| दिन: | 148 | 33 | 599 |
| रात: | 120 | 39 | 469 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 138 | 28 | 233 |
| रात: | 899 | 68 | 233 |

## आरोपी हलालपुरा बस स्टैंड के पास ऑनलाइन सट्टा बुक करता था, सूचना पर पहुंची पुलिस ने दबिश देकर पकड़ा

# ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए ट्रांसपोर्ट कारोबारी का बेटा पकड़ाया 2600 रुपए और मोबाइल सहित अन्य उपकरण जब्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाते हुए एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी के बेटे को पकड़ा है। आरोपी से नगदी 2600 और मोबाइल सहित अन्य उपकरण जब्त हुए है। पुलिस के मुताबिक समर्थ गुप्ता हलालपुरा बस स्टेंड के पास ऑनलाइन सट्टा बुक करता था। सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा टीला जमालपुरा पुलिस ने सट्टे के अडडे पर दबिश देकर असीम खान I नाम के युवक को पकड़ा। आरोपी से 8100 की राशि सहित सट्टा पर्ची बरामद की गई। इसके अलावा अलग अलग थानों की पुलिस ने आधाा दर्जन स्थानों पर दबिश देकर सटोरियों को पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।



### दर्जन भर जुआरियों को पकड़ा

खजुरी सड़क पुलिस ने जुए के अड्डे पर दबिश देकर दर्जन भर जुआरियों को पकड़ा ह। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम खोरी के फड़ संचालित है। इसी आधार पर दबिश देकर पुलिस ने इरशाद मसूरी, सलमान मंसूरी सहित दर्जन भर लोगों को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 58 हजार 700 की राशि बरामद हुई। पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआ एक्ट में केस दर्ज कर लिया है।

### छोला रोड पर जिलाबदर का उल्लंघन करते हुए आरोपी गिरफ्तार

हनुमानगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिलाबदर का उल्लंघन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की थाना हनुमानगंज से जिलाबदर समीर उर्फ बडा मुन्ना छोला रोड कलारी के पास खड़ा है, जो काले रंग का लोवर व टी शर्ट पहने है। पुलिन ने सूचना की तस्दीक कर मुखबिर द्वारा बताए स्थान छोला रोड कलारी के पास पहुंचकर घेराबंदी की और उसे पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम समीर उर्फ बड़ा मुन्ना पिता अब्दुल हमीद उम्र 35 साल निवासी एकता नगर छोला रोड का होना बताया। पूछताछ में पता चला कि पुलिस कमिश्नर के आदेश पर जिला भोपाल व उससे लगे अन्य जिले विदिशा, सीहोर, राजगढ़, रायसेन एवं नर्मदापुरम की राजस्व सीमाओ से जिला बदर किया गया है। आरोपी के खिलाफ हनुमानगंज थाने में आधा दर्जन से अधिक अपराध दर्ज है।

### बुजुर्ग ने घर में फांसी लगाकर और युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

निशातपुरा इलाके में एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वहीं बैरागढ़ इलाके में एक युवक ने जहरीला पदार्थ गटक लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।



पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक देवकी नगर निवासी संतोष साहू पिता हजारीलाल उम्र 65 वर्ष अपने घर पर फंदे पर झूल गए। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटनाक्रम के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है और न ही कोई सुसाइड नोट मिला है। पुलिस सुसाइड के कारणों की जांच कर रही है। इधर, बैरागढ़ इलाके में बेहटा गांव निवासी कैलाश मांझी पिता बृजलाल ने 14 जून को घर पर रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## आईटी पार्क के पास न्यू जेल रोड पर हुआ हादसा

# रात साढ़े तीन बजे कॉफी पीकर घर वापस लौट रही युवती और दोस्त को कार ने रौंदा

**गंभीर चोट आने से युवती की मौत, बाइक चला रहा युवक भी घायल**

**मिनाल रेसीडेंसी में किराए के मकान में रहती थी युवती, कर रही थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के आईटी पार्क के पास न्यू जेल रोड पर अज्ञात वाहन ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्रा और उसके दोस्त को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवती की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा दोस्त घायल हो गया। सूचना के आधार पर पुलिस हमीदिया अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रखवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक रोशल पिता सोलोमन उम्र (21) मूल रूप से छिंदवाड़ा की रहने वाली थी। वह भोपाल की मिनाल रेसीडेंसी में किराए के मकान में रहती थी, वहीं रायसेन रोड स्थित एक निजी कॉलेज से बी.टैक किया था। वर्तमान में वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। बुधवार-गुरुवार दरमियान रात वह अपने दोस्त निशांत गौतम के साथ मुबारक पुर स्थित एक रेस्टारेंट में कॉफी पीने गई थी। रात करीब साढ़े 3 बजे वह दोस्त के साथ घर लौट रही थी इसी दौरान आईटी पार्क के नजदीकी एक तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और दोनों को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजन भी दोपहर तक पहुंच गए और पीएम के बाद शव लेकर रवाना हो गए। पुलिस का कहना है कि कार नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**सुरेंद्र की दो माह पहले ही हुई थी शादी**

### अस्पताल में भर्ती पिता की दवा लेकर आ रहे बेटे को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

अस्पताल में भर्ती बीमार पिता के इलाज के लिए दवा और इंजेक्शन लेकर जा रहे बेटे की एक्सीडेंट में मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा लालघाटी ब्रिज पर बुधवार शाम को हुआ। बुलेट ने सामने से टक्कर मारी, हादसे में दो युवक और भी घायल हुए है। माामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान सुरेंद्र रजक (26) के रूप में हुई। वह मूल रूप से विदिशा का रहने वाला था और यहां मालीपुरा पीरगेट में रहकर एक शॉप में काम करता था। पिछल्ले दिनों उसके पिता कंछेदी रजक को अटैक आया था। जिस कारण वे मालीपुरा स्थित चिरायु अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती थे। उन्हें हार्ट संबंधित कुछ दवाओं और इंजेक्शन की जरूरत थी। अस्पताल के स्टाफ ने उसे यह दवाएं बेटे सुरेन्द्र को भैंसाखेड़ी स्थित चिरायू अस्पताल से लाने को कहा। यही दवा और इंजेक्शन लेकर वह भैंसाखेड़ी से लेकर मालीपुरा स्थित चिरायू अस्पताल बाइक से लौट रहा था, इसी दौरान सामने से आ रहे बुलेट सवार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में युवक और बुलेट सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को जिनको उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां गुरुवार सुबह उपचार के दौरान सुरेन्द्र की मौत हो गई। वहीं अन्य दो युवकों की हालत भी गंभीर है।



**हादसे में सिर में आई गंभीर चोट** पुलिस का कहना है कि अस्पताल में भर्ती पिता को दवा पहुंचाने की जल्दबाजी में सुरेंद्र रांग साइड से लालघाटी ब्रिज चढ़ गया, जहां सामने से आ रही तेज रफ्तार बुलेट ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुरेंद्र के सिर में गंभीर चोट आई थी। इस हादसे के बाद परिजन सदमें में है। सुरेन्द्र की दो माह पहले ही शादी हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजन उसका शव लेकर विदिशा रवाना हो गए।

**सड़कों पर पानी भरने से आने-जाने वाले होते रहे परेशान**

## नगर निगम के नाले-नालियों की सफाई के दावे की खुली पोल, जरा सी बारिश में सड़कें लबालब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



बारिश पूर्व सफाई का दावा करने वाले नगर निगम की गुरुवार को हुई हल्की बारिश में ही पोल खुल गई। बारिश से अधिकांश सड़कें निकासी न होने के कारण जलमग्न हो गई, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। हर वर्ष बारिश पूर्व नाले-नालियों की सफाई की जाती है, लेकिन यह अब वह दिखावा साबित हो रही है। नगर में गुरुवार को हल्की बारिश से सड़कों पर पानी भर गया, जिससे आवाजाही प्रभावित हुई। लोगों का चलना मुश्किल हो गया। पंजाब नेशनल बैंक रोड का डामरीकरण प्रस्तावित हैं, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो सका है। इससे रहवासी परेशान हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि बारिश के शुरुआती दिनों में ही ऐसी हालत है, तो आगे क्या होगा?

### अंरराष्ट्रीय योग दिवस पर होंगे देशव्यापी आयोजन

**संतनगर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अंरराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर शनिवार 21 जून को प्रातः 6 बजे भारतवर्ष के 1000 से अधिक स्थानों पर एक साथ 'योग दिवस' का आयोजन किया जाएगा। मिशन की विभिन्न शाखाओं में यह आयोजन स्थानीय योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खुले मैदानों एवं पार्कों में किया जाएगा। इसमें श्रद्धालु, सेवादल, स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' का विषय - 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है, जो सम्पूर्ण मानवता को यह संदेश देता है कि व्यक्ति का वास्तविक स्वास्थ्य तभी पूर्ण माना जाता है जब वह शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक रूप से संतुलित और जागरूक हो। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए संत निरंकारी मिशन अपने आध्यात्मिक और सामाजिक प्रयासों के अंतर्गत योग को समग्र कल्याण का माध्यम मानते हुए निरंतर प्रयासरत है।

### तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर की हुई शुरुआत

**संतनगर।** साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी ऑडिटोरियम में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारी के लिए इंटनैशनल नैचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन सूर्या फाउंडेशन एवं मप्र प्राकृतिक चिकित्सा परिषद श्री कृष्ण योगाश्रम, कैलाश नगर द्वारा तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कन्हैयालाल रंगवानी एवं योग प्रशिक्षक हेमंत सुकरिकर उपस्थित हुए। कन्हैयालाल रंगवानी ने विद्यार्थियों को योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'पहला सुख निरोगी काया' अतः स्वास्थ्य के लिए योग एवं नैचुरोपैथी पक्षी के दो पंख हैं। नैचुरोपैथी के दो मूल मंत्र हैं भोजन सुधार एवं उपचार।



**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने साथी अभियान शुरू किया**

## बेसहारा बच्चों के बनेंगे आधार कार्ड सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में सड़कों पर रहने वाले और आश्रय गृहों में पल रहे बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने साथी अभियान शुरू किया है। साथी इकाई के सहयोग से गांवों में जागरुकता शिविर लगाए गए। शिविरों के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक शालाओं का दौरा कर कार्यकर्ताओं और शिक्षकों को अभियान की जानकारी दी गई। उनसे सहयोग भी मांगा गया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव हर्षिनी यादव ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 39(ई) और (एफ) के तहत समान न्याय के उद्देश्य से साथी अभियान की शुरुआत की गई है। कई बेसहारा बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं है। इस कारण वे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सुरक्षा जैसी सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। अभियान के तहत सर्वे, आधार पंजीकरण और कानूनी सहायता दी जाएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में जिला साथी इकाई बनाई गई है। जिला विधिक सहायता अधिकारी अनीस उद्दीन अब्बासी ने बताया कि अभियान का फोकस 18 वर्ष से कम उम्र के उन बच्चों पर है, जिनके पास परिवार, संरक्षण या देखभाल का कोई स्थिर साधन नहीं है। ऐसे लापता बच्चे भी शामिल हैं, जो बरामद हो चुके हैं लेकिन परिवार को नहीं सौंपे गए हैं।



## राहुल गांधी के जन्मदिन पर मरीजों को फलों का वितरण

**औबेदुल्लागंज।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर गुरुवार को युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष परेश नागर के नेतृत्व में शासकीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया। इस मौके पर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक, संजय चौहान, सरपंच राजू मेहरा, दुर्गेश यादव, उत्तम यादव जसवंत नागर, पंकज नागरानी, संजीव नागर, मनोज खटीक, अमित मौनी नागर, यासीन खान, मनीष नागर सहित अस्पताल की बीएमओ अमृता जीवने और अन्य डॉक्टर एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ब्लॉक अध्यक्ष के लिए खटीक को कई समितियों का मिल रहा समर्थन

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के पर्यवेक्षकों को बताया कि राजेश खटीक सबसे दमदार ब्लॉक अध्यक्ष साबित होंगे। खटीक कांग्रेस पार्टी के पार्षद हैं, लेकिन साफ छवि कि वजह से नगर के सर्व दल उनके समर्थन में रहते हैं।



मंडकसिया सरपंच, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू मेहरा और युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने परेश नागर, पंकज नागरानी, अमित मौनी नागर, हिंदू सब समिति के बंटी जोशी एवं संतोष गुप्ता ने बताया कि खटीक कांग्रेस पार्षद होने के साथ-साथ हिंदू उत्सव समिति और व्यापरी संघ में बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर संघ के अध्यक्ष हैं। पूर्व में जिला महासचिव रायसेन भी रहे हैं। अगर पार्टी इन्हें औबेदुल्लागंज ब्लॉक में अध्यक्ष बनाती है तो संगठन और मूजबूत होगा।

### भाजपा नजीराबाद मंडल में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन




**नजीराबाद।** भाजपा नजीराबाद मंडल की विकसित भारत संकल्प सभा रूनाहा के ब्लू वर्ड विद्यालय में आयोजित की गई, जिसमें बैरसिया विधानसभा के विधायक विष्णु खत्री ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां एक ओर देश के हर वर्ग का विकास हुआ है, तो दूसरी ओर भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह मीणा, जनपद अध्यक्ष कुबेर सिंह गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष राजमल कुशवाह, जिला मंत्री वासुदेव गुप्ता, जिला मंत्री नरेश शर्मा के साथ क्षेत्र के नेता और कार्यकर्ता बढ़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष रामबाबू अमरपुर के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उत्साह और उमंग के साथ भागीदारी लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया।

**मुनिश्री ने रहवासियों से कहा, औबेदुल्लागंज की भूमि पवित्र हो गई**

# मुनि संघ के नगर आगमन पर भव्य अगवानी, आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के शिष्यों का हुआ वात्सल्य मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में गुरुवार को मुनि संघ के आगवन पर उनकी भव्य अगवानी की साथ ही जय गुरु देव के जयकारे लगाए। इसके बाद आचार्य श्री विद्या सागर महाराज जी के शिष्यों का मिलन हुआ। पूज्य मुनिश्री निर्वेग सागर महाराज जी औबेदुल्लागंज में विराजमान थे।

आचार्य समय सागर महाराज जी के निर्देश पर मुनिश्री निराकुल सागर महाराज जी, अजय सागर महाराज एवं क्षुल्लक तत्वार्थ सागर महाराज जी सुल्तानपुर से विहार करके पधारे। बरेली में विराजमान क्षुल्लक सविनय सागर, समन्वय सागर एवं जाग्रत सागर जी का आगमन हुआ। सभी ने पूज्य निर्वेगसागर महाराज जी की प्रदक्षिणा दी और आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी मुनि एवं चारों क्षुल्लक महाराज मेंन चौराहे से स्टेशन रोड पार्श्वनाथ जैन मंदिर पहुंचे, रास्ते में जगह-जगह प्रक्षालन हुआ।




**रास्ते में श्रद्धालुओं ने प्रक्षालन कर आरती की**

समाज अध्यक्ष सुनील मीना जैन, विजय सीमा जैन, सुनील वर्धमान, समता, तरुण, इंदिरा, संभव, नरेश, आकाश मयूरी, मंजू जैन, एलसी पुष्पा जैन, दिनेश गुड्डन, मुकेश जैन, कविता मनोज, सुषमा जैन, शिरोमणि प्रदीप भंडारी, पवन रवि जैन, रूपेश ऋतु जैन, प्रदीप भंडारी ने प्रक्षालन कर आरती की। इसके बाद मुनिश्री निर्वेग सागर महाराज ने औबेदुल्लागंज रहवासियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि औबेदुल्लागंज की भूमि पवित्र हो गई, जहां तीन मुनि, चार छुल्लक का मिलन हुआ। यह वात्सल्य मिलन बड़ा मार्मिक दृश्य होता है, जब एक गुरु के शिष्य मिलते हैं।

### मुनिश्री अजय सागर महाराज ने कहा, संयम रखो और पवित्र बनो

इस अवसर पर मुनि निराकुल सागर महाराज ने कहा मैं विदिशा से चला तब गुरु का संदेश आया कि खातेगांव वर्षा योग के लिए जाते समय औबेदुल्लागंज से होकर जाएं। गुरु आज्ञा सर्वोपरि है, इस अवसर पर मुनिश्री अजय सागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि संयम रखो और पवित्र बनो। वर्तमान समय में प्रत्येक मनुष्य संयम धारण कर अपना जीवन सफल कर सकता हैं। आज से दोपहर में बिधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया कटंगी ने समवशरण विधान कराया। विधान मुनि संघ के सानिध्य में प्रारंभ हुआ।

## वीर सावरकर कॉलेज में नागर ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय में गुरुवार को जनअभियान परिषद द्वारा पौधरोपण किया गया। यह कार्यक्रम एमएसडब्ल्यू की परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर (राज्यमन्त्री दर्जा मप्र शासन) के आगमन पर आयोजित किया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय जनताभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, परिषद के जिला समन्वयक कल्याण सिंह, ब्लॉक समन्वय निशा पटेल, भाजपा नेता माधव यादव, माखन परमार, गजेंद्र नागर, हरगोविंद वर्मा, कोमल सिंह चौहान, पार्षद एवं नवांकुर समिति के अध्यक्ष सुनील सेरिया, पार्षद गुड्डू साहू, जनपद सदस्य सज्जन सिंह नागर, हाकम सिंह राजपूत, राहुल नागर, दीपक परमार, लोकेश सहित महाविद्यालय का स्टाफ और परिषद के समिति सदस्य उपस्थित रहे।



# जैसे हम पूजा के बर्तन रोज मांजते हैं, वैसे ही हमें अपने आप को भी रोज मांजते रहना चाहिए...

## हिंदी भवन में अखिल भारतीय शोध संगोष्ठी, लघुकथा अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

साहित्य शिक्षा का टूल है, जैसे हम पूजा के बर्तन रोज मांजते हैं वैसे ही हमें अपने आप को भी रोज मांजते रहना चाहिए। रोज मांजते रहने का अर्थ है कि अपनी वैचारिकता को विकसित करें, उसे व्यवहारिकता में लेकर आएं इसके साथ ही लेखक को थोड़ा सा एक्टिविस्ट भी होना चाहिए। लेकिन आज के लेखक में एक्टिविस्ट का ये गुण नहीं है, पहले के जो साहित्यकार थे उनका जनता के साथ सीधा संवाद था, वो जनता की समस्या को समझते और अपने लेखों में प्रकाशित करते थे इसलिए एक्टिविस्ट लेखक कहलाते थे। 'साहित्य एवं शिक्षा में अंतसंबंध' विषय पर उपरोक्त कथन पद्मश्री देवेंद्र दीपक ने कहे, हिंदी भवन में अखिल भारतीय शोध संगोष्ठी, लघुकथा अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह का आयोजन तीन सत्रों में हुआ। प्रथम सत्र की अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार देवेंद्र दीपक ने करते हुए लघु शोध केंद्र सहित शिक्षा और शब्दों के महत्व पर अपनी बात कही।

इस सत्र में मुख्य वक्ताओं के रुप में डॉ उमेश कुमार सिंह पूर्व निदेशक मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी, सुभाष नीरव वरिष्ठ साहित्यकार उपस्थित रहे। इस अवसर पर **हरिभूमि समाचार पत्र की वरिष्ठ कला व संस्कृति रिपोर्टर** मधुरिमा राजपाल को साहित्यिक सांस्कृतिक पत्रकारिता सम्मान से नवाजा गया।




### इनको मिला सम्मान

कार्यक्रम में 2025 का माधवराव सप्रे अखिल भारतीय लघुकथा स्मृति अलंकरण महेश दर्पण दिल्ली, पद्मश्री रामनारायण उपाध्याय स्मृति प्रादेशिक लघुकथा सम्मान डॉ पुरुषोत्तम दुबे इंदौर, डॉ आचार्य जगदीश चंद्र मिश्र आलोचना सम्मान प्रोफेसर मिथिलेश अवस्थी नागपुर, मातुश्री धनवंती देवी लघुकथा सम्मान जया आर्य, डॉ उपासना सक्सेना स्मृति लघुकथा शोध सम्मान डॉ. रेखा श्रीवास्तव ग्वालियर, पारस दासोत लघुकथा कृति सम्मान डॉ. सरस दरबारी प्रयाग, वंदना सहाय नागपुर, विक्रम सोनी स्मृति लघुकथा कृति सम्मान जगदीश रॉय कुलरियां बरेठा पंजाब, दर्शना जैन खंडवा को प्रदान किया गया।

◆ *कार्यक्रम में हरिभूमि की वरिष्ठ कला व संस्कृति रिपोर्टर मधुरिमा राजपाल को किया गया सम्मानित*



### जो भारतीय मूल का है उसे जरूर भारतीय लेखक कहा जाना चाहिए

शब्द की शक्ति के ऊपर देवेंद्र दीपक ने कहा कि शब्द किसी भी रूप में हो लेकिन इसकी सत्ता इस प्रकार स्थापित हो कि जिससे मनुष्य का उन्मेष हो। इसके साथ ही भारतीय लेखक और भारतीय मूल के लेखक में अंतर के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जो भारतीय है उसे आवश्यकता ही नहीं है कि भारतीय लेखक कहलाने की, लेकिन जो भारतीय मूल का है उसे जरुर भारतीय लेखक कहा जाना चाहिए।

## सप्रे संग्रहालय में हिंदी पत्रकारिता द्वि-शताब्दी समारोह कल

**भोपाल।** ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय में 21 जून को हिन्दी पत्रकारिता द्वि-शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति श्रीहरिवंश होंगे। भारतीय प्रेस परिषद के वरिष्ठ सदस्य प्रकाश दुबे अध्यक्षता करेंगे। मुख्य वक्ता माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजयमनोहर तिवारी रहेंगे। इस अवसर पर माधवराव सप्रे पत्रकारिता सम्मान से वरिष्ठ पत्रकार विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, महेश गुप्ता सृजन सम्मान से प्रेरक वक्ता डॉ. विजय अग्रवाल और मनोज पाठक न्यू मीडिया पुरस्कार से राकेश मालवीय को विभूषित किया जाएगा। कीर्तिशेष मनोज पाठक के मित्रों-स्वजनों की भावांजलि पर केन्द्रित पुस्तक मित्र स्मृति स्मरण मनोज पाठक का विमोचन अतिथिगण करेंगे। सप्रे संग्रहालय के निदेशक अरविंद श्रीधर ने बताया कि हरिवंश के व्याख्यान का विषय डिजिटल युग में हिन्दी पत्रकारिता की चुनौतियां रखा गया है। प्रकाश दुबे 'पत्रकारिता का वर्तमान परिदृश्य और साख का संकट भारतीय मीडिया परिषद की आवश्यकता पर वक्तव्य देंगे। विजय मनोहर तिवारी हरिवंश कृत समय के सवाल : सामाजिक सरोकारों और समसामयिक सवालों के लिए सचेत संपादक के बहुआयामी कृतित्व का मूल्यांकन प्रस्तुत करेंगे। हिन्दी पत्रकारिता की द्वि-शताब्दी के प्रसंग में विष्णु प्रकाश त्रिपाठी के व्याख्यान का विषय है- 'हिन्दी पत्रकारिता को कानपुर की देन'। कार्यक्रम सप्रे संग्रहालय में पूर्वाह्न 10.30 बजे आरंभ होगा।

■ मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश होंगे

*1967 से लेकर अब तक 14 भाषाओं में मंचित हो चुका 'किसी एक फूल का नाम लो'*

# रवीन्द्र भवन में भारतीय मनोवैज्ञानिक-थ्रिलर नाटक 'किसी एक फूल का नाम लो' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

**60** साल पुराने नाटक को निर्देशक ने साउंड इफेक्ट, रिकार्डेड म्यूजिक से दिया मॉडर्न रूप

'किसी एक फूल का नाम लो' का गुजराती अनुवाद 'कोई पान एक फूल नू नाग बोलो' को गुजराती लेखक मधु राय द्वारा 1967 में लिखा गया, एक भारतीय मनोवैज्ञानिक-थ्रिलर नाटक है। मूल गुजराती भाषा के इस नाटक का मंचन 1967 से लेकर अब तक देश की 14 भाषाओं में हो चुका है। मप्र नाट्य विद्यालय की प्रस्तुति इस नाटक का भोपाल शहर में दूसरा मंचन है। करीब 60 साल पुराने इस नाटक का मॉडर्न अंदाज में उम्दा प्रस्तुतिकरण करने का काम निर्देशक प्रदीप तिवारी ने बखूबी निभाया। वहीं लाइटिंग और साउंड इफेक्ट के साथ साथ रिकार्डेड म्यूजिक ने नाटक को जीवंत रूप दिया।





### नाटक की कहानी

नाटक एक अंग मध्यवर्गीय घर के दृश्य से शुरू होता है, जहां कांता और निरंजन इस बात से परेशान हैं कि कांता के पति प्रमोद को उनके प्रेम संबंध के बारे में पता चल जाएगा। मामले को सुलझाने के लिए एक बैठक बुलाई जाती है। अंत में, कांता दर्शकों के बीच उतर जाती है और पहली पंक्ति में बैठे एक सदस्य को मार देती है। अचानक, दृश्य न्यायालय में बदल जाता है, जहां विभिन्न पात्रों से एक आक्रामक, अनाम आवाज द्वारा पूछताछ की जाती है। हमें पता चलता है कि पहला अंक वास्तव में नाटक का एक हिस्सा था, और सभी पात्र मूल रूप से एक थिएटर समूह में काम कर रहे हैं। पहले अंक के अंत में जो हत्या हुई थी, वह वास्तविक थी, और सभी पात्रों से यह पता लगाने के लिए पूछताछ की जाती है कि कामिनी ने पहली पंक्ति में बैठे दर्शक सदस्य शेखर खोसला को क्यों मारा। कामिनी के साथ उसके प्रेमी जगन्नाथ पाठक और उसके भाई सुंदर देसाई ने दुव्यवहार किया था।

### कामिनी ने लोगों को आतंकित करने गढ़ी थी काल्पनिक कहानी



हमें पता चलता है कि कामिनी ने अपने आस-पास के सभी लोगों को आतंकित करने के लिए शेखर खोसला नामक एक व्यक्ति की काल्पनिक कहानी गढ़ी थी, ताकि वह कुछ नियंत्रण और अधिकार प्राप्त कर सके। यह वास्तव में नम्र और भोला दिखने वाला नाटककार केशव ठाकर था जो शेखर खोसला की कहानियों के साथ कामिनी को बहका रहा था। एक कॉमेडी के रूप में शुरू हुआ यह नाटक एक थ्रिलर में बदल गया, अंततः एक त्रासदी के रूप में समाप्त होता है।




# कल्पना और रचनात्मकता से गूंथी हुई परिकल्पना 'ग्लिच इन स्पेस-टाइम'

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

◆ *क्लब लिटराटी की अरेरा क्लब में 'ग्लिच इन स्पेस-टाइम' पर चर्चा*

कविता सिर्फ अभिव्यक्ति नहीं बल्कि आत्मिक उपचार का माध्यम भी है। यह जीवन की आपाधापी और एक चिकित्सक के रूप में अनुभवों से निकलने का जरिया है। और कविताओं का मिला-जुला रूप 'ग्लिच इन स्पेस-टाइम' मेरे व्यक्तिगत अनुभवों से उपजी भावनाएं, जिन्हें कल्पना और रचनात्मकता से गूंथा गया है। यह कहना है 'ग्लिच इन स्पेस-टाइम' की लेखिका डॉ. वीणा सिन्हा का। जिनकी पुस्तक पर चर्चा का क्लब लिटराटी द्वारा गुरुवार को अरेरा क्लब में किया गया।

लेखिका ने यह पुस्तक क्लब की अध्यक्ष सीमा रायजादा और उनके पति अजीत रायजादा को समर्पित की है, जिन्होंने साहित्य के क्षेत्र में अथक योगदान दिया है। इस परिचर्चा का संचालन प्रो. असमा रिजवान ने किया।

### ठहराव, आत्ममंथन के साथ अनदेखी भावनाओं तक पहुंचाती है कविता

लेखिका का मानना है कि आज की तेज रफ्तार दुनिया में कविता बेहद महत्वपूर्ण है यह जीवन में ठहराव, आत्ममंथन और उन भावनाओं तक पहुंचने का साधन है, जिन्हें हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं। उभरते कवियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा अपनी आवाज को साझा करने में कभी हिचकिचाएं नहीं। आपकी हर कविता मानव अनुभव की कहानी का एक हिस्सा है।

### प्रेरणा, प्रक्रिया और भावनाओं को किया साझा

चर्चा में लेखिका ने अपनी कविताओं के पीछे छिपी प्रेरणा, प्रक्रिया और भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि लेखन की यह यात्रा मेरे व्यक्तिगत जीवन, व्यक्तिगत अनुभवों के साथ विकसित होती गई। वहीं कविताएं कल्पना पर आधारित हैं या वास्तविकता से प्रेरित प्रश्न पर उन्होंने कहा कि ग्लिच इन स्पेस-टाइम दोनों का सुंदर मिश्रण है। व्यक्तिगत अनुभवों से उपजी भावनाएं, जिन्हें कल्पना और रचनात्मकता से गूंथा गया है। इस अवसर पर उन्होंने दर्शक दीर्घा में बैठे आमजनों के सवालों के जवाब भी दिए।

*ऐसे प्रयास संस्कृति व रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं: शिवराज*

# केंद्रीय मंत्री चौहान ने रेखांकन ललित कला समिति के वार्षिक कैलेंडर और पत्रिका का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

### कार्यक्रम में मौजूद रहीं जानी-मानी हस्तियां



रेखांकन ललित कला समिति द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर और पत्रिका का विमोचन केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा किया गया। चौहान ने संस्था द्वारा ललित कला के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास भारतीय संस्कृति और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं। रेखांकन ललित कला समिति वर्षों से भारतीय ललित कला के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसी अवसर पर अभिनेत्री एवं भरतनाट्यम नृत्यांगना तनिष्का हतवलने, वरिष्ठ भरतनाट्यम गुरू डॉ. मंजू मणि हतवलने, फिल्म निर्देशक सुदीप सोहनी एवं प्रतिभालय आर्ट्स अकादमी के निदेशक विशाल हतवलने भी उपस्थित रहे।

# भारत भवन में सदानीरा समागम आज से, मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

## भारत भवन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल



भारत भवन में कार्यक्रम सदानीरा समागम के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल 20 जून की शाम 6 बजे भारत भवन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सदानीरा समागम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी करेंगे। 25 जून तक चलने वाले समागम का आरंभ ऋषिकेश पांडे द्वारा निर्देशित लघु फिल्म 'सदानीरा' के लोकार्पण से होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वीर भारत न्यास, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् तथा मध्यप्रदेश जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा प्रकाशित पुस्तकों सदानीरा, पृथ्वी पानी का देश है..., अमृत जलधारा (चार खंड) व 'जल धरा' का विमोचन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी ने बताया कि 'सदानीरा समागम' देश में ऐसा अकेला समारोह है जो नदियों, जलस्रोतों, जल संरचनाओं को संवर्धित एवं संरक्षित करने के लिए विविध गतिविधियों से भरा है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब साहित्य, कला व विज्ञान सहित अनेक माध्यमों के लगभग 200 से अधिक वैज्ञानिक, पुरातत्वविद, साहित्यकार, लेखक, पत्रकार, सिने अभिनेता व नाट्य कलाकार सहभागी बनेंगे। न्यासी सचिव ने बताया कि सदानीरा समागम केवल एक उत्सव नहीं, अपितु हमारी नदियों, जलसंस्कृति और जीवनदायिनी जलधाराओं के प्रति कृतज्ञता और जागरूकता का एक समवेत प्रयास है। आयोजन नदियों को मात्र भौतिक जलस्रोत नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर, आध्यात्मिक आधार और लोकचेतना के रूप में प्रस्तुत करने का सशक्त संदेश देगा।

# 'डिस्कवरी ऑफ अर्ली मैन फ्रॉम नर्मदा वैली' नामक पुस्तक का लोकार्पण कल

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मानव संग्रहालय द्वारा शनिवार को 12 बजे संग्रहालय के पुस्तकालय हॉल में एक विशेष बुक रिलीज का आयोजन किया जाएगा। इस गरिमामयी अवसर पर, संग्रहालय स्वर्गीय डॉ. अरुण सोनकिया द्वारा लिखित महत्वपूर्ण पुस्तक डिस्कवरी ऑफ अर्ली मैन फ्रॉम नर्मदा वैली का लोकार्पण मुख्य अतिथि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, भोपाल मंडल के अधीक्षण पुरातात्वविद् डॉ. मनोज कुमार कुर्मी द्वारा किया जाएगा। डॉ. सोनकिया ने इस विशेष कार्य को पूरा करने के लिए महती प्रयास किए। किन्तु उनके असामयिक निधन हो जाने के कारण उनकी इस अधूरी पांडुलिपि को उनकी पुत्री श्वेता सोनकिया ने पुरातत्व एवं मानव विज्ञान के विशेषज्ञों के सहयोग से पूर्ण कर एक गहन व्यक्तिगत और विद्वत्तापूर्ण श्रद्धांजलि स्वरूप प्रकाशित किया है। यह न केवल एक शोध प्रबंध है, बल्कि पिता-पुत्री के भावनात्मक जुड़ाव और उनके साझा स्वप्न की पूर्णता का प्रतीक भी है।

### विश्व संगीत दिवस पर होंगी संगीत सभाएं, व्याख्यान एवं डेमोन्स्ट्रेशन

# फ्रांस के डेविड वाल्टर्स के म्यूजिक और रीता देव का होगा शास्त्रीय गायन



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

*भोपाल सहित विभाग के सभी संगीत एवं ललित कला महाविद्यालयों में संगीत सभाओं, वर्कशॉप एवं डेमोन्स्ट्रेशन आयोजित किए जाएंगे*

### जनजातीय संग्रहालय में कल होगा संगीत संध्या का आयोजन

**आलियांज फ्रांसिस के सहयोग से शाम 7 बजे से होगा कार्यक्रम**

भारतीय संगीत की विविधता, उसकी सार्वभौमिक भाषा, जीवन में उसके महत्व और सुदीर्घ परम्पराओं को उत्सवी स्वरूप में मनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा विश्व संगीत दिवस के अवसर पर भोपाल सहित विभाग के सभी संगीत एवं ललित कला महाविद्यालयों में संगीत सभाओं, वर्कशॉप एवं डेमोन्स्ट्रेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 21 जून को आयोजित होगा।

संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि 21 जून को मप्र जनजातीय संग्रहालय में संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन आलियांज फ्रांसिस, भोपाल के सहयोग से सायं 7 बजे से प्रारंभ होगा। इस संगीत संध्या में सर्वप्रथम श्रोता इण्डो-फ्रेंच म्यूजिक का रसास्वादन कर सकेंगे। जिसे विश्वविख्यात गायक डेविड वाल्टर्स, फ्रांस प्रस्तुत करेंगे। इसके बाद नई दिल्ली की सुविख्यात गायिका रीता देव का शास्त्रीय गायन होगा।



# तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का अनावरण, 17 साल बाद बदला ट्रॉफी का नाम

## ट्रॉफी में सचिन का कवर ड्राइव और एंडरसन की सिग्नेचर बॉलिंग एक्शन की छवि अंकित

एजेंसी ▶▶| लंदन

सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने गुरुवार को नई 'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' का अनावरण किया। भारत और इंग्लैंड के बीच द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में जीतने वाली टीम को यह ट्रॉफी दी जाएगी।

इससे पहले इस ट्रॉफी को पटौदी ट्रॉफी के नाम से जाना जाता था। पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत 2007 में हुई थी। पटौदी सीनियर इंग्लैंड और भारत के लिए क्रिकेट खेले थे। वहीं टाइगर पटौदी ने भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी की थी। ट्रॉफी में तेंदुलकर के प्रतिष्ठित कवर ड्राइव और एंडरसन के सिग्नेचर बॉलिंग एक्शन की छवि के साथ-साथ दोनों महान क्रिकेटरों के साइन हैं।

दोनों क्रिकेट बोर्डों के एक संयुक्त बयान में कहा गया है, एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के बीच एक संयुक्त पहल है, जो अब इंग्लैंड और भारत के बीच होने वाली सभी भविष्य की टेस्ट सीरीज का प्रतिनिधित्व करेगी।



## विजेता कप्तान को मिलेगा पटौदी पदक

पटौदी परिवार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से जुड़ा रहेगा। 2025 के संस्करण से शुरू होने वाले प्रत्येक इंग्लैंड-भारत टेस्ट सीरीज के विजेता कप्तान को एक नया पटौदी पदक दिया जाएगा। 2007 से शुरू हुई पटौदी ट्राफी में भारत ने इंग्लैंड को 1-0 से हराया था। इसके बाद 2011, 2014 और 2018 में खेली गई सीरीज पर इंग्लैंड ने कब्जा जमाया था। 2021 में खेली गई सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही। सीरीज का 1 मैच कोरोना के कारण बाद में खेला गया था, जिसमें इंग्लैंड की जीत हुई थी।

## पटौदी की विरासत जीवित रखने का पूरा प्रयास करूंगा : सचिन

*नई दिल्ली। भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने गुरुवार को कहा कि उन्हें जैसे ही पता चला कि भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला के लिए ट्रॉफी का नाम बदला जा रहा है, उन्होंने दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के परिवार से संपर्क किया और उन्हें आश्वस्त किया कि इस श्रृंखला से पूर्व कप्तान का जुड़ाव खत्म नहीं होगा। पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर और इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम पर एंडरसन - तेंदुलकर ट्रॉफी रखा गया है। यह फैसला इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई ने मिलकर लिया है। तेंदुलकर ने कहा, 'मुझे पता है कि बीसीसीआई ने कुछ महीना पहले पटौदी ट्रॉफी को रिटायर किया है। लेकिन जब मुझे पता चला कि इसका नाम मेरे और एंडरसन के नाम पर रखा जा रहा है तो मैने सबसे पहले पटौदी परिवार को फोन किया। टाइगर पटौदी ने कई पीढ़ियों को प्रेरित करने में बड़ी भूमिका निभाई है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।' पटौदी परिवार श्रृंखला से जुड़ा रहेगा क्योंकि अब विजयी कप्तान को नया 'पटौदी उत्कृष्टता पदक ' देने का फैसला किया गया है।*

## बतौर कप्तान गिल के लिए आसान नहीं होगा



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड में टेस्ट टीम की कमान संभालना आसान नहीं होगा और उसे सफलता के लिए संयम से काम लेना होगा। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, 'मुझे लगता है कि उसे समय देना होगा। यह आसान नहीं होगा। उसे कठिन काम सौंपा गया है। उसे इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम की कप्तानी करनी है।'गिल ने अभी तक 32 टेस्ट खेलकर 35.05 की औसत से 1893 रन बनाए हैं।

## नायर के साथ लंबे समय तक खेलने की उम्मीद

**लीड्स।** सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में करुण नायर की भारतीय टेस्ट टीम में वापसी से काफी उत्साहित हैं और उनको उम्मीद है कि वह अपने इस करीबी दोस्त के साथ लंबे समय तक देश की तरफ से खेलेंगे। नायर और राहुल, दोनों 33 साल के हैं और बचपन से ही एक साथ आयु वर्ग की क्रिकेट खेलते आए हैं और दोनों करीबी दोस्त हैं। राहुल जहां भारतीय टीम का अभिन्न अंग रहे हैं वही नायर को टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने के बावजूद आठ साल तक टीम से बाहर रखा गया।



### अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया भारत

# शुभ मन से नए युग का आगाज आज भारत-इंग्लैंड के बीच होगी टेस्ट जंग

एजेंसी ▶▶| लीड्स

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नए चेहरे अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। भारत शुक्रवार से यहां एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है।



**प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 3.30 बजे से**

### पिच बल्लेबाजों की मददगार

भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।

### भारतीय आक्रमण मजबूत

टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है।

### इंग्लैंड के गेंदबाज कमजोर

कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारतः** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड (अंतिम एकादश):** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

### पेरिस डायमंड लीग

## सत्र के पहले बड़े खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे नीरज

एजेंसी ▶▶| पेरिस

नब्बे मीटर की बाधा पार कर चुके दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होगी। वह शुक्रवार को यहां सितारों से भरी पेरिस डायमंड लीग में भारत की चुनौती पेश करेंगे। डायमंड लीग के दूसरे चरण में भालाफेंक स्पर्धा में चोपड़ा के साथ जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी आठ दावेदारों में होंगे। इनमें से पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं।

■ सत्र के पहले बड़े खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे नीरज

वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया।



चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्ष के वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने 86.12 मीटर और चोपड़ा ने 84.14 मीटर का थ्रो फेंका था। पीटर्स दोनों में तीसरे स्थान पर रहे थे। पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल ओलंपिक पर फोकस करने के लिए पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने रजत पदक जीता था।

### अन्य प्रतिद्वंद्वी भी 90 मीटर पार

चोपड़ा और वेबर के अलावा पीटर्स भी 2022 में 90 मीटर की बाधा पार कर चुके हैं। कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो और त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता केशोर्न वालकॉट भी 90 मीटर क्लब में शामिल हैं जिन्होंने 2015 में यह कारनामा किया था। इनके अलावा पेरिस डायमंड लीग में ब्राजील के लुईज मौरिशियो डा सिल्वा, मोलडोवा के एड्रियन मारडारे और फ्रांस के रेमी रूजेटे भी भाग लेंगे। पेरिस डायमंड लीग के बाद चोपड़ा 24 जून से चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में भाग लेंगे। इसके बाद पांच जुलाई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक खेलेंगे।

### खबर संक्षेप

## राष्ट्रीय टीम में खेलने को प्राथमिकता दें खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण के नए आदेश के अनुसार विभिन्न योजनाओं के जरिए वित्तीय मदद हासिल करने वाले देश के टेनिस खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में खेलने को प्राथमिकता देनी चाहिए। बिना किसी 'वैध स्पष्टीकरण' के खेलने से इनकार करने पर उनसे धनराशि वसूल की जाएगी। खिलाड़ियों को प्राप्त धनराशि के लिए जवाबदेह बनाते हुए साइ ने अपने आदेश में 'टारगेट एशियन गेम्स ग्रुप' के अंतर्गत मदद के लिए चुने गए खिलाड़ियों को लिखित में देने को कहा है जिसमें वे स्वीकार करें कि वित्तीय सहायता प्राप्त करना देश के खेल उत्कृष्टता में योगदान देने की जिम्मेदारी है।

## विश्व कप की मेजबानी के लिए हुआ समझौता

**चेन्नई।** हॉकी इंडिया ने इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप की सह मेजबानी के लिए गुरुवार को तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। टूर्नामेंट की घोषणा कार्यक्रम के दौरान यहां आधिकारिक 'लोगो' का भी अनावरण किया गया। इस चरण में पहली बार दुनिया भर से 24 टीमें भाग लेंगी जिससे यह अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धी चरण होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है जिससे भविष्य के स्टार निकलते हैं।

## सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर पेगुला को हराया

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

लियुडमिला सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में तीन घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए।



इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को तीन सेटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालीफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था। सबालेंका ने पहला सेट 6-2 से जीता था जिसके बाद खेल रोक दिया गया। इससे पहले ओन्स जाबेउर ने दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-1, 6-3 से हराया था। पाओलिनी पिछले साल विंबलडन में उपविजेता रही थीं। जाबेउर 2022 और 2023 में विंबलडन फाइनलिस्ट हैं।

## अल हिलाल ने रियल मैड्रिड को बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

स्टार फारवर्ड किलियन एमबाप्पे बीमार होने के कारण नहीं खेल पाए। इससे रियल मैड्रिड क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाया। उसे सऊदी अरब के क्लब अल हिलाल के खिलाफ अपना पहला मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। रियल मैड्रिड के कोच ज़ाबी अलोंसो ने हार्ड रॉक स्टेडियम में अल हिलाल के खिलाफ़ मैच से पहले कहा, 'एमबाप्पे को बुखार है। वह अच्छा महसूस नहीं कर रहा है। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेगा।'

रियल मैड्रिड के पास मैच के आखिरी समय में जीत हासिल करने का सुनहरा मौका था जब उसे वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए इंजरी टाइम में पेनल्टी किक मिली थी लेकिन फेडरिको वाल्वरडे उसे गोल में नहीं बदल पाए। इस तरह से 15 बार के यूरोपीय चैंपियन के कोच के रूप में अपने पहले मैच में अलोंसो जीत से शुरुआत नहीं कर पाए। इससे पहले गोंजालो गार्सिया ने 34वें मिनट में रियल मैड्रिड के लिए गोल किया। इसके सात मिनट बाद रूबेन नेवेस ने पेनल्टी किक पर अल हिलाल के लिए बराबरी का गोल किया।



### युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से रौंदा

प्रतियोगिता के वाशिंगटन में खेले गए एक अन्य मैच में रैंडल कोलो मुआनी और फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के दो-दो गोल की मदद से युवेंटस ने अल ऐन को 5-0 से हराया। इटली के क्लब युवेंटस के लिए कोलो मुआनी ने 11वें मिनट में पहला गोल किया। इसके 10 मिनट बाद कोन्सीसाओ ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर गेंद को ड्रिबल किया और स्कोर 2-0 कर दिया। केनान यिल्डिज़ ने 31वें मिनट में गोल किया तथा कोलो मुआनी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में अपना दूसरा गोल करके युवेंटस को हाफ टाइम तक 4-0 से आगे कर दिया। कोन्सीसाओ ने 58वें मिनट में अपना दूसरा और टीम की तरफ से पांचवा गोल किया।

## ब्रिसबेन हीट ने जेमिमा रोड्रिग्स को 'रिटेन' किया

**मेलबर्न।** महिला बिग बैश लीग ड्राफ्ट के दौरान आठ फ्रेंचाइजी ने कुल 23 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है जिसमें ब्रिसबेन हीट ने भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स को 'रिटेन' किया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने विज्ञप्ति में कहा कि मध्यक्रम की बल्लेबाज रोड्रिग्स ब्रिसबेन में प्रशंसकों की पसंदीदा हैं जिससे ब्रिसबेन हीट फ्रेंचाइजी ने उन्हें वेस्टइंडीज की चिनेल हेनरी और दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क के साथ 'रिटेन' किया है। भारत की कुल 15 महिला खिलाड़ियों ने डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट के 10वें सत्र से पहले खुद को पंजीकृत किया था।



### सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 5-1 से हराया

# एशिया कप के पांच फाइनल मैच में पहुंचे भारतीय तीरंदाज

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में पांच स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा।

विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाया। रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में वैष्णवी पवार और विष्णु चौधरी ने सिंगापुर की तबीथा एर्न लिन येओ और यू लोंग ली को 5-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। शानमुखी और कुशाल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय मिश्रित जोड़ी ने भी इंडोनेशिया की नूरिसा डियान अशरीफा और प्राइमा विष्णु वर्धना को एक रोमांचक सेमीफाइनल में 155-154 से हराकर एक और पदक पक्का कर लिया।



### चार व्यक्तिगत पदकों की दौड़ में भारतीय

भारतीय तीरंदाज चार व्यक्तिगत पदकों की दौड़ में भी शामिल हैं। महिलाओं का कंपाउंड फाइनल भारत की दो खिलाड़ियों शानमुखी और तेजल के बीच खेला जाएगा। इस तरह से इस मुकाबले में भारत का स्वर्ण पदक जीतना तय है। पुरुषों के कंपाउंड वर्ग में भारत स्वर्ण और कांस्य पदक दोनों के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा। कुशाल का सामना स्वर्ण पदक के लिए आस्ट्रेलिया के जोशुआ महोन से जबकि सचिन चेची का सामना कांस्य पदक के लिए बांग्लादेश के हिमू बछार से होगा।

## जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे 640 मुक्केबाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देशभर से 640 मुक्केबाज गुरुवार से रोहतक में शुरू हो रही छठी जूनियर (अंडर-17) लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भाग लेंगे। जूनियर लड़के और लड़कियों की प्रतियोगिताओं में 44-46 किलोग्राम से लेकर 80 किलोग्राम से अधिक तक कुल 13 वजन वर्ग होंगे।

सेना खेल नियंत्रण बोर्ड लड़कों के वर्ग में, जबकि हरियाणा लड़कियों के वर्ग में गत विजेता के रूप में उतरेगा। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप युवा मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और कोचों के सामने अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। यह महासंघ को भविष्य की प्रतिभा की पहचान करने और उनको तैयार करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।' इस टूर्नामेंट के विजेता अक्टूबर में होने वाले एशियाई युवा खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।






### नेशनल हेराल्ड की संपत्ति चोरी और खयानत मामले में आरोपी 25 हजार की जमानत पर रिहा

## फरार आरोपी नरेन्द्र कुमार मित्तल का न्यायालय में आत्मसमर्पण

**पुलिस ने मामले में खात्मा पेशकर दिया था**

**खात्मा रिपोर्ट को जिला न्यायालय में चुनौती**

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

नेशनल हेराल्ड की संपत्ति चोरी और खयानत मामले के फरार आरोपी नेशनल हेराल्ड प्रकाशन की कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड के पॉवर ऑफ अटॉर्नी होल्डर नरेंद्र कुमार मित्तल ने गुरुवार को जिला न्यायालय में उपस्थित होकर समर्पण कर दिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी हर्षा परमारने आरोपी के द्वारा प्रस्तुत किए गए जमानत के आवेदन को सुनवाई करने के बाद स्वीकार करते हुए उसे 25000 रूपए की जमानत पर रिहा करने के आदेश पारित किए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2008 में नेशनल हेराल्ड प्रकाशन के कर्मचारी रहे मो. सईद और संजय चतुर्वेदी ने एमपी नगर थाना में नरेंद्र कुमार मित्तल तथा हरमहेन्द्र सिंह बग्गा के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कराया था। पुलिस ने मामले में खात्मा पेशकर दिया था। फरियादी मोहम्मद सईद ने पुलिस की



खात्मा रिपोर्ट को जिला न्यायालय में चुनौती दी थी। वर्ष 2014 में न्यायालय के आदेश पर एक बार फिर मामला दर्ज किया गया था। न्यायालय ने आरोपियों के खिलाफ चोरी के बजाय अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। हरमहेंद्र सिंह बग्गा जमानत के लिए हाईकोर्ट तक गये थे, इस बीच जिला न्यायालय से मामले की फाइल पुलिस डायरी सहित लापता हो गई थी। धारा बदलने तथा फाइल गायब होने का लाभ हरमहेन्द्र सिंह बग्गा को मिल गया और उसे हाईकोर्ट ने प्रकरण से अलग कर दिया।

### गिरफ्तारी वारंट जारी किया था

दूसरे आरोपी नरेंद्र कुमार मित्तल की जमानत हरमहेन्द्र सिंह बग्गा के भाई राजेश बग्गा ने ली थी जिसे बाद में न्यायालय ने निरस्त करके फिर आरोपी मित्तल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। विगत 16 मई को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी भोपाल हर्षा परमार ने प्रधान आरक्षक मुकेश के बयान दर्ज कर आरोपी नरेंद्र कुमार मित्तल को स्थायी फरार घोषित कर मित्तल के खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी के साथ थाना प्रभारी को हर माह रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गये थे। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने आरोपी की संपत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई भी किए जाने के निर्देश पुलिस को दिए थे। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के आदेश पर पुलिस मित्तल की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। पुलिस ने दो दिन पहले ही पेश रिपोर्ट में मित्तल के न मिलने की जानकारी दी थी। नरेंद्र कुमार मित्तल ने जिला न्यायालय द्वारा स्थायी फरार घोषित किए जाने के 43 वें दिन गुरूवार को जिला न्यायालय में उपस्थित होकर समर्पण कर दिया। नरेंद्र कुमार मित्तल को नेशनल हेराल्ड प्रकाशन की कंपनी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड ने भोपाल की जमीन पॉवर ऑफ अटॉर्नी पर दी थी, जिसे मित्तल ने अवैध रूप से बेच दिया था। अवैध बिक्री के खिलाफ बीडीए ने जमीन का आवंटन निरस्त कर दिया। जमीन पर कब्जा पाने के लिए बीडीए जिला न्यायालय में केस लड़ रहा है।

### राहुल गांधी का जन्मदिन, तोहफा मिला मित्तल को

ममाले के फरियादी मोहम्मद सईद तथा संजय चतुर्वेदी ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया जा रहा है और आज ही के दिन नेशनल हेराल्ड केस के फरार आरोपी नरेंद्र कुमार मित्तल को जमानत का तोहफा। मिल गया। उन्होंने कहा कि जो मामला नेशनल हेराल्ड को लडना चाहिए था वह कर्मचारी लड़ रहे थे लेकिन कांग्रेस के किसी नेता का सहयोग नहीं मिला।

## बाल आयोग के निरीक्षण में बिना मान्यता संचालित होता मिला स्कूल

**भोपाल।** राजधानी के फंदा क्षेत्र स्थित माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में गुरूवार को मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। आयोग के दो सदस्यीय दल में सदस्य डॉ. निशा सक्सेना और सदस्य अनुराग पाण्डेय शामिल थे। जांच के दौरान स्कूल के दस्तावेजों सहित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। सदस्य अनुराग पाण्डेय ने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूल की मान्यता नहीं पाई गई। स्कूल प्रबंधन ने मान्यता नवीनीकरण नहीं कराया है। इसके अलावा स्कूल में अग्निशमन यत्र भी एक्सपायर पाए गए। स्कूल के दो डाइस कोड मिले। स्कूल के बच्चों से बातचीत के दौरान सामने आया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा निर्धारत बुक स्टोर से पुस्तके लेने की बात कही जाती है।

### आपातकाल @›50 विषय पर संगोष्ठी का एलएनसीटी में आयोजन

## विद्यार्थियों ने जाना लोकतंत्र पर सबसे बड़े प्रहार का इतिहास




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभाविप के इंडिजीनियस आयाम द्वारा एलएनसीटी महाविद्यालय, भोपाल में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर एक संगोष्ठी इमरजेंसी <\@>50 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत के संवैधानिक इतिहास की उस घटनाओं की गूंज सुनाई दी, जिसने देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को चुनौती दी थी। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक अशोक पांडेय, अभाविप के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, इंडिजीनियस के राष्ट्रीय संयोजक आदित्य शर्मा तथा एलएनसीटी ग्रुप के सचिव अनुपम चौकसे उपस्थित रहे।

## आज से जब्त किए जाएंगे सड़क किनारे खड़े कंडम वाहन

**भोपाल।** ट्रैफिक जाम को लेकर परेशान अफसरों ने इसके सुधार के लिए काम शुरू कर दिया है। जिसके तहत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने एडीएम अंकुर मेश्राम के नेतृत्व में एक जिला स्तरीय अतिक्रमण विरोधी समिति का गठन किया गया है।जिसमें यातायात पुलिस, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है।टीम शुक्रवार से टीटीनगर स्थित दहशरा मैदान के आसपास खड़े कंडम वाहनों को जब्त करने का काम शुरू करेगी। इसके बाद सप्ताह में दो दिन टीम सड़क पर यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमण सहित अन्य बिंदुओं पर काम करेगी।

**SCHOOL OF HOMOEOPATHY**

**Sri Satya Sai University of Technology and Medical Science, Sehore**

**Requirement**

School of Homoeopathy imparting Homoeopathy education since 2016 in UG as well as PG Courses. Institute requires faculty for following positions.

| Post | UG/PG | Speciality |
|---|---|---|
| Associate Professor | UG | 01 - Practice of Medicine<br>01 - Repertory<br>01 - Homoeopathy Materia Medica<br>01 - OBS / Gynec<br>01 - Anatomy |
| Associate Professor | UG | 01 - Homoeopathy Materia Medica |
| Professor | PG | 01 - Homoeopathy Materia Medica<br>01 - Research Methodology and Biostatistics |
| Associate Professor | PG | 01 - Research Methodology and Biostatistics |

Interested & Eligible candidates may send their application on mail id : info@sssutms.co.in / before 5th July 2025,
Salary as per NCH / UGC norms

**Contact : 8770112248, 8962786784**

- Principal

## लुटेरों की गिरफ्तारी पर व्यापारी संघ ने पुलिस का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

घोड़ानिकास मोबाइल एसोसिएशन के व्यापारियों ने पुलिस की तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया। पिछल्ले दिनों मनीष ट्रेडर्स के व्यापारी राजेश अठवानी पर जानलेवा हमला कर लुटेरे बैग और नकदी लेकर फरार हो गए थे। शाहजहांबाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए मात्र 72 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस सराहनीय कार्य पर प्रतिक्रिया स्वरूप मोबाइल एसोसिएशन के व्यापारियों ने पुलिस का शाल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार जताया। इस अवसर पर घोड़ानिकास व्यापारी संघ के सदस्य भी मौजूद थे। संघ के अध्यक्ष देव तिवारी ने कहा, जब पुलिस अच्छा काम करती है, तो उन्हें प्रोत्साहित करना हमारा सामाजिक कर्तव्य बनता है। यह आयोजन उसी भावना का प्रतीक है।

## मेंटल हेल्थ एवं वेलनेस सेमिनार आयोजित




**भोपाल।** लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन स्थित मुख्यालय में तृतीय तल स्थित सभागृह में 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के उपलक्ष्य में एक दिवसीय मेंटल हेल्थ वेलनेस सेमीनार का आयोजन प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय संस्थान के सानिध्य एवं मुख्य अभियंता लोनिवि संजय मस्के की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया। शिविर में भोपाल स्थित मण्डलों एवं संभागों से समस्त अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, अनुविभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस सेमीनार का लाभ उठाया।

## आज के दौर में जनसंपर्क अफसरों का कार्य 24 घंटे का: वाधवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में गुरवार को मप्र जनसंपर्क विभाग के नए सहायक जनसंपर्क अधिकारियों के लिए पांच दिनी प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू हुई। शुभारंभ विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक गुरमीत सिंह वाधवा, उप संचालक अवनीश सोमकुंवर, ऋषभ जैन ने किया।

वाधवा ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों को रुटीन खबरों के अलावा यूनिक एवं हटके खबरें देने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीआरओ को सफल होना है तो मीडिया के साथ समन्वय बहुत जरूरी है। वाधवा ने कहा,



सोशल मीडिया से पहले जनसंपर्क विभाग का काम सुबह 10 से शाम 6 तक का था, लेकिन आज के दौर में यह काम 24 घंटे का हो गया है। अंतिम सत्र में विषय विशेषज्ञ मनोज श्रीवास्तव ने कृषि विकास योजनाएं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं, कुलगुरु तिवारी ने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों में जन शब्द लगा है, इसीलिए उन्हें जन का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीआरओ को लिखते समय अपने भीतर के पत्रकार को मरने नहीं देना चाहिए, उसे हमेशा जगाए रखना चाहिए।

# स्थानीय खेल समाचार

### विशेष सशस्त्र बल (विसबल) दक्षिणी जोन क्रीड़ा प्रतियोगिता-2025 का समापन

## खेल केवल हार-जीत के लिए नहीं खेले जाते, इनसे जीवन के अनुभव भी प्राप्त होते हैं : एडीजी शेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिम्नेजियम हॉल, लाल परेड ग्राउण्ड, टीटी नगर स्टेडियम, प्रकाश तरूण पुस्कर, भदभदा रोड, छोटा तालाब, जलक्रीडा केन्द्र एवं पुलिस लाईन नेहरू नगर भोपाल में 7वीं वाहिनी विसबल द्वारा 16 जून से आयोजित चार दिवसीय विशेष सशस्त्र बल (विसबल) दक्षिणी क्षेत्र अन्तर वाहिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता-2025 का गुरूवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में पेंचक सिलाट, कुश्ती फ्री स्टाइल, कुश्ती ग्रीकोरोमन, वु-





शु, एथेलेटिक्स, हेमर थ्रो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबाल, बॉस्केटबाल, हेण्डबाल, खो-खो, सेपक टेकरा, जूडो, कराते, ताईक्वांडो, योगा, टेबिल टेनिस फुटबॉल, वॉलीबाल, बॉस्केटबॉल, हेण्डबॉल, खो-खो, वेटलिफ्टिंग, पॉवरलिफ्टिंग, बैडमिन्टन, जिम्नास्टिक (पुरूष/महिला), बॉक्सिंग, तीरंदाजी, तलवारबाजी, तैराकी, साइक्लिंग, वाटर स्पोर्टस , एथलेटिक्स और क्रिकेट के मुकाबलों में कुल 339 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विजेताओं को 64 स्वर्ण, 64 रजत एवं 77 कांस्य पदक से अलंकृत किया गया। मुख्य अतिथि एडीजी शेखर ने कहा कि खेल सिर्फ हार जीत के लिए नहीं खेले जाते, अपितु इनसे हमें जीवन के बहुमूल्य अनुभव भी प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मध्यप्रदेश पुलिस के खिलाड़ियों द्वारा विभिन्न ऑल इण्डिया पुलिस प्रतियोगिताओं में व्यक्तिगत टीम इवेन्टस में 11 राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते हैं। मप्र पुलिस की हॉकी टीम विशेष रूप से गर्व का विषय है।

### प्रथम जीएस मेमोरियल अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट

## मयंक ने अंकुर क्रिकेट अकादमी को 16 रन से हराकर किया फाइनल में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अभय गोस्वामी क्रिकेट अकादमी द्वारा भेल स्थित जवाहर लाल नेहरू स्कूल के मैदान पर आयोजित प्रथम स्वर्गीय जी एस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट मे गुरुवार को हुए दूसरे सेमीफाइनल मैच में अंकुर क्रिकेट अकादमी और मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की टीमें भिड़ीं। मयंक अकादमी ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.1 ओवर मे 184 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इसके आर्यवीर ने 31 और अनय व नैतिक ने 29-29 रन बनाए। अंकुर के गेंदबाज रबजीत ने



3, जबकि जय, रूद्र और अथर्व ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में अंकुर की टीम ने 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 168 रन ही बना पाई और यह मैच 16 रन से हार गई। वहीं जीत के साथ मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने टूर्नामेंट के फ़ाइनल मे प्रवेश कर लिया। अनय जैन को मेन ऑफ़ द मैच चुना गया। अब फाइनल अरेरा और मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी के बीच शुक्रवार को खेला जाएगा।

### आज से शिर्डी में होगा प्रतियोगिता का आयोजन

## राष्ट्रीय थ्रोबॉल सब जूनियर के लिए मप्र की टीम घोषित, रोहित होंगे कप्तान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराष्ट्र थ्रोबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में 20 से 23 जून तक शिर्डी (महाराष्ट्र) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय सब-जूनियर बुलक-बालिका मप्र का बालकों की टीम की घोषणा म.प्र. एसोसिएशन के सचिव अविनाश बुरकुरे ने की।

टीम के कवतान रोहित इंग्ले होंगे, वहीं, टीम के अन्य सदस्यों में अकाश तायड़े, सौरभ राजपूत, अभिलाष, राजित मीणा, करन मालवीय, वंश कचनारिया, अनिकेत पटेल, रतन बंसल,कुनाल, प्रवीण, नितिन



वर्मा, विष्णु, हेम बांगर, चित्राक्ष कपूर, सावन मालवीया, संयोग स्वोम हैं। इनके प्रशिक्षक चन्द्रकान्त हरडे और प्रबंधक मयंक सिंह होंगे। टीम कल शिर्डी के लिए प्रस्थान करेगी। इससे पहले गुरुवार को टीम ने खेल मंत्री विश्वास सारंग से मुलाकात की। मंत्री सारंग ने उन्हें जीत के लिए शुभकामनाएं दीं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930